RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 306 ■ मुंबई, बुधवार 28 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



लगातार मौतें न्याय मांगती हैं, चुप्पी नहीं

पेज-4




लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल से बदलेगी तस्वीर

पेज-6



कैसा हो आपका ब्रेकफास्ट और जानें तीन सेहतमंद ब्रेकफास्ट विकल्प

पेज-8



IPL 2025 में दूसरे नंबर पर पंजाब

पेज-9

# सब कुछ कैमरे के सामने किया ताकि कोई सबूत न मांगे : मोदी

## पाकिस्तान ने आतंकियों के जनाजे में अपने झंडे लहराए

**महानगर नेटवर्क**

**अहमदाबाद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे।'

ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद PoK में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।'

PM मोदी 2 दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

### हम कोरोना से लड़े, पड़ोसियों से भी लड़े

1. 'आतंकवादियों ने जब PoK पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता, लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई, लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था।'
2. '2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंच गए।'
3. जब हम इकोनॉमी में छठे से पांचवें नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था, क्योंकि हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है।
4. पीएम ने कहा कि 2035 में जब गुजरात 75 साल का होगा, तो बहुत आगे बढ़ चुका होगा। जब गुजरात महाराष्ट्र से अलग हुआ तो चर्चा होती थी कि अलग होकर गुजरात क्या करेगा।



# 21 हाई कोर्ट के जजों के ट्रांसफर की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 21 हाई कोर्ट के जजों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। साथ ही, कुछ जजों को उनके मूल हाई कोर्ट में वापस भेजने की भी सिफारिश की गई है। कॉलेजियम का यह फैसला न्यायपालिका में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इससे जजों के कामकाज पर असर पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को हुई बैठक में देशभर के हाई कोर्ट में व्यापक फेरबदल करते हुए 21 जजों के तबादले और प्रत्यावर्तन की सिफारिश की है। यह कदम उच्च न्यायपालिका में प्रशासनिक दक्षता और संस्थागत संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। कॉलेजियम की इस बैठक की अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने की। इन ट्रांफसरों को केंद्र सरकार की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद अमल में लाया जाएगा।

# 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी

## निजी कंपनियां करेंगी मदद, रडार नही पकड़ सकेंगे

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**




भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयरक्राफ्ट को बनाने के लिए सरकारी के साथ निजी कंपनियों को भी बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) जल्द ही इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EoI) जारी करेगा।

एयरक्राफ्ट बनाने में निजी कंपनियों को मौका देने की घोषणा से डिफेंस और इससे जुड़े सेक्टर्स की कंपनियों के शेयर्स में करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स भी 52 सप्ताह के नए हाई 8,674.05 पर पहुंच गया।

भारत अपनी वायु शक्ति क्षमता को बढ़ाने के लिए उन्नत 'स्टील्थ' विमानों पर जोर दे रहा है। ये ऐसे विमान हैं, जिनकी हवाई क्षेत्र में मौजूदगी का पता लगाना मुश्किल होता है। साथ ही, ये दुश्मन के क्षेत्र में भीतर तक जाकर लक्ष्य को भेद सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ऐसे ही मध्यम वजन के लड़ाकू जेट विकसित करने की एएमसीए परियोजना पर काम कर रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। बयान में कहा गया, 'भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।' वैमानिक विकास एजेंसी (ADA) उद्योग की साझेदारी के माध्यम से इस कार्यक्रम को लागू करेगा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह मॉडल निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धी आधार पर समान अवसर मुहैया करता है। वे स्वतंत्र रूप से या संयुक्त उद्यम या संघ के रूप में बोली लगा सकते हैं। यह यूनिट देश के कानूनों और नियमों का पालन करने वाली भारतीय कंपनी होनी चाहिए।'

## Short News एक नजर

### टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर

**नई दिल्ली।** टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2025 का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दी है। इनकम टैक्स विभाग ने मंगलवार 27 मई को इसकी जानकारी दी। ITR फाइलिंग की प्रोसेस जून के पहले हफ्ते से शुरू हो सकती है। आमतौर पर ये 1 अप्रैल से शुरू हो जाती है, लेकिन इस साल इसमें देरी हो रही है। पिछले साल भी ये अप्रैल में शुरू हुई थी। देरी की वजह ITR फॉर्म के लिए जरूरी ऑनलाइन टूल्स उपलब्ध नहीं होना है।

### राशन कार्ड होल्डर्स 30 जून से पहले करवा लें e-KYC

**नई दिल्ली।** राशन कार्ड का इस्तेमाल कर रहे लोगों के लिए सरकार ने 30 जून तक e-KYC (ई-नो योर कस्टमर) कराना अनिवार्य कर दिया है। अगर आप भी राशन कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो इस आखिरी तारीख तक अपना e-KYC करवा लें। आपने लास्ट डेट तक ऐसा नहीं किया, तो आपका राशन कार्ड कैंसिल हो सकता है। साथ ही आपको सस्ता या मुफ्त राशन मिलना बंद हो जाएगा। पहले सरकार ने e-KYC की लास्ट डेट 31 मार्च 2025 रखी थी, लेकिन कई लोगों को टेक्निकल दिक्कतों और जानकारी की कमी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से सरकार ने लास्ट डेट को बढ़ाकर 30 जून 2025 कर दिया।

### ठाणे में 14.18 लाख रुपए के गांजे के साथ चार गिरफ्तार

**मुंबई।** ठाणे जिले में 14.18 लाख रुपए के गांजे के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सूचना के आधार पर काशीमीरा पुलिस थाने की एक टीम ने 24 मई को आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम ने इनके पास से 70.919 किलोग्राम गांजा और एक टेम्पो बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक अख्तर रफीक शेख आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी और संगठित अपराध समेत सात मामले दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जून में तेज बारिश का अनुमान

## IMD ने बदला अपना अनुमान, सितंबर तक का अपडेट जारी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने जून से सितंबर तक के लिए अपने दीर्घकालिक मॉनसून पूर्वानुमान में संशोधन किया है। अब अनुमान लगाया गया है कि इस अवधि के दौरान देश में औसत से 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जिसमें प्लस-माइनस 4 प्रतिशत का उतार-चढ़ाव संभव है। यह पूर्वानुमान पहले के 105 प्रतिशत के अनुमान से एक प्रतिशत अधिक है।

आईएमडी के इस संशोधित अनुमान के अनुसार, इस वर्ष मॉनसून 'सामान्य से अधिक' की श्रेणी में रहेगा। यह श्रेणी तब लागू होती है जब बारिश दीर्घकालिक औसत से 104 प्रतिशत से अधिक होती है। सीधे शब्दों में कहें तो इस बार मॉनसून के दौरान पहले के पूर्वानुमान से ज्यादा बारिश होने की संभावना है।


मौसम विभाग के अनुसार, जून माह की शुरुआत एक मजबूत मॉनसून सर्ज के साथ होने जा रही है। इस दौरान देश में औसत से 108 प्रतिशत से अधिक बारिश होने की संभावना जताई गई है। यह प्रारंभिक वर्षा कृषि कार्यों के लिए शुभ संकेत मानी जा रही है। मौसम विभाग ने बताया कि जून के महीने में देश के ज्यादातर हिस्सों में जोरदार बारिश का अनुमान है।

# 'वह छात्रा कोई क्रिमिनल नहीं'

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को लगाई कड़ी फटकार

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर पर कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक इंजीनियरिंग की छात्रा को अरेस्ट किया गया है। छात्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि छात्रा को रिहा किया जाना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि वह पहले ही कॉलेज से निकाले जाने के नतीजे भुगत चुकी है।

जस्टिस गौरी गोडसे और जस्टिस सोमशेखर सुंदरेशन की बेंच छात्रा की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उसने अपने निष्कासन को चुनौती दी थी। जस्टिस गोडसे ने कॉलेज की तरफ से मौजूद वकील से मौखिक तौर पर कहा, 'यह क्या है? आप एक छात्रा का जीवन बर्बाद कर रहे हैं? यह किस तरह का आचरण है? कोई कुछ ऐसा व्यक्त करता है कि आप छात्रा का जीवन बर्बाद करना चाहते हैं? आप उसे कैसे निष्कासित कर सकते हैं। क्या आपने स्पष्टीकरण मांगा है? एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट का उद्देश्य क्या है। आपको एक छात्र को सुधारने की जरूरत है या उसे क्रिमिनल बनाने की? हम समझते हैं कि आप कुछ कार्रवाई करना चाहते हैं लेकिन आप उसे पेपर देने से नहीं रोक सकते। उसे बाकी तीन पेपरों में बैठने दें।'

### छात्रा ने माफी मांगी – जस्टिस गोडसे

जस्टिस सुंदरेशन ने कहा, 'कौन सा राष्ट्रीय हित? वह पहले ही नतीजे भुगत चुकी है। जस्टिस गोडसे ने कहा, 'उसने माफी मांगी है और अपना इरादा साफ किया है। आपको उसे सुधारने की जरूरत है, न कि उसे अपराधी बनाने की। राज्य क्या चाहता है? वह नहीं चाहता कि छात्र अपनी राय व्यक्त करें? आप छात्रों को अपराधी बनाना चाहते हैं।' जस्टिस सुंदरेशन ने कहा, 'इससे लोग केवल कट्टरपंथी बनेंगे, इसके अलावा कुछ नहीं।'

दरअसल इस छात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक पोस्ट की थी जिसमें ऑपरेशन की आलोचना की गई थी। इसी पोस्ट को राष्ट्रहित के विपरीत बताकर कार्रवाई की गई थी।

# भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बढ़ा तनाव

## बीएसएफ ने चेतावनी के तौर पर चलाईं गोलियां

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे सीमावर्ती इलाकों में आतंकवाद के खिलाफ जारी ऑपरेशन के बीच मंगलवार को बांग्लादेशी सीमा पर भी तनाव बढ़ गया। भारत-बांग्लादेश सीमा के पास मनकाचर सेक्टर में मंगलवार सुबह उस समय तनाव फैल गया, जब सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने अवैध रूप से भारतीय सीमा में घुस आए 14 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस धकेलने की कोशिश की।



यह घटना अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ठाकुरबारी इलाके में हुई है जब बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) ने 14 बांग्लादेशी नागरिकों को सौंपने की प्रक्रिया का विरोध किया। सीमा के दूसरी तरफ जमा भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बीएसएफ को हवा में गोलियां भी चलानी पड़ीं।

# राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कारों का वितरण

## लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स वितरित किये। इनमें लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ भी मौजूद थे।

इससे पहले 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इनमें 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए।

सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था। इनमें शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 13 हस्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए गए।

19 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है। 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया गया। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 23 महिलाएं हैं। इनमें 10 विदेशी/NRI/PIO/OCI कैटेगरी के लोग भी हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ के न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। रिटायर जस्टिस खेहर भारत के सबसे प्रतिष्ठित न्यायविदों में से एक हैं।

# परिवार के 7 लोगों ने किया सुसाइड

## सुसाइड नोट में लिखा- बैंकरप्ट हुए

**महानगर नेटवर्क**

**चंडीगढ़**



हरियाणा के पंचकूला में सोमवार देर रात कर्ज से परेशान परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। सभी लोग घर के बाहर खड़ी गाड़ी में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति जिंदा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

परिवार पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में किराए के मकान में रह रहा था। मरने वालों का नाम प्रवीण मित्तल, पत्नी रीना, मां विमला, पिता देशराज, जुड़वां बेटी हिमशिखा, दलिशा (11) और बेटा हार्दिक (14) है। प्रवीण मित्तल ने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार शुरू किया था। वहां उसे घाटा हो गया। सभी सोमवार को बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री की कथा में गए थे। वहां से लौटते हुए इन्होंने ये कदम उठाया। गाड़ी से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें लिखा है, 'मैं बैंकरप्ट हो चुका हूं।' सुसाइड नोट में जिन लोगों का जिक्र है, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# ज्योति मल्होत्रा ने ISI एजेंटों से की थी बात

## सबूतों का पहाड़ खंगाल रही पुलिस

**हिसार।** हरियाणा की 33 वर्षीय यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ जासूसी के आरोपों में जांच तेज हो गई है। हिसार पुलिस ने ज्योति के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से 12 टेराबाइट (TB) डेटा बरामद किया है, जिसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़े चार एजेंटों के साथ उनकी बातचीत के सबूत शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ज्योति मल्होत्रा को पूरी जानकारी थी कि वह जिन पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क में थीं, वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते हैं। इसके बावजूद, वह उनसे लगातार संपर्क में रहीं और उन्हें किसी प्रकार का डर नहीं था।



### चार पाकिस्तानी एजेंटों से सीधा संपर्क

पुलिस जांच में सामने आया है कि ज्योति की चार पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से एक-एक करके बातचीत हुई थी। इनमें एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश, अली हसन, शाकिर और राणा शहबाज जैसे नाम शामिल हैं। दानिश से उसकी मुलाकात दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में हुई थी। अब जांच एजेंसियां इन एजेंटों की पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों में भूमिका और रैंक की पुष्टि कर रही हैं।

### 12 टेराबाइट डेटा की रिकवरी

पुलिस ने ज्योति के तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इन उपकरणों से बरामद 12 टेराबाइट डेटा में व्हाट्सएप, स्नैपचैट और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स पर की गई बातचीत शामिल है। जांच में पता चला है कि ज्योति ने इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करके कोडवर्ड्स में संदेश भेजे, ताकि उनकी गतिविधियां भारतीय अधिकारियों से छिपी रहें।

# भारतीयों के लिए खतरे की घंटी!

## ट्रंप सरकार की छात्रों को चेतावनी, बीच में छोड़ी पढ़ाई तो रद्द होगा वीजा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



अमेरिका की ट्रंप सरकार ने भारतीय और अन्य विदेशी छात्रों को एक सख्त चेतावनी जारी की है, इस चेतावनी में कहा गया है कि अगर छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं या फिर बिना जानकारी दिए स्टडी प्रोग्राम से हटते हैं, तो उनका वीजा रद्द किया जा सकता है। अमेरिकी दूतावास भारत (@USAndIndia on X) ने मंगलवार सुबह एक एक्स पोस्ट के जरिए विदेशी छात्रों के लिए चेतावनी जारी की। मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में US Consulates ने इस पोस्ट को री-पोस्ट किया। भारत में अमेरिकी दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि अगर आप स्कूल को सूचना दिए बिना पढ़ाई छोड़ देते हैं, क्लास छोड़ देते हैं या अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं, तो आपका स्टूडेंट वीजा रद्द किया जा सकता है।

# बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर SC का कड़ा रुख

## पूछा- दो पक्षों की लड़ाई में राज्य क्यों कूदा, ये कानून का ब्रेक डाउन जैसा

**महानगर नेटवर्क**

**मथुरा**



बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख दिखाया। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- दो निजी पक्षों की लड़ाई में राज्य क्यों कूदा? ये कानून का ब्रेक डाउन जैसा लगता है। कोर्ट कॉरिडोर के निर्माण और इसमें मंदिर फंड के इस्तेमाल के आदेश से जुड़े मामले में मंदिर सेवायत की याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया। अब अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मंदिर कॉरिडोर को लेकर 26 मई के अध्यादेश की कॉपी और प्रोजेक्ट की रूपरेखा का हलफनामा मांगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता मंदिर सेवायत ने कहा- कॉरिडोर को लेकर फैसला देते समय सुप्रीम कोर्ट ने उनका पक्ष नहीं सुना। कोर्ट ने राज्य सरकार को नए अध्यादेश के मुताबिक काम करने की इजाजत दे दी है।

### यूपी सरकार ने कहा- हम फंड का इस्तेमाल नहीं करेंगे

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- अध्यादेश में ट्रस्ट को कॉरिडोर निर्माण का जिम्मा सौंप दिया गया है। राज्य सरकार खुद फंड का इस्तेमाल नहीं करेगी। कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि भी देवता के नाम पर ही होगी। सरकार का उस पर न कोई नियंत्रण होगा न भूमिका। मंदिर के प्रबंधन का पूरा जिम्मा भी ट्रस्ट को सौंपा गया है।

# रेडियो क्लब जेट्टी योजना पर रोक से अदालत का इंकार

## शहर में कुछ अच्छा हो रहा है, इसे रोकना ठीक नहीं

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को गेटवे ऑफ इंडिया के नजदीक बनाई जा रही यात्री जेट्टी और टर्मिनल सुविधाओं की परियोजना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि इस परियोजना को रोकना उचित नहीं होगा, क्योंकि शहर में कुछ अच्छा हो रहा है। इसके पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने 7 मई को परियोजना पर रोक लगाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि 229 करोड़ रुपए की यह परियोजना जनहित में है।




### सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस स्थिति का समर्थन किया

सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस स्थिति का समर्थन किया है तथा परियोजना पर काम को हरी झंडी दे दी है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कोस्टल रोड का जिक्र करते हुए कहा कि जो यात्रा पहले तीन घंटे में पूरी होती थी, वह अब मात्र 40 मिनट में पूरी हो जाती है, जो ऐसी परियोजनाओं से लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हर कोई अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र चाहता है, लेकिन अपने घरों के पास नहीं। परियोजना के विरोध में स्थानीय लोगों ने अदालत में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि गेटवे ऑफ इंडिया के नजदीक रेडियो क्लब से तकरीबन 500 मीटर के अंतर पर यह परियोजना बनाई जा रही है।

### लोगों को विश्वास में नहीं लिया गया

इसके लिए कोई पूर्व सूचना, सार्वजनिक परामर्श तथा स्थानीय लोगों को विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने संभावना जताई थी कि इस परियोजना से कोलाबा क्षेत्र के दो लाख निवासी प्रभावित हो सकते हैं। सरकारी अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना से गेटवे ऑफ इंडिया पर बोट यातायात में कमी आएगी। नई जेट्टी से भीड़ प्रबंधन आसान हो जाएगा तथा पुरानी, जीर्ण-शीर्ण सुविधाओं का आधुनिकीकरण हो जाएगा। यह नया टर्मिनल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 20 जून को बॉम्बे हाईकोर्ट में होगी।



# कोरोना मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

महाराष्ट्र में एक बार फिर कोरोना के नए मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र में मंगलवार (27 मई) को एक दिन में 66 नए लोगों में कोरोना संक्रमण पाया गया है। अकेले मुंबई में 31 कोविड केस सामने आए हैं। नए मामले सामने आने के बाद महाराष्ट्र में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 325 हो गई है। सबसे ज्यादा मामले राजधानी मुंबई में सामने आ रहे हैं।

# ड्रग्स बनाने वाली गैंग का पर्दाफाश

## फार्म हाउस को ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री में बदल दिया

**मुंबई।** मुंबई की RCF पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है,जिसने फार्म हाउस को ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री में बदल दिया था। इस गैंग ने फार्म हाउस मालिक से बकरियां और मुर्गे पालने के नाम पर फार्म हाउस का 2 कमरा एक लाख रुपए (50 हजार प्रति कमरा) प्रति माह की दर से किराए पर लिया था जहां बाकायदा MD ड्रग्स बनाने का पूरा सेटअप किया गया था।

मुंबई पुलिस के ईस्ट रीजन के एडिशनल कमिश्नर महेश पाटिल ने बताया कि इसी साल के मार्च महीने में RCF पुलिस ने 45 ग्राम MD जब्त कर एक मामला दर्ज कर एक शख्स को गिरफ्तार किया था, मामले की जांच आगे बढ़ी तो पुलिस 4 और ड्रग्स पेडलर्स को मुंबई और नवी मुंबई से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 6 किलो 689 ग्राम MD ड्रग्स बरामद किया गया,जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 13 करोड़ 37 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है।



महेश पाटिल ने आगे बताया कि जब जांच आगे बढ़ी तो हमें पता चला कि आरोपी रायगढ़ जिले के कर्जत में एक फार्म हाउस में ड्रग्स की फैक्ट्री चला रहे हैं। इसके बाद DCP नवनाथ ढवले ने सीनियर इंस्पेक्टर महादेव कुम्भार,PI समशेर तड़वी, API मैत्रानंद खंदारे और PSI सुशांत सालवी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई और फिर टीम ने कर्जत के किकवी इलाके में स्थित सावली फार्म हाउस में जहां आरोपियों में MD ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री बनाई थी,वहां छापेमारी की.

एडिशनल कमिश्नर ने आगे बताया कि फैक्ट्री से एक शख्स को गिरफ्तार किया गया और छापेमारी के दौरान वहां से ड्रग्स बनाने के मटेरियल के साथ साथ 5 किलो 525 ग्राम MD ड्रग्स बरामद किया।

### एक सप्ताह में 25 किलोग्राम ड्रग्स बनाते थे

पाटिल में आगे बताया कि आरोपियों ने फार्म हाउस बकरी पालन करने के नाम पर लिया था और बकरी के शौच की स्मेल से MD की फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल की बदबू कुछ हद तक दब जाती है, जिससे लोगों को यह नहीं पता चल पाता कि यहां MD बनाने की फैक्ट्री है। सूत्रों ने आगे बताया कि आरोपी पिछले 3 महीने से इस फार्म हाऊस में ड्रग्स बना रहे थे आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे एक सप्ताह में 25 किलोग्राम ड्रग्स बनाते थे, इस हिसाब से 3 महीने में उन्होंने 300 किलोग्राम के करीब ड्रग्स बनाया होगा जिसकी कीमत करीब 600 करोड़ रुपये है। पुलिस मामले में जांच कर रही की इतनी भारी मात्रा में ड्रग्स कहां कहां गया होगा और इस गैंग में कितने लोग हैं, इसके अलावा पुलिस इस ड्रग्स के माध्यम से कमाए गए पैसों का मनी ट्रेल भी खंगाल रही है।

## ठाणे महापालिका में बंपर प्रमोशन

# कर्मचारियों में खुशी की लहर



**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका ने वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों को प्रमोशन देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जैसे ही पदोन्नति के आदेश जारी किए गए, महापालिका परिसर में उत्सवाचे वातावरण निर्माण हो गया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर महापालिका आयुक्त सौरभ राव ने प्रक्रिया का विशेष रूप से आढावा लिया और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए थे।

### प्रमोशन से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा

प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के तहत 46 कर्मचारियों को वरिष्ठ लिपिक, 19 को अग्निशमन प्रणेता (लिडिंग फायरमन) और 2 कर्मचारियों को सहायक अग्निशमन केंद्र अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह प्रक्रिया लंबे समय से शासन निर्णय और न्यायालयीन आदेशों के कारण अटकी हुई थी। रिक्त पदों के चलते कार्य में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए उपमुख्यमंत्री ने तात्कालिक निर्णय की आवश्यकता जताई थी। इस प्रमोशन से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और कार्यकुशलता में भी इजाफा होने की उम्मीद है। जल्द ही पदोन्नत कर्मचारियों की पदस्थापना भी की जाएगी। प्रशासन ने संकेत दिया है कि शेष रिक्त पदों पर भी जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

## किसानों को मिले प्रति एकड़ 20 हजार की सहायता

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल की मांग

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

राज्य के किसान पहले से ही संकट से जूझ रहे थे, अब जोरदार बारिश ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। इस बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है और कटाई के लिए तैयार फसल बह गई है। एक ओर प्रकृति क्रोधित है, तो दूसरी ओर राज्य की फडणवीस सरकार किसानों और जनता के खिलाफ नजर आ रही है। संकट में फंसे किसानों को मदद की सख्त जरूरत है। सरकार को पंचनामा जैसी औपचारिकताओं में न उलझते हुए पीड़ित किसानों को प्रति एकड़ 20 हजार रुपए की तत्काल सहायता देनी चाहिए। यह मांग महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने की



है। गांधी भवन में मीडिया से बात करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सपकाल ने कहा कि जब-जब किसान संकट में आया है, तब-तब कांग्रेस की सरकार ने बिना किसी हिचक के उसे मदद दी है। चाहे फसल पर रोग हो, लाल्या का हमला हो, ओलावृष्टि हो या अतिवृष्टि, हर आपदा में कांग्रेस ने किसानों को प्राथमिकता दी है। लेकिन मौजूदा सरकार सिर्फ पंचनामे करवाने और खोखले आश्वासन देने में ही व्यस्त है। खरीफ की शुरुआत में ही जब किसान संकट में है, तब सरकार को तत्काल मदद पहुंचानी चाहिए। अब तक कर्जमाफी की घोषणा नहीं हुई है, कम से कम कर्ज पुनर्गठन की प्रक्रिया तो शुरू होनी चाहिए।

### जलजमाव ने शिंदे गुट के भ्रष्टाचार की सुनामी सामने ला दी

इसके अलावा खरीफ सीजन के लिए किसानों को मुफ्त बीज और खाद भी दिए जाने चाहिए। भारी बारिश ने भाजपा-शिंदे-एनसीपी गठबंधन सरकार के तमाम दावों की पोल खोल दी है। नहरें टूट गईं, जिससे राष्ट्रवादी कांग्रेस के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ, और मुंबई में जलजमाव ने शिंदे गुट के भ्रष्टाचार की सुनामी सामने ला दी। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद मुंबई में जगह-जगह पानी भर गया और पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई। एमएमआरडीए की रिपोर्ट के अनुसार भूमिगत मेट्रो मुंबई में संभव नहीं थी, फिर भी कुछ लोगों के हठ के कारण यह परियोजना चलाई गई,जिसके दुष्परिणाम अब सामने आ रहे हैं।

## मुंब्रा की पुरानी इमारत में प्लास्टर गिरा

# 70 वर्षीय महिला घायल

**महानगर संवाददाता**
ठाणे

मुंब्रा क्षेत्र के कौसा इलाके में स्थित रोज़ गार्डन इमारत में मंगलवार दोपहर एक हादसा हुआ, जिसमें प्लास्टर का हिस्सा गिरने से एक बुजुर्ग महिला को मामूली चोटें आईं। यह घटना दोपहर करीब 12:03 बजे सामने आई जब आपदा प्रबंधन कक्ष को वसीम सैय्यद नामक व्यक्ति ने सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोज़ गार्डन की 'ए' विंग (तल + चार मंजिला, लगभग 20 से 25 वर्ष पुरानी इमारत) के पहले माले पर स्थित रूम नंबर 101 (स्वामीः फरीद शेख, किरायेदारः सैय्यद शबनम) के छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। हादसे में 70 वर्षीय शमीम बानो को दाहिने हाथ और घुटने पर हल्की चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर आपदा प्रबंधन विभाग के उप-आयुक्त, मुंब्रा प्रभाग के सहायक आयुक्त, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता, फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम, पुलिस अधिकारी, अतिक्रमण विभाग और संबंधित कर्मचारी तुरंत पहुंचे। घटनास्थल से अन्य खतरनाक हिस्सों को हटाने का कार्य अतिक्रमण विभाग की टीम द्वारा किया जा रहा है। बताया गया है कि उक्त इमारत सी2बी श्रेणी में आती है, जिसका अर्थ है कि बिना खाली कराए संरचनात्मक मरम्मत की जा सकती है। मामले की जानकारी संबंधित विभागों को दे दी गई है और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। आपदा प्रबंधन कक्ष ने संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा है।


**कार्यालय अस्पताल अधीक्षक**
डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर
डी. के. एस. भवन रायपुर (छ. ग.)
Email-dkspgi@gmail.com Ph-07714061619

**/ / सूचना / /**

दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र, रायपुर (छ.ग.) में सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट एवं जुनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यूह अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 30/05/2025 दिन शुक्रवार को 12:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है-

| क्र. | पदनाम | योग्यता | विभाग | कुल रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | NMC के मापदण्डों के अनुसार | यूरो सर्जरी विभाग | 1 |
| 1 | सीनियर रेसीडेंट | NMC के मापदण्डों के अनुसार | बर्न एण्ड प्लास्टिक सर्जरी विभाग, गैस्ट्रो सर्जरी विभाग, एनेस्थिसिया विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, पिडियाट्रिक सर्जरी विभाग, | 8 |
| 2 | जुनियर रेसीडेंट | NMC के मापदण्डों के अनुसार | क्रिटिकल केयर, गैस्ट्रो सर्जरी विभाग, नेफोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, NMC के मापदण्डों के अनुसार बर्न एण्ड प्लास्टिक सर्जरी विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, कैज्युअल्टी विभाग | 19 |
| | | | कुल पद | 28 |

**नोट :-** 1. संविदा भर्ती में शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा ।
2. पद रिक्त होने की स्थिति में रिक्त पदों की संविदा भर्ती प्रतिमाह के प्रथम शुक्रवार को वॉक-इन-इन्टरव्यूह के माध्यम से लिया जावेगा। यदि उस दिनांक को शासकीय अवकाश होने पर उसी पद का अगले दिन वॉक-इन-इन्टरव्यूह लिया जावेगा ।
3.विस्तृत जानकारी डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर के वेब साइड www.dkspgi.in पर उपलब्ध हैं।

अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज
डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेंटर, रायपुर (छ.ग.)

G- 252601113/3



**कार्यालय कलेक्टर, जिला - नारायणपुर (छत्तीसगढ़)**
**(आदिवासी विकास शाखा)**
दूरभाष (कार्यालय) 07781-252881, (फैक्स) 299047
Email-collector.assttw.narayanpur@gmail.com
**/ / निजी चिकित्सक पद हेतु विज्ञापन //**

क्रमांक/1479/आ0वि0/आ.छा./2025-26 नारायणपुर, दिनांक 23/05/2025

छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर के स्वीकृति आदेश क्रमांक / एफ-15-4/2007/25-2 आजाक / 6464 रायपुर दिनांक 16.08.2007 के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति " स्वस्थ तन स्वस्थ मन" (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना वर्ष 2007 अंतर्गत परीक्षण स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर किये जाने हेतु निजी चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस. / बी. ए. एम. एस.) से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन दिनांक 13.06.2025 तक सायं 5:00 बजे कार्यालयीन कार्य दिवस तक आमंत्रित किया जाता है।
1. प्रत्येक संस्था हेतु चिकित्सकों का अनुबंध शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 ( माह अप्रैल 2026 तक) के लिये होगा ।
2. चिकित्सक को माह में कम से कम बार अनुबंधित संस्था के छात्र / छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना होगा तथा स्वास्थ्य संबंधी सलाह एवं सुझाव दिया जाना है।
3. अनुबंधित चिकित्सक को 50 सीटर छात्रावास / आश्रम के छात्र / छात्राओं के चिकित्सक परीक्षण हेतु रुपये 750 / प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर हेतु 1200/- प्रति भ्रमण मानदेय दिया जायेगा ।
4. चिकित्सक को प्रत्येक छात्रावास / आश्रम का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज किया जाना होगा तथा सभी छात्राओं का हेल्थ कार्ड भी तैयार किया जाना होगा, प्रत्येक भ्रमण के अंतराल
न्यूनतम 15 दिन
का अंतर होना अनिवार्य होगा, विशेष परिस्थिति में विभाग अथवा छात्रावास / आश्रम के द्वारा चिकित्सकों को उपरोक्त अवधि के पूर्व भी स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बुलाया जा सकता है।
5. अनुबंधित चिकित्सक यथा संभव अवकाश के दिन छात्रावास / आश्रमों में भम्रण हेतु कार्यक्रम बनायेगें जिससे विद्यार्थियों के पढ़ाई में किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न न हो।
6. चिकित्सक एक या एक से अधिक संस्थाओं लिए अनुबंधित किये जा सकेगें ।
7. छात्र / छात्राओं की दवा एवं ईलाज पर व्यय शासन द्वारा वहन किया जावेगा ।
8. स्वस्थ तन स्वस्थ मन हेतु आवेदन करने वाले चिकित्सक किसी शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था में संविदा/नियमित रूप से कार्यरत नहीं होना चाहिए तत्संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
अनुबंध की नियम / शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
आदिवासी विकास नारायणपुर

**G-252601182/6**


# भिवंडी एसटी बस स्थानक के पुनर्निर्माण को हरी झंडी

**भिवंडी।** भिवंडी शहरवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़े एसटी बस स्थानक के पुनर्निर्माण की दिशा में अब ठोस कदम उठाया गया है। विधायक महेश चौघुले के निरंतर प्रयासों के चलते महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (MSRTC) ने भिवंडी बस स्थानक को नए रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह विकास सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत किया जाएगा।विधायक चौघुले के अनुसार अगले एक महीने में पूरी योजना को अंतिम रूप देकर विकास कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस बस स्थानक के पुनर्निर्माण के लिए कुल 10,860 वर्ग मीटर क्षेत्र और 29,205 वर्ग मीटर क्षेत्र डेवेलपर के उपयोग हेतु चिन्हित किया गया है। इस स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे प्रतीक्षालय, जलपानगृह, शौचालय, बस टर्मिनल आदि का निर्माण किया जाएगा। बस स्थानक प्रबंधक इमरान पटेल, भाजपा शहर अध्यक्ष रवि सांवत, मंडल अध्यक्ष गजाञ असावरे सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस योजना का निरीक्षण किया गया। विधायक चौघुले ने भरोसा जताया कि योजना के पूर्ण होते ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और परिवहन व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी।

# वाढवण बंदर जैसे परियोजना के निर्माण से मिलेगा रोजगार : नितेश राणे

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

राज्य के मत्स्य और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कहा कि प्रदेश में वाढवण जैसे बड़े बंदरगाह जैसे बड़े प्रकल्प के निर्माण बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। इसका सबसे अधिक लाभ राज्य के तटीय जिलों को मिलेगा। इस प्रकल्प में कुशल कामगारों की आवश्यकता को देखते हुए मत्स्य व्यवसाय और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम तुरंत तैयार किया जाए। मंगलवार को मंत्रालय में वाढवण बंदरगाह से जुड़ी रोजगार



संभावनाओं और आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंत्री राणे ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय कौशल विकास महामंडल (NSDC) के सलाहकार डॉ. ज्ञानेश्वर मुले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

### लाभ राज्य के युवाओं को मिलना चाहिए

मंत्री राणे ने कहा कि पालघर, रायगढ, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जैसे बंदरगाह क्षेत्र वाले जिलों में जल्द ही जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों में वाढवण बंदरगाह पर उपलब्ध रोजगार अवसरों और आवश्यक प्रशिक्षण की जानकारी दी जाए।
उन्होंने NSDC को निर्देश दिया कि वाढवण बंदरगाह से संबंधित रोजगार अवसरों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र तैयार किया जाए। राज्य में पहले से मौजूद कौशल विकास केंद्रों की इमारतों का उपयोग इस प्रशिक्षण के लिए किया जा सकता है, जिससे स्थान की समस्या हल हो सके और प्रशिक्षण जल्द शुरू किया जा सके। बंदरगाह विभाग इस पहल में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। मंत्री राणे ने कहा कि वाढवण बंदरगाह से भारी मात्रा में रोजगार सृजन होगा और इसका लाभ राज्य के युवाओं को मिलना चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना तत्काल बनाई जाए।

# छत्रपति संभाजी महाराज राज्य प्रेरणागीत पुरस्कार का वितरण

**मुंबई।** राज्य सरकार द्वारा पहली बार घोषित 'छत्रपति संभाजी महाराज राज्य प्रेरणागीत पुरस्कार' का वितरण मंगलवार को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास वर्षा बंगले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर द्वारा रचित गीत 'अनादि मी... अनंत मी...' के लिए स्वातंत्र्यवीर सावरकर प्रतिष्ठान को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांस्कृतिक कार्य व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ॲड. आशिष शेलार, पणन व शिष्टाचार मंत्री जयकुमार रावल, सांस्कृतिक कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, संचालक विभीषण चवरे और प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि रणजित सावरकर, अशीलता राजे, स्वप्निल सावरकर, मंजिरी मराठे, अविनाश धर्माधिकारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर गृह मंत्री शाह और मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के निर्माण के लिए 2 लाख का चेक प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों को सौंपा ।मंत्री आशिष शेलार ने कहा, छत्रपती संभाजी महाराज का जीवन जीने और मरने दोनों की प्रेरणा देता है। उनकी विलक्षण बुद्धिमत्ता के साथ उन्होंने साहित्य भी रचा ग्रंथ लिखे, कविताएं रचीं।

# माजीवाड़ा मेट्रो स्टेशन पर निर्माण कार्य के चलते चार रातों तक बदले रहेंगे ठाणे के यातायात मार्ग

**ठाणे।** माजीवाड़ा मेट्रो स्टेशन पर छत निर्माण कार्य के चलते 28 मई से 31 मई तक चार रातों के लिए ठाणे शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात परिवर्तित रहेगा। यह कार्य रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक किया जाएगा, जिसके दौरान 60 टन की भारी क्रेन की मदद से स्टेशन की छत पर कॉलम,जैक बीम और राफ्टर्स खड़े किए जाएंगे। इस निर्माण कार्य के लिए क्रेन को मुंबई-नासिक-घोड़बंदर मार्ग पर जुपिटर ब्रिज के मुख्य चैनल पर खड़ा किया जाएगा। इसके चलते मुंबई से माजीवाड़ा फ्लाईओवर के रास्ते घोड़बंदर, आचा, भिवंडी या नासिक जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से प्रतिबंधित



रहेगी। मुंबई से आने वाले वाहनों को विवियाना मॉल के सामने स्थित डिवाइडर के पास रोका जाएगा। वैकल्पिक रूप से, वाहन जुपिटर हॉस्पिटल के सामने स्लिप रोड से होते हुए कपूरबावड़ी सर्किल या गोल्डन कॉज के रास्ते अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। यह अधिसूचना पुलिस उपायुक्त, यातायात विभाग, ठाणे शहर, पंकज शिरसाट द्वारा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 115 व 116 के तहत जारी की गई है। यह यातायात प्रतिबंध पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, ग्रीन कॉरिडोर, ऑक्सीजन वाहन और अन्य आवश्यक सेवा वाहनों पर लागू नहीं होगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि इस अवधि में यात्रा की योजना सावधानीपूर्वक बनाएं और संकेतित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि यातायात सुचारू एवं सुरक्षित बना रहे।

# नाबालिग लड़की का अपहरण

**भिवंडी।** भिवंडी शहर से एक 17 वर्षीय मासूम बच्ची के लापता होने का मामला सामने आया है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बच्ची की तलाश में जुटे परिजनों को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपहृत लडकी के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय लड़की 19 मई दोपहर साढ़े 12 बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने बच्ची की तलाश रिश्तेदारों, आसपास के लोगों और विभिन्न स्थानों पर की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।परिजनों को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची को फुसलाकर अगवा कर लिया है। इस संदर्भ में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा136 (2) के तहत अपराध क्रमांक 538/2025 दर्ज कर लिया है।

# पश्चिम रेलवे के 10 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में 10 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, जिनके योगदान से सुरक्षित ट्रेन परिचालन संभव हुआ। इन कर्मचारियों को अप्रैल 2025 माह के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता और अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनके



योगदान से सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित हो सका। इन 10 कर्मचारियों में से मुंबई सेंट्रल, अहमदाबाद, भावनगर और रतलाम मंडल प्रत्येक से दो कर्मचारी, जबकि वडोदरा एवं राजकोट मंडल प्रत्येक से एक कर्मचारी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महाप्रबंधक मिश्र ने पुरस्कार पाने वाले कर्मचारियों की सतर्कता की सराहना की और कहा कि वे सभी के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रेल और ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, ब्रेक बाइंडिंग या ट्रेन में लटकती वस्तुओं का पता लगाना, अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाना, जनरेटर कार में पाए गए धुएं को बुझाना आदि में योगदान देकर ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने में बहुत उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई।

# माल परिवहन के क्षेत्र में रेलवे के एक नए युग की हुई शुरुआत

**मुंबई।** 9,000 हॉर्सपावर क्षमता वाले 1,200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मालवाहक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड को इससे बढ़ावा मिलेगा।

नई दिल्लीः भारतीय रेल ने मालवाहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 मई को गुजरात के दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोको निर्माण केंद्र का लोकार्पण किया जाना इस परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा कदम जो तेज गति, माल वाहन में वृद्धि और सतत विकास को गति देने की प्रतिबद्धता से परिपूर्ण होगा। इस अत्याधुनिक सुविधा में 9,000 हॉर्सपावर क्षमता वाले 1,200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मालवाहक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। इससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड को बढ़ावा मिलेगा।

ये इंजन 4,500 से 5,000 टन तक के भारी माल को तीव्र चढ़ाई पर भी आसानी से ले जाने में सक्षम हैं। जिससे भारी मालवाहन परिवहन में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित ये इंजन अत्याधुनिक IGBT-आधारित प्रणोदन तकनीक से सुसज्जित हैं, जो ऊर्जा दक्षता और संचालन प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। ये विशेषताएं भारतीय रेल को आधुनिक, विश्वसनीय और पर्यावरण अनुकूल मालवाहक लॉजिस्टिक्स के अग्रणी पथ पर ले जाती हैं। 9000 हॉर्सपावर की यह लोकोमोटिव भारतीय रेल द्वारा विकसित सबसे शक्तिशाली एकल-इकाई इलेक्ट्रिक इंजन है। अब तक मालवाहक इंजन आमतौर पर 4500 या 6000 हॉर्सपावर की क्षमता वाले चलते थे। जबकि 12,000 हॉर्सपावर के इंजन भी हैं, वे दो 6000 हॉर्सपावर इकाइयों को जोड़कर बनाए जाते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर ने माताओं-बहनों को किया गौरवान्वित: अमित शाह

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जो किया उसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारी माताओं-बहनों की मांग का सिंदूर मिटाने वालों घर में घुसकर जवाब देने का काम किया है। आज पूरी दुनिया को 'सिंदूर' शब्द का अर्थ और उसका महत्व समझ में आया है। ऑपरेशन सिंदूर के कारण हमारी माताओं-बहनों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है,यह बदला हुआ भारत है। तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर आए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मुंबई के माधवबाग स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की 150वीं जयंती पर आयोजित महोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर अमित शाह,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अलावा विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा सहित महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अनेक गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव की शुरुआत विशेष पूजन से हुई। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा और सरफोजी राजे भोसले संस्था की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। यह कार्यक्रम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर और माधवबाग चैरिटी के विश्वस्त मंडल की ओर से आयोजित किया गया था।



### यह मेरे लिए अत्यंत आनंद का विषय है : फडणवीस

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 वर्षों का कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कई वर्षों से लंबित ऐतिहासिक निर्णय इस कालखंड में लिए गए। अमित शाह ने 150 वर्षों से समाजसेवा में निरंतर कार्य कर रहे माधवबाग परिवार को बधाई दी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जब यह संस्था 200 वर्ष पूरे करे, तब यहां मातृभाषा का प्रशिक्षण केंद्र हो, गीता, उपनिषद और वेदों की शिक्षा मिले और स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध हों। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "माधवबाग श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की स्थापना को आज 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, यह अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। इस अवसर पर गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुझे भी यहां दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ, यह मेरे लिए अत्यंत आनंद का विषय है। इस मंदिर में केवल भगवान की मूर्ति नहीं, बल्कि स्वयं उसका वास है। इसलिए यहां अखंड सेवा कार्य निरंतर चल रहा है। माधवबाग के माध्यम से गौ सेवा, समाज सेवा और अन्य सहायता कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई गई है। मैं उन सभी को नमन करता हू, जिन्होंने इस सेवा में अमूल्य योगदान दिया है और माधवबाग परिवार को शुभकामनाएं देता हू।" श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की 150वीं जयंती का यह महोत्सव केवल धार्मिक उत्सव न रहकर श्रद्धा, समाजसेवा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया। मुंबई के हृदय स्थल पर स्थित यह आस्था का केंद्र आने वाली पीढ़ियों तक अपनी परंपरा और आध्यात्मिक प्रेरणा को बनाए रखेगा, ऐसा विश्वास इस अवसर पर सभी गणमान्य जनों ने व्यक्त किया।

# पहली मानसून बारिश में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई।** मानसून की पहली बारिश में ही विक्रोली के कन्नमवार नगर के 25 वर्षीय तेजस नायडू की जान चली गई। तेजस रात को गार्डन में दोस्तों के साथ गया हुआ था। दोस्त कुछ काम के लिए आगे चले गए,जबकि तेजस कुछ समय के लिए रुक गया और वह समय मौत का कारण बना।

मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी करते ही मानसून भी चला गया। जिससे अब आशंका यह होने लगी है कि मौसम विभाग की चेतावनी पर कितना विश्वास करें। सोमवार को हुई अप्रत्याशित बारिश से विक्रोली के कन्नमवार नगर में एक पेड़ गिरने की घटना घटी। इस पहली बारिश ने एक युवक 25 वर्षीय तेजस नायडू की जान ले ली। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात मनपा के गणेश मैदान में नायडू पर गुलमोहर का पेड़ गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोदरेज अस्पताल पहुंचने पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंधेरी में एक निजी फर्म में नाइट शिफ्ट में काम करने वाला नायडू आमतौर पर काम पर जाने से पहले शाम को दोस्तों से मिलते थे। पेड़ मनपा के मैदान में होने के कारण मनपा से इसकी जानकारी पूछने पर पता चला कि पेड़ की 8 मई को छटाई की गई थी और उसमें सड़न के कोई लक्षण नहीं दिखे। हालांकि गिरे हुए पेड़ की जांच से पता चला कि यह अपने आधार से उखड़ गया था, जिससे पेड़ों की सुरक्षा जांच की पर्याप्तता पर सवाल उठ रहे हैं।



### महाराष्ट्र में भारी बारिश का अनुमान, रेड अलर्ट जारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में भारी बारिश के अनुमान को देखते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया। आईएमडी ने विशेष रूप से तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में आज से 'अत्यधिक बारिश' का अनुमान व्यक्त किया है। मध्य महाराष्ट्र के कोंकण और घाट क्षेत्रों में भी भारी बारिश का अनुमान है। दक्षिण-पश्चिम मानसून सोमवार को मुंबई और पुणे पहुंचा। आज 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश के आसार हैं। मौसम के इस रुख को देखते हुये महाराष्ट्र सरकार ने नागरिकों से सतर्क रहने को कहा है। आईएमडी ने कहा है कि 27 से 30 मई के बीच उत्तरी कर्नाटक में भारी बारिश के आसार हैं। तमिलनाडु में मई के अंत तक आंधी, बिजली और तूफान जारी रहने का अनुमान है।

# खिचड़ी,बॉडी बैक की खरीदी में घोटाला करने वाले असली भ्रष्टाचारी

## शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने बोला उबाठा गुट पर जोरदार हमला



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कोरोना महामारी के दौरान खिचड़ी घोटाला, बॉडीबैग खरीदी में घोटाला करने वाले असली भ्रष्टाचारी हैं। ऐसे भ्रष्ट लोगों को शिवसेना के प्रमुख नेता व राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। इन शब्दों में शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने आज उबाठा गुट पर जोरदार हमला बोला। ठाणे के आनंद आश्रम में आयोजित पत्रकार परिषद को वे संबोधित कर रहे थे। सांदस म्हस्के ने कहा कि मैं जब ठाणे का महापौर था जब ठाणे महानगरपालिका ने कोरोना महामारी के दौरान 350 रुपए में बॉडी बैग खरीदे, परंतु उसी कंपनी से मुंबई महानगरपालिका ने बॉडी बैग 7000 रुपये में खरीदा। खिचडी घोटाले में सूरज चव्हाण को जेल की हवा खानी पड़ी। वह किसका मित्र है। पत्रचाल घोटाले में संजय राऊत को जेल जाना पड़ा। इसलिए खुद भ्रष्टाचार करने वालों को शिंदे के खिलाफ बोलने और टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। इन शब्दों में सांसद म्हस्के ने ठाकरे गुट को फटकारा है।

### ... शिंदे को बता दो कि वे मनपा पर ध्यान न दें

महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल के दौरान मुंबई के नियोजन की मीटिंगों से नगरविकास मंत्री एकनाथ शिंदे को दूर रखा जाता था। इस प्रकार का सनसनीखेज खुलासा करते हुए सांसद म्हस्के ने आगे कहा कि इस बारे में संजय राऊत से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुंबई महानगरपालिका से संबंधित विषय ठाकरे फैमिल का होता है सभी निर्णय ठाकरे फैमिली और उनके मित्र परिवार ही लेंगे। एकनाथ शिंदे को बता दो कि वे मुंबई महानगरपालिका पर ध्यान न दें। मेरा यह संदेश उन्हें जाकर दे दो। ऐसा राऊत ने कहा था यह दावा सांसद म्हस्के ने किया है। सांसद म्हस्के ने कहा कि संजय राऊत ने धर्मवीर आनंद दिघे का हमेशा द्वेष किया। राऊत द्वारा लिये गये साक्षात्कार की वजह से ही दिघे को टाडा लगा था। इसलिए राऊत सपने में भी धर्मवीर आनंद दिघे के बारे में अच्छा विचार करेंगे यह संभ नहीं है, ऐसा दावा सासंद म्हस्के ने किया। इसके विपरीत हिंदुह्रदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे मेरे सपने में आये थे, यह कहते हुए सांसद म्हस्के ने बताया कि बालासाहेब ने मूसलाधार बारिश के बावजूद उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा मुंबई और ठाणे में किये गये कार्यों की जमकर प्रशंसा की। एकनाथ शिंदे भरी बरसात में लोगों की मदद के लिए दौड़ भाग कर रहे हैं, परंतु मेरी वजह से ही बड़े हुए सांसद बने और इतने वर्षों से मुंबई महानगरपालिका में सत्ता का सुख भोगने वाले एकांतवासी ( घरकोंबडा) जैसे लोग घर में ही बैठे रहे।

# मलबार हिल में पहाड़ी खिसकने की आशंका

## खाली कराई गई इमारत, गिर चुकी है सुरक्षा दीवार



**मुंबई।** वॉकेश्वर रोड स्थित रूबी हिल नामक सेस्ड इमारत के पास की रिटेनिंग वॉल का एक हिस्सा सोमवार रात दक्षिण मुंबई में हुई तेज बारिश के बाद गिर गया। घटना के बाद मंगलवार को म्हाडा अधिकारियों ने उस ढहे हुए हिस्से को तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया। दीवार का मलबा वीआईपी मार्ग पर गिर रहा था,जहां राज्यपाल का आधिकारिक निवास है और यह मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों के आवागमन का नियमित मार्ग भी है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस और ठेकेदार के कर्मचारियों ने वाहनों को कुछ-कुछ समय के अंतराल पर रोका। दीवार के एक हिस्से में एक बड़ा पेड़ उग आया था, जिसकी जड़ें भीतर तक फैल गई थीं,उसे भी मंगलवार को काटा गया। इस इमारत के निवासियों को मनपा द्वारा मझगांव के ट्रांजिट कैंप में स्थानांतरित कर दिया गया है,जबकि पास की इमारत को स्ट्रक्चरल ऑडिट करने का आदेश दिया गया है। संजय शिर्के, जिनका परिवार इस इमारत में रहता था, ने बताया कि यह इमारत कम से कम 100 साल पुरानी है और इसकी रिटेनिंग वॉल को कभी मजबूत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इमारत के ढहाते समय हमें यह नहीं बताया गया कि आगे क्या होगा।

हेमा शिर्के की भाभी ने बताया कि वे काफी समय से अधिकारियों से इस इमारत के मुद्दे पर संपर्क कर रहे थे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि उनके पास 1950 के दशक से किराया चुकाने की रसीदें मौजूद हैं। डी वॉर्ड के सहायक आयुक्त मनीष वलुंजु ने बताया कि जैसे ही मिट्टी खिसकने की जानकारी मिली तो इमारत खाली करवा ली गई थी। चूंकि यह इमारत एक पहाड़ी पर स्थित है,इसलिए म्हाडा ने इसे तोड़ने का निर्णय लिया। स्थानीय निवासी पेरविन संघवी ने कहा कि यह दीवार गिरना किसी बड़े खतरे की चेतावनी है।

### इमारत के निवासियों को ट्रांजिट कैंप भेजा गया

उन्होंने बताया कि इस पहाड़ी क्षेत्र में कम से कम चार नई ऊंची इमारतों का निर्माण हो रहा है और शहरी विकास को प्राकृतिक भू-आकृति, जल निकासी मार्ग और भूगर्भीय जोखिमों को ध्यान में रखकर ही किया जाना चाहिए,जो वर्तमान में नहीं हो रहा है। उन्होंने मांग की कि मनपा इस इलाके की भूगर्भीय क्षमता की जांच करे और उसके बाद ही किसी निर्माण की अनुमति दे।

आरटीआई कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने बताया कि 2022 में पेडर रोड स्थित कैडबरी हाउस के पीछे भूस्खलन हुआ था, तब उन्होंने मनपा को चेतावनी दी थी कि मालाबार हिल धीरे-धीरे खिसक रही है। उन्होंने कहा कि पहली ही बारिश में फिर एक गंभीर हादसा हो गया और यह साफ दर्शाता है कि पुरानी इमारतों को गिराकर नए निर्माण करना इस इलाके में भूगर्भीय दृष्टि से खतरनाक है।

# पुनर्विकास के लिए लोगों ने लगाई उप मुख्यमंत्री शिंदे से गुहार

**मुंबई।** जोगेश्वरी गुफा क्षेत्र परिसर के अंतर्गत आने वाली जयंत चॉल और जमुना चॉल के लोग पिछले 18 वर्षों से लंबित पुनर्विकास कार्य को गति दिए जाने की गुहार स्थानीय सांसद रवींद्र वायकर की अगुआई में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर की है। जिससे बेघर परिवारों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। रवींद्र वायकर ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखे पत्र में कहा है कि जोगेश्वरी गुफा क्षेत्र भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित प्राचीन स्मारक घोषित किया गया है और हाई कोर्ट के आदेशानुसार गुफा से 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुमति नहीं है। यही कारण इस क्षेत्र के विकास कार्यों में अड़चन बन रहा है। विकास के कार्यों के दौरान निर्माणाधीन इमारतों को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे कई परिवार वर्षों से बेघर हैं। वायकर ने पत्र में उल्लेख किया कि जयंत चॉल में कुल 26 संरचनाओं में से 14 घर और 9 दुकान हैं,वहीं जमुना निवास के 19 संरचनाओं में 15 घर और 4 दुकान हैं। उसमें रहने वाले रहिवासी पिछले 18 सालों से न्याय की प्रतीक्षा में हैं। इसके अलावा जमुना निवास में एक चार मंजिला इमारत तैयार हो चुकी है, लेकिन मुंबई मनपा से भोगवटा प्रमाणपत्र न मिलने के कारण वह इमारत मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।


**महाराष्ट्र शासन**
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय, सा.बां. विभाग, पनवेल
पिनकोड - ४१० २०६
E-mail- panvel.ee@mahapwd.gov.in
**दूरध्वनी क्रमांक ०२२- २७४५२७७८ फॅक्स - ०२२ - २७४६७४४०**
**ई- कार्यप्रणाली अंतर्गत ई-निविदा क्र. ०८ (ई-निविदा)**
**सन २०२५-२६** (फेर निविदा क्र.९)

सार्वजनिक बांधकाम (सा.बां.) विभाग, पनवेल हे (दुरध्वनी क्र. ०२२ - २७४५२७७८ फॅक्स-०२२-२७४६७४४०) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडील नोंदणीकृत कंत्राटदाराला योग्य त्या कामांकरीता बी- १ नमुन्यातील निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) मागविणेत येत आहे. सदरची ऑनलाईन ई-निविदा सुचना www. mahapwd.com and www. mahatenders.gov.in पोर्टलवरती उपलब्ध आहे. टिप- या निविदेमध्ये एकूण ०५ काम समाविष्ठ असुन ऑनलाईन निविदा विक्री व बीड प्रिपरेशन दिनांक २८/०५/२०२५ सकाळी १०.०० ते दिनांक ०४/०६/२०२५ रोजी सायंकाळी १८.०० पर्यंत संकेत स्थळावर उपलब्ध करुन देणेत आलेली आहे. www. mahatenders.gov.in

ई-निविदाजा.क्र./सा.बां./पनवेल/
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
सा.बां. विभाग, पनवेल, जि.रायगड
दिनांक :
**DGIPR-2025-26/क्र.5/C841**

कार्यकारी अभियंता,
सार्वजनिक बांधकाम विभाग,
पनवेल


# लड़की ने 23 वीं मंजिल से कूदकर की आत्म हत्या

**मुंबई।** मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पूर्वी उपनगर विक्रोली में 25 साल की लड़की ने बिल्डिंग की 23वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर ली। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना कन्नमवार नगर इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़िता हर्षदा टंडोलकर मानसिक रूप से परेशान थी, लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अधिकारी ने बताया कि टंडोलकर 23वीं मंजिल से कूद गई और खड़ी मोटरसाइकिल पर गिर गई, जिससे उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी ।


**मध्य रेल**
**ओएचई संशोधन कार्य**

**कार्य का नाम**: नाहुर (एसजी-2) : होम प्लेटफॉर्म के प्रावधान के कार्य के संबंध में ओएचई संशोधन। **अनुमानित लागत**: ₹54,68,102/- **बिड सिक्योरिटी**: ₹1,09,400/- **ऑफर की वैधता**: 60 दिन **समापन अवधि**: 15 महीने. **निविदा फार्म का मूल्य**: 0/-. **I)** उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय दिनांक **12/06/2025** को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। **II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतु अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का, निवेदन देने की अनुमति नहीं है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नहीं किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई-400001. फोन 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई-400001** के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

**खुली ई-निविदा सुचना क्र.: BB.LD.585. W.861.CONTR5 दिनांक 21/05/2025** Sai/117

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that **MR. HARSHAD SHAH** claiming to be the absolute owners of Flat No. 404, 4th Floor, admeasuring 677 sq. feet Usable Carpet area, vide Sale Deed executed and registered on 07-11-2012 and **MR. MINISH R. MEHTA** AND **MR. RUSHABH M. MEHTA** claiming to be the absolute owners of Flat No. 404, 4th Floor, admeasuring 639 Sq. feet Usable Carpet area, vide Sale Deed executed and registered on 28-01-2013, both of the Building known as "VIRESHWAR VIHAR CO-OPERATIVE SOCIETY LTD., situated at Tejpal Road, Vile Parle East, Mumbai 400057, standing on all that piece and parcel of land bearing Final Plot no. 6, of the Town Planning Scheme No. IV and IVA and bearing Municipal "K(East) Ward Nos. 570, 570(1), 570(2) and 571, 571(1) to 571(8), Street Nos. 54, 55 and 56 of village Vile Parle (East), Taluka Andheri, Dist.- Mumbai Suburban. as per Town Planning records and being within Registration District Mumbai Suburban, and is at present holding clear and marketable title free from all encumbrances of any -nature whatsoever, now intends to sell, transfer, assign and convey the same and the benefits thereto, unto and in favor of my clients.

Any person/s and/or body having dealt with, acquired and/or in use, occupation or possession of the aforesaid office and Shares and/or any part thereof and/or having executed any deeds or documents with respect thereto and/or having any claim or objection by way of Sale, Transfer, Assign, Agreement for Sale, Memorandum of Understanding, Mortgage, Re-mortgage, loan, trust, lien, possession, re-possession, gift, inheritance, release, Irrevocable Power of Attorney, Letter of Allotment, lease, Sub-lease, Leave and License, Partnership, Joint Venture, LLP, Companies, Take Over Agreement, or otherwise, howsoever / whatsoever to the intended sale, transfer, assignment and handing over of the physical, vacant and peaceful possession of the said office and the benefits thereto to my client, should register their claim with documentary proof to me, within 7 days from the date of this notice, failing which no further claims and/or objections of any nature whatsoever from anybody thereafter shall be entertained and my clients Shall be entitled to acquire the said Office along with proposed Shares and benefits thereto and to be in possession of the said office and proposed Shares.

**Dated this 28th day of May 2025**

**NAME: MANOJ V JAIN & CO. CHARTERED ACCOUNATANTS**
ADDRESS: Office No. 502 Balaji Business Centre, Ram Milan CHS Ltd.,
Opp State Bank of India, Subhash Road, Vile Parle (E), Mumbai - 400057.
Mob: 9820235308 Email: manojjain_ca@hotmail.com



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that **MRS. RAJESHSHRIBEN MINISHBHAI MEHTA** claiming to be the absolute owners of **Flat No. 403, 4th Floor** admeasuring 673 Sq. feet Carpet Area, equivalent to 807.6 Sq. feet Built Up area of the Building known as "VIRESHWAR VIHAR CO-OPERATIVE SOCIETY LIMITED" situated at Tejpal Road, Vile Parle East, Mumbai - 400057 lying and being at CTS No. 570, 570/1 to 2, 571, 571/1 to 8, of Village Vile Parle and as per Town Planning records and being within Registration District Mumbai Suburban, vide Gift Deed Dated 30th April, 2019 where 50% Share was transfer from **MR. SANKET MINISHKUMAR MEHTA to RAJESHSHRIBEN MINISHBHAI MEHTA.** As per Sale the said property was purchase and collectively by and Sale Deed executed and registered on 12.02.2013 and is Rajeshsriben Minishbhai Mehta present holding clear and marketable title free from all encumbrances of any -nature whatsoever, now intends to sell, transfer, assign and convey the same and the benefits thereto, unto and in favor of my clients.

Any person/s and/or body having dealt with, acquired and/or in use, occupation or possession of the aforesaid office and Shares and/or any part thereof and/or having executed any deeds or documents with respect thereto and/or having any claim or objection by way of Sale, Transfer, Assign, Agreement for Sale, Memorandum of Understanding, Mortgage, Re-mortgage, loan, trust, lien, possession, re-possession, gift, inheritance, release, Irrevocable Power of Attorney, Letter of Allotment, lease, Sub-lease, Leave and License, Partnership, Joint Venture, LLP, Companies, Take Over Agreement, or otherwise, howsoever / whatsoever to the intended sale, transfer, assignment and handing over of the physical, vacant and peaceful possession of the said flat and the benefits thereto to my client, should register their claim with documentary proof to me, within 7 days from the date of this notice, failing which no further claims and/or objections of any nature whatsoever from anybody thereafter shall be entertained and my clients shall be entitled to acquire the said Office along with proposed Shares and benefits thereto and to be in possession of the said office and proposed Shares.

**Dated this 28th day of May 2025**

**NAME: MANOJ V JAIN & CO. CHARTERED ACCOUNATANTS**
ADDRESS: Office No. 502 Balaji Business Centre, Ram Milan CHS Ltd..
Opp State Bank of India, Subhash Road, Vile Parle (E), Mumbai - 400057.
Mob: 9820235308 Email: manojjain_ca@hotmail.com


# बम की धमकी देने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सोमवार को एक 35 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया,जिसने मंगलवार को मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने का दावा करते हुए कॉल किया था। मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा धमकी भरे कॉल प्राप्त होने के तुरंत बाद एमआईडीसी पुलिस ने शहर के उपनगर साकीनाका में रहने वाले उत्तर प्रदेश के मूल के मंजीत कुमार गौतम नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, गौतम ने नियंत्रण कक्ष को कॉल करके चेतावनी दी, "मैं आज दोपहर मुंबई हवाई अड्डे को उड़ा दूंगा"

# मीठी नदी की सफाई ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार के हवाले


**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

सोमवार को हुई मुंबई में बारिश के बाद कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बनी,जिससे मनपा की नाले सफाई कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। इन सवालों के केंद्र में अब मिठी नदी की सफाई भी आ गई है जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है,जबकि मीठी नदी की सफाई न होना कुर्ला सांताक्रुज बांद्रा और माहिम परिसर में पानी भरने की संभावना जताई जाने लगी है। मीठी नदी की अभी तक मात्र 53 प्रतिशत ही सफाई हो पाई है। शेष कार्य कब पूरा होगा इस पर भी संशय बना हुआ है। बता दें कि मनपा प्रशासन ने मीठी नदी की सफाई के लिए जिन तीन ठेकेदारों को मनपा ने दी थी उनमे दो ठेकेदार पर पूर्व मीठी नदी की सफाई में घोटाला करने का आरोप लगा है, जिसकी जांच ईओडब्ल्यू से चल रही है जिसमे अब फिल्म अभिनेता और मॉडल टीनू मोरया का नाम भी सामने आ रहा है। मनपा ने तीन ठेकेदार को नदी कि सफाई का काम का ठेका दिया है। तीन में से दो ठेकेदार घोटाले में शामिल होने और एक को मनपा ने वित्तीय धोखाधड़ी और लापरवाही के कारण ब्लैकलिस्ट कर दिया है और उसकी इंजीनियरिंग पंजीकरण भी रद्द कर दी गई है।

# कृषि भूमि आवंटन दस्तावेज पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने कृषि भूमि आवंटन दस्तावेज पर पंजीकरण शुल्क माफ करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। महाराष्ट्र भूमि राजस्व संहिता 1966 की धारा 85 के अनुसार कृषि भूमि आवंटित करते समय गणना के बाद दस्तावेज पर स्टैंप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क भरना होता था। कृषि भूमि के आवंटन के लिए स्टाम्प शुल्क की दर नाममात्र है, लेकिन पंजीकरण शुल्क के मामले में कोई रियायत नहीं है। कई किसान अपनी जमीन का पंजीकरण नहीं कराते, क्योंकि पंजीकरण शुल्क स्टाम्प शुल्क से अधिक है। पंजीकरण नहीं करने पर भविष्य में कृषि भूमि को लेकर विवाद पैदा होता है और किसानों और उनके परिजनों को बेवजह तकलीफ उठानी पड़ती है, इसलिए, ऐसे दस्तावेजों के लिए पंजीकरण शुल्क माफ करने का निर्णय लिया गया। इससे किसानों के लिए अपने आवंटन पत्र पंजीकृत कराना आसान हो जाएगा। इस निर्णय से सरकारी राजस्व में सालाना 35 से 40 करोड़ रुपए की कमी आ सकती है।



### कैबिनेट के अन्य निर्णय

रायगड जिले के पेण में सुहित जीवन ट्रस्ट के एकलव्य व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में कार्यशालाओं और पदों के लिए मंजूरी। शेट्टी आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्य में न्यायिक अधिकारियों के लिए टाइपिस्ट के पद सृजित करने को मंजूरी।

इचलकरंजी और जालना महापालिका को माल और सेवा कर क्षतिपूर्ति अनुदान प्रदान करने की मंजूरी। इचलकरंजी को पांच साल में 657 करोड़, जालना को 392 करोड़ मिलेंगे। नागपुर में पत्रकार क्लब ऑफ नागपुर को दी गई जमीन के संबंध में नियम और शर्तों में बदलाव को मंजूरी।

महाराष्ट्र वन विकास महामंडल लिमिटेड में 1 हजार 351 पदों की संशोधित संरचना को मंजूरी।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

(जल अभियंता का विभाग)
क्र. डिवाईएचई/पीपीसी/1259/पांजरापुर, दिनांक 26/05/2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीदाताओं से "आइटम दर आधार" पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली की आरंभिक और समाप्ति तिथि एवं समय एमसीजीएम की वेबसाइट के टेंडर अनुभाग में विस्तृत निविदा सूचना में उल्लेखित है.

| क्र.सं. | बोली क्रमांक | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_11 83094 | पांच वर्षों की अवधि हेतु पांजरापुर कॉम्प्लेक्स परिसर में 545 केडब्ल्यूपी रूफटॉप, ऑन ग्रिड, सोलर फोटोवोल्टैक पावर जनरेशन प्लांट का एएमसी. |

इच्छुक निविदादाताओं से अनुरोध है कि निविदा की पूरी जानकारी हेतु **http://portal.mcgm.gov.in** पर मनपा की वेबसाइट का अवलोकन करें.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(एम एंड ई) पांजरापुर

पीआरओ/513/विज्ञा./2025-26

जहां तक संभव हो घर पर तैयार ताजे खाद्य पदार्थ ही खायें



**PUBLIC NOTICE**

NOTICE IS HEREBY GIVEN TO ALL CONCERNED that MRS. RUPAL DEVEN MEHTA, Widow of Late SHRI DEVEN JITENDRA MEHTA, being Present Sole, Absolute and Exclusive Owner of Residential Flat bearing No. B/204, Second Floor, admeasuring 640 Square Feet Built Up Area on the Second Floor of the Building known as MOHAN VILLA in THE MOHAN VILLA CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED, Bajaj Road, Vile-Parle (West), Mumbai – 400 056, on Plot of land bearing Plot No. 2-B Vile-Parle (West) Town Planning Scheme III of Revenue Village Vile-Parle (West), Taluka Andheri, Mumbai Suburban District, (the Intended Premises), which was Derived and/or Acquired by her Husband and Father (During their Life Time) Tim Pursuant to Deed of Exchange Dated 10th December, 2001, (Registered by annexing Deed of Exchange to Confirmation Deed Dated 12th September, 2008, Registered Under Serial No. BDR-9/08499/2009, Registered on 23rd September, 2008, whereby amongst the Parties therein, (1) SHRI JITENDRA PRATAPRAI MEHTA and (2) SHRI DEVEN JITENDRA MEHTA, (then Owners of Flat No. B/404, Fourth Floor of Mohan Villa Co-Operative Housing Society Limited Exchanged their said Flat with SHRI JAYESH KUMAR BHUPENDRA BHATT (then Owner of Flat No. 204/B Second Floor in the said Building of the Society), both in same Building at Bajaj Road, Vile-Parle (West), Mumbai – 400056.

THAT POST REGISTRATION OF DEED OF EXCHANGE, Original Instrument Dated 20th December, 2001 (Comprehensive Instrument), was Retained by SHRI JAYESH KUMAR BHUPENDRA BHATT, being Present Owner/Transferee of Flat No. B/404 in the Building of the Society and Photo Copy of Registered Deed of Exchange was Provided to (1) SHRI JITENDRA PRATAPRAI MEHTA and (2) SHRI DEVEN JITENDRA MEHTA. And Subsequently Society Enrolled the Respective Parties as Members Cum Share Holders of the Society and Transferred Respective Share Certificate (s) in Favour of Respective Transferee (S) as Members and Share Holders of the Society.

AND SUBSEQUENT to Death of (1) SHRI JITENDRA PRATAPRAI MEHTA and (2) SHRI DEVEN JITENDRA MEHTA, with the Consent of Remaining Legal Heirs of both the Deceased said Flat No. B/202 was Transferred in Favour of MRS. RUPAL DEVEN MEHTA, Widow of SHRI DEVEN JITENDRA MEHTA.

MRS. RUPAL DEVEN MEHTA, with the Consent and Confirmation of the Flat Owners Society MOHAN – VILLA CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED, has agreed to Sell, Assign and/or Transfer her Beneficial Right, Title, Interest, Claim, Future Entitlements with Vacant and Uninterrupted Physical Possession of said Flat No. B/204 and Corresponding Share Certificate No. 027, For 5 (Five) Shares Transferred by the Society and Benefits of Membership in Favour of my Clients for Valuable Monetary Consideration.

That the Proposed Vendor/Transferor, MRS. RUPAL DEVEN MEHTA, is Claiming Ownership, Concerning the said Premises in Society, on the Strength of Registered Deed of Exchange and in her Capacity as Legal Heir of the Deceased SHRI DEVEN J. MEHTA and Since Comprehensive Deed of Exchange lying with other Party the Intended Transferor is not in a Position to Produce Original Deed of Exchange and arranged Inspection of Original to the Intended Purchaser/Transferee by Requesting the Present Owner SHRI JAYESH KUMAR BHUPENDRA BHATT and has Agreed to Provide Certified True Copy from the Office of the Sub Registrar of Assurances, Andheri Taluka, Mumbai Suburban District.

The Proposed Vendor/Transferor is in Absolute Possession of the Captioned Flat Premises in the Society and having Paid and/or Contributed Society Maintenance Dues and Contributions towards Proportionate M.C.G.M. Property Taxes and other Taxes and Maintenance Charges .

THEREFORE ANY MEMBER OF PUBLIC or Authority, having any Objection or Legitimate Claim against the said Present Owner/ Member and Share Holder of the Society, Entering into Agreement For Sale/Transfer Followed by Registration and Further Deed of Sale/ Transfer, in Favour of my Client (s), against Valuable Monetary Consideration, in any manner Howsoever and Whatsoever by way of Sale, Gift, Lease, Mortgage, Charge, Exchange, Leave and License, Succession, Tenancy or Lease in Perpetuity, or any Legitimate Claim Under Succession Act or any Civil or Criminal Litigations or Recovery Proceedings as an Arrears of Land Revenue by the Competent Authority appointed Under the Relevant Act, Should Intimate the same to the Undersigned with Legitimate Documentary Evidences at the Address Recorded hereunder within 14 (Fourteen) Days From the Date of Publication hereof, Failing which My Client (Proposed Purchasers/ Transferees) will Complete the Deal by making Payment of Entire Agreed Monetary Consideration and Proceed Further including Obtaining Possession of said Flat as well as Society Transfer (Enrollment) Formalities and Collecting Remaining Original Chain Agreement (s) with Certified True Copy of Deed of Exchange and Deed of Indemnity, Ignoring any such Claims or Proceedings or Objections (if any) and will have Reason to believe that any such Claim (s) IF ANY are Waived or Abandoned.

Dated : 28th Day of May, 2025.

Sd/-
MRS. FALGUNI ABHAY PATEL
Advocate
3/A, Sumangal Apartment,Vallabhbhai Patel Road,
Vile-Parle (West), Mumbai – 400 056.

# तेज प्रताप ने चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया

बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के बेटे तेज प्रताप यादव ने राज्य की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कागजों में लालू यादव के छोटे और हकीकत में बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपनी माता राबड़ी देवी के लाडले बेटे माने जाते हैं। बिहार की राजनीति को और खासकर लालू यादव के परिवार को करीब से देखने वाले जानकारों की माने तो, वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार की सरकार में तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था,तभी से रिश्तों में यह खटास शुरू हो गई थी। तेज प्रताप यादव, बड़े बेटे होने के नाते अपने आपको लालू यादव का उत्तराधिकारी मान कर चल रहे थे,लेकिन लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। कई जानकर लोग तो यहां तक कहते हैं कि राबड़ी देवी ने अड़ कर तेज प्रताप यादव को जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार में मंत्री बनवाया था। ऐसे में अपने ही बेटे के खिलाफ लालू यादव द्वारा लिए गए एक्शन को काफी आश्चर्य से देखा जा रहा है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव के दबाव में यह फैसला किया है? एक तरफ जहां इस फैसले के लिए यादव परिवार के एकजुट होने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ किसी को भी इसका भरोसा नहीं हो पा रहा है कि राबड़ी देवी अपने बड़े बेटे को पार्टी और परिवार से निकालने पर तैयार हो गई होंगी ? तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट से लालू यादव इतना बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर हो सकते हैं,यह कोई सोच भी नहीं सकता था।

तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर ऐलान कर दिया था कि वो एक लड़की के साथ 12 साल से रिलेशन में हैं और वो दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट कर यह दावा किया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था और उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद तेज प्रताप यादव के उस लड़की के साथ कई तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे,जिसने यादव परिवार को असहज कर दिया। बिहार में तय समय के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। एक दौर में बिहार की राजनीति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले लालू यादव तुरंत समझ गए कि बड़े बेटे की हरकतों का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। पोस्ट और वायरल होते फोटो एवं वीडियो ने तेजस्वी यादव को भी इस बात का अहसास करा दिया कि अगर अब बड़े भाई पर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो बिहार में एक बार फिर से उन्हें जनता विपक्ष में बैठने का ही जनादेश देगी। लालू यादव भी बेटे तेजस्वी यादव के तर्कों से सहमत हो गए और आखिरकार उन्होंने परिवार और पार्टी के मुखिया होने के नाते यह बड़ा फैसला कर लिया।

लालू यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट और उसके बाद तेजस्वी यादव के आए बयान से आप समझ सकते हैं कि इस समय दोनों नेताओं के मन में बिहार का आगामी विधानसभा चुनाव ही चल रहा है। क्योंकि दोनों ही नेता बिहार में एक और चुनावी हार को झेलने की स्थिति में नहीं है। लालू यादव ने तेज प्रताप यादव को निकालने की घोषणा करते हुए लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूँ। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है। अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूँ। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।

इसके बाद तेजस्वी यादव ने भी मीडिया के सामने आकर बयान दिया, हमें यह सब चीज ना तो अच्छी लगती है और ना ही हम इसको बर्दाशत करते हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है, वह एडल्ट हैं उनको अधिकार है वह क्या निर्णय लेते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष (लालू यादव) ने उनके बारे में क्या कहा है, वह सार्वजानिक कर दिया गया है। वह अपने निजी जीवन में क्या कर रहे हैं वह किसी से पूछ कर नहीं करते हैं। आपके माध्यम से ही हमें यह पता चला है। लालू यादव और तेजस्वी यादव भले ही तेज प्रताप यादव की प्रेम कहानी से पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है। कई नाम हवा में तैर रहे हैं और एनडीए गठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा- हम के संस्थापक संरक्षक जीतन राम मांझी ने बड़ा खुलासा कर इस विवाद को और ज्यादा गरमा दिया है। केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री जीतन राम मांझी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दरोग़ा बाबू की पोती ऐश्वर्या के साथ जो लालू परिवार ने किया है उसका बदला आने वाले चुनाव में बिहार की हर महिला लेकर रहेगी। तेज प्रताप जब किसी के साथ रिलेशनशिप में थें तो फिर किसी लड़की की ज़िन्दगी बर्बाद करने का अधिकार लालू परिवार को किसने दिया? कहीं ऐसा तो नहीं है कि किसी "सिन्हा" के चक्कर में लालू परिवार अनुष्का यादव की ज़िंदगी भी बर्बाद करवा दे ? इसका जवाब लालू परिवार को देश के सामने देना होगा। जीतन राम मांझी की यह पोस्ट साफ-साफ बता रही है कि लालू यादव द्वारा अपने बेटे को बाहर निकालने के बावजूद यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है। क्योंकि बिहार और केंद्र, दोनों जगहों पर सरकार चला रहे एनडीए गठबंधन के नेताओं के पास कुछ और भी नाम हैं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*लालू को पोता हुआ,रबड़ी करती डांस*
*खूब बधाई मिल रही,पटना हो या फ्रांस*
*पटना हो या फ्रांस,मगन तेजस्वी भाया*
*राजद का फ्यूचर अध्यक्ष धरा पर आया*
*कह सुरेश इसकी मम्मी है एक इसाई*
*यही सोचकर डांस कर रही कांग्रेस आई*

# लगातार मौतें न्याय मांगती हैं,चुप्पी नहीं

> कोर्ट ने कहा था कि केंद्र बताए कि 2014 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जारी गाइडलाइंस को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। मामले की सुनवाई अभी भी जारी है. सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को चेताया है कि अगर संतोषजनक जवाब और कदम नहीं उठाए गए तो प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में बेहद सख्त है अब देखना है कि इस पर किस हद तक लगाम लग पाता है।

जब सरकार यह दावा करती है कि भारत में मैनुअल स्कैवेंजिंग का उन्मूलन हो चुका है,उस समय देशभर में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान हो रही रोकी जा सकने वाली मौतें एक भयावह सच्चाई को उजागर करती हैं। एक ऐसी सच्चाई जो दंडहीनता, प्रणालीगत जातीय हिंसा और संस्थागत उपेक्षा से भरी है।

मैनुअल स्कैवेंजिंग का अर्थ है अस्वास्थ्यकर शौचालयों, नालियों या खुले गड्ढों से मानव मल को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के हाथ से साफ करने, ले जाने या हटाने की प्रथा।

2 फरवरी 2025 को, दो सफाई कर्मियों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया जब वे नरेला, बाहरी दिल्ली के मनसा देवी अपार्टमेंट्स के पास एक सीवर की सफाई कर रहे थे। निजी ठेकेदार द्वारा नियुक्त इन लोगों को किसी भी सुरक्षा उपकरण के बिना जहरीले गड्ढे में उतारा गया था। कुछ दिन बाद, उसी सुबह कोलकाता लेदर कॉम्प्लेक्स के बंटाला क्षेत्र में नाले की सफाई करते समय फर्ज़ेम शेख, हाशी शेख और सुमन सरदार सभी मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल के निवासी की मौत हो गई। कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा नियोजित इन मजदूरों को एक पाइप फटने के कारण मैनहोल में बहा दिया गया। उनके शव कई घंटे बाद पुलिस, अग्निशमन और आपदा प्रतिक्रिया दलों द्वारा बरामद किए गए। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने औद्योगिक अपशिष्ट से उत्पन्न विषैली गैस को घटना का कारण बताया और जांच की घोषणा की लेकिन ऐसी जांचें शायद ही कभी दोषियों को सजा या सुधार की ओर ले जाती हैं।

ये मौतें 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के केवल चार दिन बाद हुईं जिसमें भारत के प्रमुख महानगरों (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद) में मैनुअल स्कैवेंजिंग और खतरनाक सीवर सफाई को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया था। यह फैसला जस्टिस सुधांशु धूलिया और अरविंद



कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने डॉ. बलराम सिंह द्वारा दायर याचिका पर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग को पूरी तरह खत्म किया जाना चाहिए। इसके अलावा अदालत ने मेट्रो शहरों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले तीन महीनों में मैनुअल स्कैवेंजिंग के कारण हुई मौतों के परिजन को चार हफ्तों के अंदर 30 लाख का मुआवजा दिया जाए। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच मैनुअल स्कैवेंजिंग और खतरनाक सफाई कार्यों पर बैन की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।कोर्ट ने दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु के अधिकारियों को मैनुअल स्कैवेंजिंग और सीवर सफाई पर दिए गए असंतोषजनक हलफनामों को लेकर तलब किया था। अदालत ने अब पाया कि नए हलफनामे भी चालाकी से शब्दों को घुमा-फिराकर पेश किए गए हैं। अदालत ने कहा कि सभी अधिकारियों को प्रोहिबिशन ऑफ इंप्लायमेंट एस मैन्युअल स्कैविंजर एंड देयर रिहेबिलेशन एक्ट 2013 के तहत आज से चार हफ्तों के भीतर उन सभी मौतों के लिए 30 लाख का मुआवजा देना होगा। सुनवाई के दौरान दिल्ली जल बोर्ड के वकील ने तर्क दिया कि जिस सीवर में मौतें हुईं, वह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता लेकिन जब जस्टिस धूलिया ने दिल्ली जल बोर्ड निदेशक पंकज कुमार अत्रे से सीधा सवाल किया तो उन्होंने स्वीकार किया कि यह इलाका दिल्ली जल बोर्ड के अंतर्गत आता है हालांकि, दिल्ली जल बोर्ड ने दावा किया कि यह एक अनधिकृत निजी प्रवेश था और उनके कर्मचारी वहां मौजूद नहीं थे। इस पर जस्टिस कुमार ने चेतावनी दी कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं आया, तो अवमानना कार्यवाही शुरू की जाएगी। अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड को एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने और यह स्पष्ट करने का आदेश दिया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग को कब और कैसे रोका गया। बीबीएमपी ने दावा किया कि 2013 से मैनुअल स्कैवेंजिंग बंद है और 2017 के बाद कोई मौत नहीं हुई लेकिन कोर्ट ने सरकारी आंकड़ों के आधार पर साफ किया कि 2024 में 4 और 2023 में 3 मौतें हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अगली सुनवाई में हलफनामा संतोषजनक नहीं हुआ, तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। हैदराबाद जल एवं सीवरेज बोर्ड ने तर्क दिया कि मौतें मैनुअल स्कैवेंजिंग के कारण नहीं बल्कि पुरानी पाइपलाइन मरम्मत के दौरान हुईं। जस्टिस धूलिया ने कहा कि सीवर लाइन की सफाई और मरम्मत के दौरान मजदूरों की मौत को अलग नहीं किया जा सकता हालांकि, अत्याधुनिक सफाई मशीनों की उपलब्धता के लिए कोर्ट ने हैदराबाद की सराहना की। वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार ने बताया कि कोलकाता में 3 मौतों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और ठेकेदार ने 10 लाख मुआवजा दिया है लेकिन कोर्ट ने 30 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया और कहा कि यह मैनुअल स्कैवेंजिंग का मामला ही माना जाएगा। हाथ से मैले की सफाई यानी मैन्युअल स्कैवेंजिंग को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पहले से कई निर्देश जारी कर रखे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 2014 में गाइडलाइंस भी जारी की थीं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से फरवरी 2023 में कहा था कि वह बताए कि इस मामले में बने 2013 के कानून को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

कोर्ट ने कहा था कि केंद्र बताए कि 2014 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जारी गाइडलाइंस को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। मामले की सुनवाई अभी भी जारी है. सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को चेताया है कि अगर संतोषजनक जवाब और कदम नहीं उठाए गए तो प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में बेहद सख्त है अब देखना है कि इस पर किस हद तक लगाम लग पाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक ऐतिहासिक फैसले में हाथ से कचरे और गंदगी की सफाई रोकने के लिए तमाम निर्देश जारी किए थे। साथ ही कहा था कि सीवर की खतरनाक सफाई के लिए किसी मजदूर को न लगाया जाए। बिना सेफ्टी के सीवर लाइन में मजदूर को न उतारा जाए। कानून का उल्लंघन करने वालों को सख्त सजा का भी प्रावधान किया गया था। देश भर के तमाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वह 2013 के उस कानून को लागू करे जिसमें हाथ से कचरा उठाने की प्रथा को खत्म करने के लिए कानूनी प्रावधान किया गया और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए प्रावधान किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में केस पेंडिंग रहने के दौरान ही केंद्र सरकार ने एक्ट (प्रोहिबिशन ऑफ इंप्लायमेंट एस मैन्युअल स्कैविंजर एंड देयर रिहेबिलेशन एक्ट 2013) बनाया था।

**- कुमार कृष्णन**

# क्यों बिगड़ रहा है शादियों का मिजाज

समझ नहीं आती कि हमारे समाज में हो क्या रहा है। एक तरफ इतने सारे अतुल सुभाष हैं और दूसरी तरफ बहुत-सी विक्टिम लड़कियां भी हैं जो ससुराल के टॉक्सिक माहौल को झेल रही हैं, प्रताड़ित हो रही हैं और चाहकर भी उससे बाहर नहीं निकल पा रही हैं।

**शादी अब नहीं रही पवित्र बंधन**

शादियां एक तमाशा बनकर रह गई हैं। कुछेक सालों में शादियों की जो हालत हुई है, उसे देखकर कह ही नहीं सकते कि लोग शादी को गंभीरता से लेते हैं। एक लड़की ने केवल इसलिए शादी कर ली क्योंकि वो वेडिंग ड्रेस में फोटोशूट कराना चाहती थी। एक जगह बारात को रसगुल्ला न परोसे जाने की वजह से दूल्हे ने नाराज होकर शादी तोड़ दी। कहीं पर बारात को खाना परोसने में देर हुई तो दूल्हा नाराज हो गया और अपनी शादी बीच में छोड़कर चला गया। यही नहीं, उसने उसी दिन किसी और से शादी भी कर ली।

छोटे शहरों, यहां तक कि मेट्रो सिटीज में लुटेरी दुल्हनें हैं जो कई-कई लड़कों के साथ शादी करके कुछ घंटों, दिनों या महीनों बाद ससुराल वालों को लूटकर फरार हो जाती हैं। "डॉली की डोली" फिल्म ऐसी लुटेरी दुल्हन की कहानी पर ही बनी थी। असलियत में तो लुटेरी दुल्हनें इससे कई कदम आगे चल रही हैं। लुटेरे दूल्हे भी एक्टिव हो रहे हैं। कुछ महीने पहले बैंग्लोर के एक लड़के ने लगभग 15 महिलाओं को शादी करके लूट लिया। बिल्कुल लुटेरी दुल्हनों की तर्ज पर। फिल्म "फ्रॉड सईयां" इसी विषय पर बनी है, जिसमें एक्टर अरशद वारसी लुटेरा दूल्हा बने हैं।

**शादी करते वक्त नहीं देते हैं ध्यान**

अंतर्राष्ट्रीय प्राइवेट डिटेक्टिव राहुल राय गुप्ता का कहना है, "लोग शादी से पहले पूरी तरह से छानबीन नहीं करते। बस शक्ल देखते हैं, काम देखते हैं, परिवार में कौन-कौन है, घर अपना है या किराए का, इतना जानना उनके लिए काफी होता है। जबकि ऐसी और बहुत-सी बातें होती हैं, जो रिश्ता पक्का करने से पहले पता होनी चाहिएं। जैसे जो रिश्ता आप कंसीडर कर रहे हैं, कहीं वो क्रिमिनल माइंड का तो नहीं है। कहीं उसकी पहले शादी तो नहीं हुई है। अगर उसका पहले से अफेयर था तो कहीं उसका एक्स क्रिमिनल माइंडेड तो नहीं



है, जिससे आपकी आने वाली जिंदगी प्रभावित हो सकती है। लुटेरी दुल्हनें और लुटेरे दूल्हे इसीलिए सफल हो रहे हैं क्योंकि लोग शादी से पहले होने वाले पार्टनर की हिस्ट्री चेक नहीं करते। वो सोचते हैं कि हिस्ट्री से क्या लेना-देना। बहुत-सी मुलाकातों के बाद भी लोगों को एक-दूसरे का हर सच पता नहीं होता। दोनों अपना-अपना वर्जन बताते हैं, अपने परिवार को लेकर, रिश्तों, दोस्तों, नौकरी को लेकर, और उसे ही सच मान लिया जाता है। गहराई से कोई इस बात पर ध्यान ही नहीं देता कि उनकी कही बातें झूठी भी हो सकती हैं।"

ये तो मानना पड़ेगा कि लोगों की जानकारी में कहीं तो कमी रह जाती है, तभी तो उनको पता नहीं चलता कि जिसके साथ वो सात फेरे ले रहे हैं, उसके पता नहीं कितने फेरे हो चुके हैं। मेट्रिमोनियल साइट्स पर देखे रिश्तों पर लोग आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। जयपुर में जो लुटेरी दुल्हन पकड़ी गई थी, वो एक मशहूर मेट्रिमोनियल साइट पर ही मिली थी।

**आखिर ऐसा क्या बदल गया**

शादियों का ये मिजाज समझ से परे है। सिंगल मदर्स और सिंगल फादर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे बच्चों का फ्यूचर काफी प्रभावित हो रहा है। मनोवैज्ञानिक और मैरिज काउंसलर शिवानी मिसरी साधु बताती हैं, "आजकल के कपल्स अपने कैरियर, आर्थिक जिम्मेदारियों और निजी महत्वाकांक्षाओं की वजह से तनावग्रस्त रहते हैं और साथ में क्वालिटी टाइम नहीं बिता पाते। ज्यादातर मामलों में कपल्स को समझ ही नहीं होती कि वो अपने विवादों को कैसे सुलझाएं। जिससे उनके बीच की छोटी-मोटी असहमतियां कब बड़ा मुद्दा बन जाती हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता।"

अंतर्राष्ट्रीय मनोवैज्ञानिक डॉ. कशिका जैन का मानना है, "डेटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया के कारण रिश्ते तेजी से बनते हैं, लेकिन अक्सर रिश्तों में गहराई की कमी होती है। इसी के कारण कपल्स एक-दूसरे के प्रति समर्पण नहीं दिखाते, जिम्मेदारी नहीं बांटते तो संघर्ष बढ़ता है। पति-पत्नी के बीच खुलकर बातचीत न होना, समस्याओं और भावनाओं को सही तरीके से व्यक्त न कर पाना, रिश्ते में दरार का बड़ा कारण है। पहले तलाक को कलंक माना जाता था। अब इसे 'नई शुरुआत' के रूप में देखा जाता है।"

**सोशल मीडिया की भूमिका**

डॉ. कशिका जैन कहती हैं, "सोशल मीडिया पर परफेक्ट कपल्स की तस्वीरें देखकर लोग उनसे अपनी शादी की, सुविधाओं की, पार्टनर की तुलना करने लगते हैं। इससे रिश्ते में असंतोष बढ़ता है। सोशल मीडिया और फिल्मों की देखादेखी लोग अपने जीवनसाथी से बेवजह की उम्मीदें रखने लगे हैं, जो पूरी नहीं होती हैं तो रिश्तों में तनाव आता है। चमक-धमक और रुतबा बनाए रखने की चाहत और उस पर बढ़ती महंगाई, कर्ज का बोझ, और दोनों की अलग-अलग आर्थिक प्राथमिकताओं के कारण रिश्ते पर असर पड़ता है।"

डिटेक्टिव राहुल राय गुप्ता कहते हैं, "हर कोई अपनी शादी को अच्छा दिखाना चाहता है। शादी के फंक्शन्स तक तो सब खुश होते हैं, लेकिन असली जिंदगी में कदम रखते ही पैसों को लेकर झगड़े होने लगते हैं। कई कपल्स अपने छोटे-मोटे झगड़ों को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं। असल में वो पूरी दुनिया के सामने खुद को विक्टिम शो करना चाहते हैं और उनको हमदर्दी मिल भी जाती है। लेकिन उनके पार्टनर पर इसका गलत असर पड़ता है। उसके अहं को चोट पहुंचती है। दोनों के बीच फासले बढ़ने लगते हैं। कम्युनिकेशन गैप आ जाता है, जिससे रिश्ता खराब होने लगता है।"

शादी से पहले चीजें जितनी साफ होंगी, शादी सफल होने की संभावना उतनी ज्यादा बढ़ेगी। लेकिन हमारे समाज में शादी के लिए रिश्ता तय करते समय बहुत दिखावा किया जाता है।

डिटेक्टिव राहुल राय गुप्ता कहते हैं, "अकसर लोग शादी से पहले बहुत-सी बातें छिपा लेते हैं। कोई बीमारी, कोई ऐसा अतीत, जिससे शादी प्रभावित हो सकती है।

**- भाषणा बंसल गुप्ता**

# सोशल मीडिया की गहराई में डूबता बचपन

"जब एक बच्चा अपने खिलौनों से नहीं, कैमरे के एंगल से खेलना शुरू कर दें,तो समझ लीजिए...बचपन अब मासूम नहीं रहा।" आज की पीढ़ी के बच्चे किताबों में नहीं, की-बोर्ड में खो गए हैं। वे रिश्तों में नहीं, रील्स में जी रहे हैं। और यह सब हो रहा है एक ऐसे माध्यम की वजह से, जिसे हम 'सोशल' मीडिया कहते हैं लेकिन असल में यह बच्चों को धीरे-धीरे 'असामाजिक' बना रहा है, खुद से,अपनों से और अपने सपनों से।

**क्लिक से क्लासरूम तक का अपहरण**

कोविड के बाद जब बच्चों के हाथ में मजबूरी में मोबाइल आया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि ये स्क्रीन उनकी दुनिया पर राज करने लगेगी। क्लास खत्म होने के बाद भी मोबाइल खत्म नहीं हुआ। क्लास की जगह कैमरा ले बैठा, किताबों की जगह कंटेंट आ गया, और संवाद की जगह साउंड इफेक्ट्स। अब बच्चा किताब खोलने से पहले कैमरा खोलता है। 'गुड मॉर्निंग' कहने से पहले 'रिल' अपलोड करता है। यह बदलाव नहीं, बर्बादी की शुरुआत है। और हम सभी इसकी मूक गवाही दे रहे हैं।

**दिमागी डेटा फुल लेकिन ज्ञान जीरो**

सोचिए! एक 10 साल का बच्चा 100 गानों की लिप्सिंग कर सकता है, लेकिन अपनी कक्षा की कविता की दो पंक्तियाँ याद नहीं कर सकता। वो सोशल मीडिया ट्रेंड्स की बात करता है, पर देश-दुनिया की खबरों से बेखबर है। यह ज्ञान नहीं, 'ग्लैमर' का बोझ है, जो बचपन की रीढ़ तोड़ रहा है।

**हर 'लाइक' के पीछे एक अकेला दिल**

बच्चे अब रियलिटी से नहीं, वर्चुअल दुनिया से अपनापन तलाश रहे हैं। उन्हें लगता है कि जितना ज्यादा 'लाइक', उतनी ज्यादा क़द्र। पर सच तो यह है कि सोशल मीडिया ने उन्हें अंदर से खोखला कर दिया है। आत्म-संयम, धैर्य, मेहनत, आदर्श। सब कुछ एक-एक करके छीन लिया गया है। और सबसे खतरनाक बात, वे जो नहीं हैं, वो बनने की कोशिश कर रहे हैं। नकली हंसी, बनावटी पोज, दिखावे के डायलॉग्स। ये सब उन्हें धीरे-धीरे खुद से दूर कर रहे हैं।

**माँ-बाप, आप सिर्फ दर्शक नहीं, दिशा हैं!**

सवाल उठता है, क्या इस बर्बादी के लिए सिर्फ बच्चे जिम्मेदार हैं? नहीं! दरअसल, हम माता-पिता ने भी उन्हें इस दलदल में धकेला है। मोबाइल देकर हम शांत हो गए, पर यह भूल गए कि वो मोबाइल क्या-क्या सिखा रहा है। ज़रूरत है कि अब हम बच्चों के दोस्त बनें, उनके गाइड बनें। हर दिन कुछ वक्त बिना फोन बिताएं, उनसे बातें करें, उनकी दुनिया में दिलचस्पी दिखाएं। ये बातें सुनने में मामूली लगती हैं, लेकिन असर गहरा होता है। बच्चों को मोबाइल से दूर करना है तो उन्हें जीवन से जोड़ना होगा। उन्हें सिखाएं कि 'वायरल' होने से कहीं बेहतर है 'वैल्यू' वाला इंसान बनना। उन्हें खेल, कला, किताब, प्रकृति और रिश्तों की ओर मोड़ें। **स्कूलों में डिजिटल हेल्थ की शिक्षा दी जाए।** परिवारों में हर दिन 'नो स्क्रीन टाइम' लागू हो। और समाज मिलकर यह तय करे कि 'रील' से पहले 'रियल' ज़िंदगी ज़रूरी है।

**- उमेश कुमार साहू**

आज का कार्टून




साभार

# राष्ट्र रक्षा सभी का धर्म बने

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ने एक मंत्र दिया- इदं राष्ट्राय इदं न मम् अर्थात् मेरा कुछ भी नहीं है, मेरा सब कुछ राष्ट्र के लिए है अथवा राष्ट्र को समर्पित है। क्या आज जब भारत सशक्त, समृद्ध , आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है और जब पड़ोसी देशों के साथ आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर संघर्ष भी लगातार बढ़ रहा है, क्या तब यह मंत्र सभी को आत्मसात नहीं करना चाहिए? क्या यह समय जाति, संप्रदाय, भाषा अथवा क्षेत्रीयता के आधार पर आपसी वैमनस्य फैलाने का है? क्या ऐसे में देव भक्ति अपनी-अपनी और राष्ट्रभक्ति मिलकर करने की आवश्यकता नहीं है? क्या भारतवर्ष के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक बलिदानी राष्ट्र रक्षा को ही अपना धर्म बनाकर बलिवेदी पर नहीं चढ़े?

भूमि,जन, संस्कृति, प्रकृति-पर्यावरण, आचार और व्यवहार की विविधता मिलकर राष्ट्र की संकल्पना को आकार देते हैं। जन के लिए यह आवश्यक है कि वह भूमि को माता मानकर मानवता के कल्याण की संस्कृति का पालन और निर्माण करें। प्रकृति-पर्यावरण के बिना किसी भी जीवधारी का जीवन संभव नहीं है इसलिए इनके संरक्षण-संवर्धन हेतु भी कार्य करें। साथ ही वे ऐसे आचार और व्यवहारों का अनुसरण करें जिनमें सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना निहित हो। विश्व ज्ञान के आदि ग्रंथ ऋग्वेद में इसी जन को केंद्र में रखकर सबसे पहले उसे मनुर्भव... अर्थात मनुष्य बनने का उपदेश है। तदुपरांत उसे वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र देते हुए सर्वे भवंतु के सुख की कामना की गई है। ध्यान रहे भारतीय चिंतन में जन का आह्वान है- माताभूमिः पुत्रोअहं...अर्थात यह भूमि मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूं। क्या इसके मूल में मातृभूमि की रक्षा का संकल्प और संदेश निहित नहीं है? आज यह समझने की आवश्यकता है कि राष्ट्र रक्षा स्वयं के अस्तित्वबोध व आत्मबोध का भी विषय है। हमारी धार्मिक मान्यताएं, पूजा पद्धतियां और उनका पालन हम अपने राष्ट्र की सीमाओं में रहकर ही सहजता से कर पाते हैं, इसलिए यदि राष्ट्र सुरक्षित होगा तो ही हम सुरक्षित रह सकते हैं, राष्ट्र के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। सर्वविदित है कि अतीत में भारतवर्ष ने भिन्न-भिन्न कारणों से लंबे समय तक विदेशी दासता और अत्याचार झेले हैं। इस लंबे कालखंड में विदेशी आक्रांताओं एवं शासकों से अनेक युद्ध और संघर्षों से भी गुजरना पड़ा। अनेक कष्ट सहकर और अनेकानेक बलिदानों के बाद भी राष्ट्र रक्षा के लिए यहां का जन जन सर्वस्व अर्पण करता रहा है। सैनिक सीमा पर केवल वेतन के लिए नहीं खड़ा होता अपितु वह वतन और उसकी रक्षा को धर्म मानकर लड़ता है। स्वतंत्रता के बाद औपनिवेशिक विचारों की व्यापकता, राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं एवं विभिन्न स्वार्थों के कारण कुछ कथित संगठन बनाकर और व्यक्तिगत रूप से समाज और राष्ट्र को कमजोर करने हेतु प्रयास करते रहे हैं। जन भागीदारी का संबल पाकर यह राष्ट्र विकसित भारत का संकल्प लेकर जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे कथित बुद्धिजीवी भारत विरोध हेतु एकजुट होकर इकोसिस्टम में काम करने लगते हैं। ऐसे लोग कभी जाति,संप्रदाय अथवा भाषा के विवाद खड़े करते हैं तो कभी सोशल मीडिया में सेना, सरकार और सकारात्मकता के विरुद्ध झूठा प्रोपेगेंडा चलते हैं। ये कभी प्रधानमंत्री को तानाशाह बताते हैं तो कभी आरएसएस पर इस देश और शिक्षण संस्थानों के भगवाकरण का दोष लगाते हैं। ये कभी अल्पसंख्यकों को दमित बताते हैं तो कभी किसानों को। नए कृषि कानून, तीन तलाक कानून, कश्मीर से धारा 370 हटाने का कानून और हाल ही में वक्फ संशोधन कानून आदि ऐसे अनेक महत्वपूर्ण कानूनों के विरोध में कथितों का यह इकोसिस्टम लगातार सक्रिय रहा है। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कारवाई हुई। सीमा पर लंबे समय तक तनाव बना रहा। कई सैनिकों और नागरिकों का बलिदान हुआ। सारा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा रहा लेकिन कुछ कथित वामपंथी- दामपंथी और भारत विरोधी तरह-तरह के झूठे प्रोपेगेंडा बनाकर सेना और सरकार का मनोबल गिराते रहे। व्हाट्सएप और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विरोध में लिखते रहे। ये गिरगिट हैं, रंग बदलते रहते हैं। कभी ये युद्ध करने के लिए आदेशात्मक प्रचार चलते हैं तो कभी शांति दूत बन जाते हैं। कभी ये फिलिस्तीन की तरफदारी करते हैं तो कभी पाकिस्तान और चीन का गुणगान करते हैं, क्या ऐसे लोग सामाजिक समरसता और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं?

**- डा.वेदप्रकाश**

# विवादों के बीच तेजप्रताप ने दी तेजस्वी को बधाई

महानगर नेटवर्क

पटना

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एक बार फिर से पिता बने। उनकी पत्नी राजश्री यादव ने बेटे को जन्म दिया और उसके बाद से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। लालू परिवार में खुशियां मनाई जा रही है। इस बीच पिछले दिनों से विवादों में रह रहे तेजप्रताप यादव ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को बधाई दी। दरअसल, तेजप्रताप यादव ने सोशल मीडिया एक्स के जरिये एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने तेजस्वी यादव की तस्वीर नन्हें मेहमान के साथ शेयर किया और खूब बधाई दी। तेजप्रताप यादव ने लिखा कि, 'मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।'

### तेजप्रताप ने सोशल मीडिया के जरिये दी बधाई

एक्स अकाउंट पर तेजप्रताप यादव ने लिखा कि, "श्री बांके बिहारी जी के असीम कृपा व आशीर्वाद से नवजात शिशु के आगमन (पुत्ररत्न की प्राप्ति) पर मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। छोटे भाई तेजस्वी प्रसाद यादव एवं राज श्री यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएंभतीजे को मेरा स्नेहिल आशीर्वाद एवं शुभ प्यार।।" इस पोस्ट के जरिये तेजप्रताप यादव ने तेजस्वी को बधाई और नन्हें मेहमान को ढेर सारा आशीर्वाद दिया। तेजप्रताप यादव ने खुशी जाहिर की। बता दें कि, लगातार यह सवाल खड़े हो रहे थे कि, तेजप्रताप यादव आखिर कहां हैं। ऐसे में तेजस्वी के पिता बनने के बाद तेजप्रताप यादव सोशल मीडिया पर फिर एक्टिव हो गए हैं।

**कहा-'मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य'**




### तेज अनुष्का विवाद: आकाश यादव ने दी धमकी

तेजप्रताप और अनुष्का की लव स्टोरी से बिहार की सियासत में भूचाल आया हुआ है। तेजप्रताप के परिवार की तरफ से रिएक्शन तो आ चुके हैं, लेकिन पहली बार अनुष्का का परिवार सामने आया है और अनुष्का के भाई आकाश यादव ने कहा कि हमारे साथ अत्याचार हो रहा है। मैं अपनी छोटी बहन के सम्मान के लिए लड़ाई लड़ूंगा। इसके साथ ही आकाश ने लालू यादव को धमकी देते हुए कहा कि अगर उनके दबाव में आकर तेजप्रताप अपनी बातों से, अपने वादे से पलट गए तो लालूजी के लिए यह अच्छा नहीं होगा।

### BJP नेता का दावा- तेज प्रताप यादव की तीसरी बीवी भी हैं

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता डॉक्टर निखिल आनंद ने दावा किया है कि लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की तीन बीवियां हैं। 2020 के चुनाव में मनेर विधानसभा से दूसरे नंबर पर रहे निखिल आनंद ने कथित तौर पर अनुष्का यादव की एक चैट के आधार पर आरोप लगाया है कि ऐश्वर्या राय और अनुष्का यादव के अलावा तेज प्रताप यादव की जिंदगी में तीसरी महिला भी हैं। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने फोटो बाहर आने पर अपने ट्वीट में लालू परिवार से एक सिन्हा का नाम लेकर सवाल पूछा था। तेज प्रताप ने हालांकि अपने सोशल मीडिया खाता हैक होने और फोटो एडिट करके उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है।

ये चैट अनुष्का यादव के हैं या अनुष्का के नाम पर फोटोशॉप है, ये प्रमाणित नहीं है। इस नाम से इंस्टाग्राम पर अभी ऐसा कोई खाता नहीं दिख रहा, जिसमें अनुष्का की चैट में दिख रही फोटो लगी हो। एक संभावना ये बनती है कि अगर अनुष्का इंस्टाग्राम पर हैं और वायरल चैट सच में उसी खाते का स्क्रीनशॉट है तो संभव है कि विवाद को देखते हुए उसे फिलहाल बंद कर दिया गया हो।

# सीएम नीतीश पहुंचे बिहार म्यूजियम

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार के मुखिया नीतीश कुमार इन दिनों पूरी तरह से एक्शन मोड में दिख रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाले निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय के पास टनल निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। तो वहीं, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने टनल से बिहार संग्रहालय में प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटकों को मिलनेवाली अन्य सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि, बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली सुरंग करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी और 8 मीटर चौड़ी होगी। इसे जमीन से 15 मीटर नीचे बनाया जा रहा है।

**अधिकारियों संग कर रहे टनल का निरीक्षण**



### अधिकारियों को दिया गया आदेश

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि,टनल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करें, जिससे बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर प्रदर्शों का अवलोकन कर सकें।उन्होंने कहा कि,टनल का बेहतर ढंग से निर्माण कराएं ताकि इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ पैदल पर्यटक आसानी से पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय आवागमन कर सकें।बिहार संग्रहालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है।पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं।पटना संग्रहालय का विस्तारीकरण और उन्नयन कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है।पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय के बीच टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी।पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करें।

# कोर्स में जो विषय नहीं छात्रों ने उसकी परीक्षा दे दी

**रिजल्ट भी आ गया, बिहार में गजब कारनामा**

महानगर नेटवर्क

पटना



जिस विषय की पढ़ाई स्नातक में नहीं होती है, उसकी परीक्षा हो गई और रिजल्ट भी जारी कर दिया गया है। रिजल्ट जारी होने के बाद देखा गया कि जिस विषय का रिजल्ट आया है वह तो यूनिवर्सिटी में है ही नहीं। आनन-फानन अब छात्रों का रिजल्ट रोका गया है। यह मामला बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार यूनिवर्सिटी (BRABU) का है। वैशाली जिले के दो कॉलेजों के 500 से अधिक छात्र अब अपने रिजल्ट के लिए परेशान हैं। इसे परीक्षा बोर्ड में लेकर जाने पर विचार किया जा रहा है।

बीआरएबीयू के डिप्टी कंट्रोलर डॉ आनंद दुबे का कहना है कि कॉलेजों की गलती से ऐसा हुआ है। कॉलेजों ने फॉर्म भरकर उसे चेक नहीं किया और गलत फॉर्म विश्वविद्यालय को भेज दिया। बीआरएबीयू में अभी स्नातक प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट आया है। इस रिजल्ट में वैशाली के दो अंगीभूत कॉलेजों के छात्रों ने 2 ऐसे विषयों की परीक्षा दी, जिनकी पढ़ाई यूनिवर्सिटी में नहीं होती है।ग्रेजुएशन कोर्स के प्रथम सेमेस्टर में सोशल साइंस के एमडीसी में जूलॉजी और बॉटनी का विषय नहीं लिया जाता है। इसकी जगह छात्रों को डायवर्सिटी ऑफ कोर डाटा और फिजियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलाजी विषय लेना था, लेकिन छात्रों के फॉर्म में जूलॉजी और बॉटनी लिख दिया गया। छात्रों का एडमिट कार्ड एवं उनकी परीक्षा होकर रिजल्ट भी जारी कर दिया गया। मामला सामने आने पर दोनों कॉलेज के छात्र विश्वविद्यालय पहुंचे थे। बताया गया कि कॉलेजों की गलती से रिजल्ट फंस गया है। कई कॉलेजों द्वारा छात्रों का सब्सिडियरी विषय गलत भरने का मामला सामने आया है। ऐसे छात्रों की डिग्री फंस रही है। डिप्टी कंट्रोलर डॉ रेणु बाला का कहना है कि विज्ञान के कुछ छात्रों के साथ ऐसा हुआ है। हालांकि, परीक्षा बोर्ड का निर्णय आ चुका है। छात्रों को डिग्री दी जा रही है।

### बिहार में तेज रफ्तार कार ने महिला और बच्चे को उड़ा दिया

**पटना।** बिहार में रफ्तार का जबरदस्त कहर देखने को मिला है। यहां एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर महिला और बच्चे को उड़ा दिया। सड़क पर हुए इस हादसे का एक खौफनाक वीडियो भी सामने आया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि घटना सीतामढ़ी के रीगा मिल चौक की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला और बच्चे को इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया है। गंभीर बात यह है कि हादसे के बाद कार का ड्राइवर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी वीडियो में कैद है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि महिला और एक बच्चा सड़क किनारे पैदल चले आ रहे हैं।

# नौकरी के दौरान ले ली LLB की डिग्री

- सरकारी कर्मचारी की फंसी गर्दन
- मुख्यालय से जारी हुआ नोटिस हुआ नोटिस



**भागलपुर।** सुल्तानगंज प्रखंड के पंचायत रोजगार सेवक जयप्रकाश राम नौकरी में रहते हुए एलएलबी की डिग्री ली है। साथ ही बिहार राज्य बार काउंसिल से अधिवक्ता का लाइसेंस भी ले लिया है। इस मामले में ग्रामीण विकास विभाग के बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के मुख्य परिचालन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने पंचायत रोजगार सेवक जयप्रकाश राम से स्पष्टीकरण मांगा है।

पंचायत रोजगार सेवक से पूछा गया है कि आपके विरुद्ध लिखित शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें बताया गया है कि सुल्तानगंज प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवक के पद पर रहते हुए आपके द्वारा एलएलबी की डिग्री प्राप्त की गई। 2012 में अधिवक्ता के रूप में बिहार राज्य बार काउंसिल पटना में अपना एनरॉलमेंट नंबर 401/2012 में पंजीकृत कराया गया है।

नौकरी करते हुए वकालत की पढ़ाई की डिग्री लेना व अधिवक्ता के रूप में कार्य करना गैर कानूनी है। इधर, शिकायत मिलने के बाद डाआरडीए डायरेक्टर दुर्गा शंकर ने उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह के आदेश पर जांच शुरू कर दी है।

# होटल में मटन की जगह बीफ बिरयानी परोसने पर भारी बवाल

**जमकर मारपीट के बाद पहुंची पुलिस**



महानगर नेटवर्क

दरभंगा

बिहार के दरभंगा में ग्राहक और होटल कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद की शुरुआत तब हुई जब ग्राहक ने मटन बिरयानी का ऑर्डर दिया। लेकिन, ग्राहक का आरोप है कि, होटल वाले ने मटन बिरयानी की जगह बीफ बिरयानी परोस दिया। जिसकी शिकायत करने के बाद विवाद इतना बढ़ा कि मामला मारपीट, गाली-गलौज तक पहुंच गया। जब इस बात की शिकायत ग्राहक के द्वारा मब्बी थाना को दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया। वहीं, नगर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि, दोनों पक्षों के द्वारा आवेदन दिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

जानकारी के मुताबिक, मब्बी थाना क्षेत्र के शीशो रोड स्थित स्पार्की में ग्राहक मो। राशिद अपने रिश्तेदारों के साथ होटल में मटन बिरयानी खाने गए थे। लेकिन, टेबल पर उन्हें जो बिरयानी दी गई, वह बीफ बिरयानी निकली। जिसके बाद बिना खाना खाये, खाना का बिल चुकता कर इसकी शिकायत होटल स्टाफ से की। जिस पर होटल स्टाफ ने ग्राहक के साथ उल्टा गाली-गलौज की और मारपीट करने लगे। जिस पर ग्राहक राशिद की ओर से होटल स्टाफ सद्दाम, दानिश फरीद, शोएब खान, जिशान, तुफैल खान समेत करीब दो दर्जन अज्ञात कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। वहीं, दूसरी ओर होटल के कर्मचारी मो। तुफैल ने भी मो। राशिद और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### विवाद को लेकर तनाव की स्थिती

वहीं, स्थानीय लोगों की माने तो, होटल में खाना के विवाद को लेकर हमेशा तनाव की स्थिति बनी रहती है। लेकिन, होटल मालिक की दबंगता के कारण ना तो लोग बोल पाते हैं और ना ही प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई होती है। पुलिस होटल में लगे CCTV फुटेज की जांच करेगी तो वास्तविकता खुद स्पष्ट हो जाएगी।

# स्कूल में दो छात्रों के बीच जमकर मारपीट

**पिता ने दूसरे के बच्चों को घर ले जाकर पीटा**



**नवगछिया।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तिरासी में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र अंकित कुमार पिता अनिल कुमार और रविश कुमार पिता माखन साह आपस में किसी बात पर उलझ पड़े। इससे अंकित का सिर फट गया। आनन-फानन में शिक्षक ने निजी चिकित्सक से घायल छात्र का इलाज कराया। पुत्र के घायल होने की जानकारी मिलते ही अनिल कुमार विद्यालय पहुंचे और शिक्षकों के मना करने के बावजूद छात्र रविश कुमार को जबरदस्ती अपने घर ले गए। जहां छात्र की जमकर पिटाई कर दी। इसकी जानकारी जब रविश के पिता माखन साह को हुई तो उन्होंने तत्काल डायल 112 को घटना की जानकारी दी। उन्होंने अपने बच्चे का इलाज गांव के ही निजी चिकित्सक से कराया। डायल 112 ने प्रधानाध्यापक से मामले की जानकारी ली और उन्हें लिखित गोपालपुर थानाध्यक्ष को देने को कहा।

# मुजफ्फरपुर में सड़कों से बैरिकेड उठा ले जा रहे लोग

- अब तक 50 लाख की चोरी हो गई

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर में लोग सड़कों पर लगे भारी-भरकम बैरिकेड ही चोरी कर ले जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी के नाले पर लगे लोहे के स्लैब और वाटर एटीएम का नल चोरी के बाद अब चोरों की नजर लोहे के बैरिकेड पर है। बीते डेढ़ साल में शहर से 50 लाख रुपये के 600 से अधिक बैरिकेड चोरी हो चुके हैं। सबसे अधिक बैरिकेड 'सीवरेज सिस्टम एवं अंडरग्राउंड मेन स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज' प्रोजेक्ट के काम में लगी निर्माण एजेंसी के गायब हुए हैं। एजेंसी के एक अधिकारी के मुताबिक कार्यस्थल की घेराबंदी को लेकर दाउदपुर कोठी स्थित कैंप साइट पर लोहे के बैरिकेड बनाए गए थे। बैरिकेड पर पेंट कर सावधानी बरतने जैसे संदेश लिखे जाते हैं। एक बैरिकेड पर 7 से 8 हजार रुपये का खर्च आता है। लंबे समय से बैरिकेड चोरी का सिलसिला जारी है। इसके अलावा स्पाइनल रोड एवं अन्य प्रोजेक्ट में भी नाले के निर्माण के दौरान साइट पर लगाए गए बैरिकेड गायब हुए हैं।

### निर्माण कार्य के दौरान बैरिकेड लगाना जरूरी:

सुरक्षा मानकों के तहत निर्माण स्थल पर बैरिकेड लगाना जरूरी है। इसका इस्तेमाल कई कार्यों में भी होता है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में नाला या सीवरेज लाइन निर्माण के क्रम में सड़क को काटकर गहरा या लंबा-चौड़ा गड्ढा बनाना पड़ता है। इसके कारण हादसे की आशंका बढ़ जाती है। इसे रोकने को लोहे के बैरिकेड से घेराबंदी का प्रावधान किया गया है।

अमूमन रात 10 बजे से काम होता है। काम करने के बाद मजदूर एवं अन्य लोग लौट जाते हैं। फिर सुबह से रात तक वहां निगरानी नहीं होने का फायदा उठाते हुए चोर, नशेड़ी या अन्य असामाजिक तत्व बैरिकेड चुराकर कबाड़ी को बेच देते हैं।

# शादी के दो महीने बाद ही कर दिया घर साफ

**पश्चिमी चंपारण।** पश्चिमी चंपारण के योगापट्टी में शादी के 2 महीने बाद ही लुटेरी दुल्हन घर साफ कर फिल्मी अंदाज में फरार हो गई। वो गहने-कपड़े समेत घर का अन्य सामान लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों ने अपने स्तर से खोजीबीन लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद पति ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई। घटना बीते 20 मई की बताई जा रही है। दो महीने पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। थानाध्यक्ष कंचन भास्कर ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा। पति राजाबाबू ने थाने में दिये आवेदन में कहा है, कि मेरी शादी दो माह पूर्व निशु देवी से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही निशु मोबाइल से किसी अनजान व्यक्ति से बात करती थी। मैंने उसे बातचीत करते हुए पकड़ा था। डांटने पर उसने बातचीत करना बंद कर दिया।

## व्यापार

# पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्किये का भारत में विरोध

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



पाकिस्तान को समर्थन देने पर तुर्किये की कंपनियों का भारत में विरोध किया जा रहा है। मंगलवार को चेन्नई एयरपोर्ट ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी की सब्सिडियरी के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी की एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग सर्विस को बंद कर दिया गया है।

इससे पहले अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज के लिए तुर्किए की फर्म सेलेबी के साथ अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी थी।

### सरकार ने कंपनी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस कैंसिल किया

इससे पहले 15 मई को सिविल एविएशन सिक्योरिटी ब्यूरो (BCAS) ने सेलेबी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस कैंसिल कर दिया था। दरअसल, पाकिस्तान के भारत पर हमले में टर्किश ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए भारत द्वारा लॉन्च किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तुर्किए ने पाकिस्तान का समर्थन किया था।

# सेंसेक्स 624 अंक गिरकर बंद हुआ

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 27 मई को सेंसेक्स 624.82 अंक गिरकर 81,551.63 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 174.95 अंक की गिरावट रही, ये 24,826.20 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 5 में तेजी और 25 में गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 2.21% गिरा है। ITC, टाटा मोटर्स, NTPC सहित कुल 10 शेयरों में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। इंडसइंड बैंक में 2.6% की तेजी है। निफ्टी के 50 में से 40 शेयरों में गिरावट जबकि 10 में तेजी रही। NSE के ऑटो, IT और FMCG इंडेक्स में करीब 1% की गिरावट रही।

# बैंक डूबने पर बीमा कवर 10 लाख हो सकता है

**अगले 6 महीने में ऐलान संभव**

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली




सरकार अगले 6 महीने में बैंक डिपॉजिट पर मिलने वाले इंश्योरेंस की सीमा 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर सकती है। वित्त मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि इसको लेकर मंथन जारी है। हालांकि, नई सीमा कितनी होगी, इसका अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है।

अधिकारी के मुताबिक- नई सीमा तय करने में कई पहलू देखे जा रहे हैं। जैसे- कितने खाताधारक कवर होंगे, कितनी रकम इंश्योर्ड होगी और सरकार कितनी गारंटी देगी। कैबिनेट के निर्णय के बाद वित्त मंत्रालय इसका ऐलान करेगा। दरअसल, सरकार डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन एक्ट (DICGC) के तहत अभी बैंक के बंद होने या डूबने की स्थिति में ग्राहकों को 5 लाख रुपए का डिपॉजिट इंश्योरेंस (जमा बीमा) देती है। डिपॉजिटर्स को 90 दिन के भीतर ये रकम मिलती है। देश में डिपॉजिट इंश्योरेंस की शुरुआत 1962 में हुई थी। उस वक्त प्रति खाताधारक 1,500 रुपए की सीमा थी। इसे समय-समय पर बढ़ाया गया। 1976 में 20 हजार रुपए, 1980 में 30 हजार रुपए और 1993 में 1 लाख रुपए किया गया। फरवरी 2020 में पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक संकट के बाद इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया गया।

# रिलायंस जनरल इंश्योरेंस का PAT साल-दर-साल 12.5% की बढ़ोतरी

**मुंबई।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कंपनी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में शानदार प्रदर्शन किया, जो कंपनी की ओर से डिजिटल माध्यमों को ज्यादा अहमियत देने, ग्राहकों के अनुरूप तैयार किए गए प्रोडक्ट्स और विविधतापूर्ण वितरण रणनीति की वजह से संभव हो पाया है। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने अपनी दमदार जोखिम प्रबंधन व्यवस्था को कायम रखते हुए, रिटेल, कॉर्पोरेट और सरकारी व्यवसाय के क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी को बढ़ाना जारी रखा है। कंपनी लगभग पिछले 4 सालों से IBC के अधीन रहते हुए कठिन चुनौतियों का सामना कर रही थी, जिसका अधिग्रहण इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (IIHL) द्वारा किया गया है। नए प्रमोटर ने कंपनी की स्थिति को फिर से मजबूत करने के लिए पहले ही 300 करोड़ की पूंजी का निवेश किया है। इंश्योरेंस के कारोबार में डिस्ट्रीब्यूशन चैनल सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, और प्रमोटर के पूरे भारत में मौजूद नेटवर्क से जुड़ाव से भी कंपनी की पहुंच को काफी बढ़ावा मिलेगा।

# श्रीराम एएमसी ने सॅनलॅम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**मुंबई।** श्रीराम समूह की सहायक कंपनी श्रीराम एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (श्रीराम एएमसी) ने दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर वित्तीय कंपनी सॅनलॅम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। सॅनलॅम वर्तमान में 80 बिलियन डॉलर के निवेश कोष (एयूएम) का प्रबंधन करता है। सॅनलॅम ने श्रीराम एएमसी के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से भारत में तेजी से बढ़ते परिसंपत्ति प्रबंधन उद्योग के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। श्रीराम एएमसी ने सॅनलॅम इमर्जिंग मार्केट्स (मॉरीशस) लिमिटेड (एसईएमएम) को 38.89 लाख इक्विटी शेयरों का तरजीही आवंटन किया है। इससे श्रीराम एएमसी को 105 करोड़ रुपये की विकास पूंजी प्राप्त हुई है। इस आवंटन और अनिवार्य खुली पेशकश के साथ, एसईएमएम ने भारतीय शेयर बाजार में पहली सूचीबद्ध एएमसी कंपनी में 23 प्रतिशत प्रत्यक्ष हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इससे मौजूदा प्रमोटर श्रीराम क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के साथ सह-प्रमोटर के रूप में सॅनलॅम श्रीराम एएमसी में शामिल हो गई है।

# एकम्स को Q4 FY25 में 12.4% ज्यादा कमाई

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी दवा बनाने वाली कॉन्ट्रैक्ट कंपनी 'एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड' ने 31 मार्च 2025 को खत्म हुई तिमाही और पूरे साल के अपने संयुक्त वित्तीय नतीजे जारी किए। चौथी तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन में जोरदार सुधार दिखा, जिससे आगे की बढ़त और वैश्विक विस्तार के लिए मजबूत आधार बना। Q4 FY25 में एकम्स की कमाई 1,073 करोड़ रही, जो पिछले साल की तुलना में 12.4% ज़्यादा है। इस तिमाही में कंपनी का एबिट्टा मार्जिन 10.4% रहा। Q4 के अच्छे प्रदर्शन के साथ, एकम्स ने पूरे साल यानी FY25 को 4,170 करोड़ की कंसोलिडेटेड टोटल इनकम और 12.3% की एडजस्टेड एबिट्टा मार्जिन के साथ पूरा किया, जो पिछले साल से 7 बेसिस पॉइंट बेहतर है। इस दौरान कंपनी ने अपने प्रोडक्ट मिक्स को बेहतर बनाने, रिसर्च-ड्रिवन पोर्टफोलियो तैयार करने और ग्लोबल प्रेज़ेंस बढ़ाने पर ध्यान बनाए रखा।

### भारत और पाक तनाव कम होने से निवेशकों के रुझान में सुधार

**मुंबई।** भारतीय इक्विटी बाज़ार फिलहाल सतर्क आशावाद के दौर से गुज़र रहा है। हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर सैन्य उपस्थिति कम करने पर बातचीत और अमेरिका तथा चीन के बीच आर्थिक सहयोग के संकेतों के बाद निवेशकों के रुझान में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन बाज़ार सीमा पर और वैश्विक व्यापार संबंधों के लिहाज़ से उभरती स्थितियों को लेकर सतर्क हैं। इस तरह के बाज़ार में, खुदरा निवेशक विकास और विविधीकरण को संतुलित करने वाली रणनीतियों से लाभ उठा सकते हैं। फ्लेक्सी कैप फंड एक मज़बूत विकल्प प्रदान करते हैं क्योंकि ये इक्विटी म्यूचुअल फंड बिना किसी निश्चित सीमा के बड़ी, मध्यम और छोटी (लार्ज-, मिड- और स्मॉल-कैप) कंपनियों में निवेश करते हैं। टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ-इक्विटीज़ राहुल सिंह ने कहा, सावधानीपूर्ण आशावाद और बदलते वैश्विक परिवेश के बीच, निवेशकों के लिए एक जैसी रणनीति हर बार कारगर नहीं हो सकती।

# मुख्यमंत्री ने उत्तर गारो हिल्स में 516 करोड़ रुपये की परियोजना का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** मेघालय में जल सुरक्षा को बढ़ाने और समुदाय की जलवायु सहनशीलता को मजबूत करने के उद्देश्य से, कॉनराड के संगमा, मुख्यमंत्री ने मंगलवार को उत्तर गारो हिल्स के मेंडिपाथर कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित "जलवायु अनुकूल समुदाय आधारित जल संचयन परियोजना" का शुभारंभ किया। यह परियोजना मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के अंतर्गत लागू की जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तर गारो हिल्स के दूरदराज क्षेत्रों का दौरा किया ताकि जमीनी स्तर पर स्थितियों को समझा जा सके और नागरिकों से जुड़ा जा सके। इस परियोजना के तहत राज्य के सभी 12 जिलों में जलवायु आंकड़ों के संग्रहण और निगरानी के लिए 50 मौसम केंद्र और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियाँ स्थापित की जाएंगी।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# गाजीपुर में बर्ड फ्लू को लेकर पशुपालन विभाग अलर्ट

**महानगर संवाददाता**

**गाजीपुर**

बर्ड फ्लू के खतरे को लेकर गाजीपुर में पशुपालन विभाग ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। विभागीय टीमें रोजाना पोल्ट्री फार्मों का दौरा कर रही हैं। सोमवार को 70 मुर्गों के सैंपल बरेली की प्रयोगशाला भेजे गए, जिनमें ट्रेकियल, सिरम और क्लोकल के 10-10 नमूने शामिल हैं। इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट 15 दिन बाद आएगी। शासन के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत 10 जून तक पोल्ट्री फार्मों की निगरानी और सैंपलिंग जारी रहेगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एके शाही ने बताया कि अभी तक जिले में किसी भी पक्षी में बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं मिले हैं। लेकिन एहतियात के तौर पर सैंपलिंग प्रक्रिया तेज की गई है। लक्षण दिखने पर 10 पक्षियों से रक्त (सिरम), श्वसन तंत्र (ट्रेकियल) और क्लोकल नमूने लिए जाएंगे। विभाग ने 4 रैपिड रेस्पांस टीमें

### 70 सैंपल जांच के लिए भेजे



(आरआरटी) गठित की है, जिनमें चिकित्सक और कर्मचारी शामिल हैं। ये टीमें फार्मों का निरीक्षण कर संदिग्ध मामलों में सैंपल एकत्र करेंगी।

**स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत**

पोल्ट्री फार्म संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने और सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने न आने से राहत है, लेकिन शासन का हाई अलर्ट और विभाग की सक्रियता खतरे से निपटने की तैयारी को दर्शाती है।

# यूपी में अधिकारियों के बाद अब वन दारोगाओं पर मधुमक्खियों का हमला

**महानगर संवाददाता**

**मिर्जापुर**

यूपी के ललितपुर में रविवार को ही मधुमक्खियों ने कई अधिकारियों पर हमला बोल दिया था। इनमें कई अधिकारी बुरी तरह घायल हो गए थे। अब मिर्जापुर में मधुमक्खियों ने वन दारोगाओं की टीम पर हमला बोला है। मंगलवार को कानपुर से मड़िहान के जंगलों में भ्रमण के लिए प्रशिक्षु वन दारोगा पहुंचे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। कुल 54 दारोगाओं की टीम पर हमला होते ही सभी भाग खड़े हुए। इसके बाद भी मधुमक्खियों ने 20 दारोगाओं को बुरी तरह काट लिया है। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन वन दारोगाओं को सीएचसी मड़िहान में भर्ती कराया गया है। बेहतर इलाज के लिए सभी को मिर्जापुर के मंडलीय अस्पताल भेजा गया है।
वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के अनुसार कानपुर नगर से 54 प्रशिक्षु वन दरोगा बेला मंदिर के पास स्थित चंदन वन विश्राम गृह में भ्रमण के लिए आए थे। सुबह सभी लोग झरी पौधशाला में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने

### 20 घायल, 4 गंभीर



हमला बोल दिया। इसके बाद एक-एक कर सभी वनकर्मी घायल हो गए। सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों के बेहतर इलाज के लिए तत्काल मिर्जापुर मंडलीय अस्पताल ले गए।
इससे पहले रविवार को ललितपुर के देवगढ़ में पर्यटन की संभावनाएं तलाशने गए नोडल अधिकारी एवं विशेष सचिव रेशम विकास सुनील कुमार वर्मा सहित कई आला अफसरों और कर्मचारियों पर बौद्ध गुफा के पास मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था। इस दौरान कई अफसर घायल हो गए। देवगढ़ मैनेजिंग कमेटी, ग्रामीणों ने रेस्क्यू करके एंबुलेंस से अफसरों को अस्पताल पहुंचाया था। एक अफसर के कान से चार मधुमक्खियों को अस्पताल में निकाला गया था। नोडल अधिकारी एवं विशेष सचिव रेशम जनपद के संचालित योजनाओं और विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए ललितपुर पहुंचे थे। रविवार को उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी केके पांडेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी बिरधा, अधिशासी अभियंता जल निगम अवनीश, सचिव शैलेंद्र सहित तमाम कर्मचारी देवगढ़ गए थे। यहां सभी ने पहले दशावतार मंदिर के भग्नावशेष का भ्रमण किया। फिर बौद्ध गुफा की तरफ चले गए। बौद्ध गुफा के पास अफसरों और कर्मचारियों का दल पहुंचा ही था कि अचानक मधुमक्खियों के दल ने उन पर हमला बोल दिया।

### यूपी के धार्मिक स्थलों को दहलाने आए

# हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी उल्फत को दस वर्ष की कैद



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद की एक अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के मामले में दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मंगलवार को शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद छाया शर्मा ने हुसैन पर 48,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। उल्फत पर बड़ा आरोप यह था कि वह मुरादाबाद के धार्मिक स्थलों पर बड़ी आतंकी वारदात की साजिश को अंजाम देने वाले थे।
अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) सुरेश सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले का निवासी हुसैन 2002 से आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त था। उन्होंने बताया कि 2008 में जमानत मिलने के बाद हुसैन फरार हो गया और सालों तक कानून से बचता रहा। मुरादाबाद की अदालत ने उसके खिलाफ 2015 और 2025 में स्थायी वारंट जारी किए। उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सिंह ने बताया कि आठ मार्च 2025 को उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और कटघर पुलिस के संयुक्त अभियान में उसे जम्मू-कश्मीर के पुंछ से गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे मुरादाबाद जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को मुरादाबाद की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा ने उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के मामले में दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एडीजीसी सिंह ने बताया कि अदालत ने उस पर 48,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एडीजे-11 कोर्ट में लंबे समय से चल रही सुनवाई के बाद उल्फत हुसैन को 10 साल की कैद और 48,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। पुलिस और एटीएस की इस कार्रवाई को आतंकी साजिश को नाकाम करने में बड़ी सफलता माना जा रहा है। कटघर पुलिस ने 9 जुलाई 2002 को उल्फत हुसैन सहित चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनकी निशानदेही पर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इसमें एक AK-47, एक AK-56, दो 30 बोर पिस्टल, 12 हैंड ग्रेनेड, 29 किलो विस्फोटक पदार्थ, 50 डेटोनेटर, 39 टाइमर, 8 मैगजीन और 560 जिंदा कारतूस शामिल थे। पुलिस के अनुसार ये आतंकी मुरादाबाद के धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।

# लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल से बदलेगी तस्वीर

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की लखनऊ अब भारत की रक्षा क्षमताओं को नई ऊंचाइयां देने जा रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण सरोजनीनगर क्षेत्र के भटगांव में स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में हो रहा है। यह संयंत्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड का हिस्सा है और इसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा स्थापित किया गया है, जो भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया के बीच एक संयुक्त उद्यम है। यह परियोजना लखनऊ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस फैक्ट्री में दुनिया की सबसे तेज और विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

### राजधानी में इस जगह हो रहा निर्माण




'ब्रह्मोस' का निर्माण होगा। 11 मई को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल उत्पादन यूनिट का उद्घाटन किया गया था। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वर्चुअली शामिल हुए थे, जबकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित अन्य मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे थे। दरअसल, ब्रह्मोस मिसाइल प्लांट लखनऊ-कानपुर रोड पर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत विकसित किया गया है। यह संयंत्र लखनऊ के सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के भटगांव गांव में स्थित है। इस जगह को विशेष रूप से उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों और मिसाइलों के निर्माण के लिए तैयार किया गया है।

**साढ़े तीन साल में तैयार हुआ आधुनिक संयंत्र**

इस प्रोजेक्ट की आधारशिला दिसंबर 2021 में रखी गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने 80 हेक्टेयर भूमि मुफ्त में उपलब्ध करवाई थी। अब केवल 3.5 सालों में यह प्लांट निर्माण से उत्पादन के चरण में पहुंच चुका है। संयंत्र की निर्माण लागत 300 करोड़ रुपये है, जिसमें जमीन की लागत शामिल नहीं है। यह मिसाइल परियोजना ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा संचालित की जा रही है, जो कि भारत के DRDO और रूस की NPOM का संयुक्त उपक्रम है। इसमें भारत की 50.5% और रूस की 49.5% हिस्सेदारी है।

# साली की खूबसूरती देख जीजा की नीयत हुई खराब

### अंधेरे का उठाया फायदा, अब माथा पीट रहे ससुराल वाले

**महानगर संवाददाता**

**बरेली**

यूपी के बरेली जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां ससुराल आए जीजा का अपनी नाबालिग साली पर दिल आ गया। साली भी जीजा को कुछ-कुछ पसंद करने लगी। इसकी जानकारी न तो युवक की पत्नी को थी और न ही उसके ससुराल वालों को। दोनों चुपके-चुपके मिला भी करते थे। एक दिन साली की खूबसूरती पर जीजा की नीयत खराब हो गई। जीजा ने अंधेरे का फायदा उठाया और वो कर डाला जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। अगले दिन जब दामाद की सच्चाई ससुर को पता चली तो वह दंग रह गया। ससुराल वाले माथा पीटने लगे। ससुर जब दामाद की शिकायत लेकर उसके घर पहुंचा तो वहां उसकी बड़ी बेटी को बच्चों समेत घर से निकाल दिया गया। इसके बाद ससुर थाने पहुंचा और पूरा मामला बताकर रिपोर्ट दर्ज कराई।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मामला शाही थाना क्षेत्र का है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने 10 साल पहले अपनी बड़ी बेटी की शादी रामपुर जिले के एक गांव में युवक से की थी। 24 मई को उसका दामाद घर आया था। वह सबके के साथ अच्छे से पेश आ रहा था।

# मीटर बाइपास कर घरों में चला रहे थे एसी

### बिजली चेकिंग टीम के पहुंचते ही मच गई खलबली

**महानगर संवाददाता**

**प्रयागराज**

यूपी के प्रयागराज में बिजली विभाग की टीम ने सोमवार को लीडर रोड पर चेकिंग अभियान चलाया तो खलबली मच गई। दुकानों पर कोई कमी नहीं मिली लेकिन घरेलू उपभोक्ता चोरी की बिजली से एसी चलाते हुए पकड़े गए। कुल पांच उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग की ओर से बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसडीओ पावर हाउस राजीव कुमार ने सोमवार को लीडर रोड पर दुकानों और घरों में जांच शुरू कराई। यहां पर उपभोक्ताओं ने अपने घर के अंदर मीटर लगाया था और बाहर स्मार्ट



मीटर लगाने को तैयार न थे। बिजली कर्मियों से हुई नोकझोंक के बाद कार्रवाई तेज हुई। एसडीओ ने बताया कि पांच घरों में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी पकड़ी गई। दो उपभोक्ताओं ने दुकानों पर बिजली कनेक्शन सही लिया था लेकिन दूसरी मंजिल पर मीटर बाइपास कर एसी का इस्तेमाल कर रहे थे। इस दौरान 48 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए गए। इन लोगों का बिल ज्यादा बकाया था, उन्हें बिजली कनेक्शन काटने को कहा गया तो कईयों ने बिल जमा कर दिया। इस बीच किसी ने अफवाह उड़ा दी कि एक क्लीनिक में बिजली चोरी पकड़ी गई है।

### फाफामऊ में टीम ने 32 बकायेदारों की केबल काटी

फाफामऊ में बिजली विभाग की टीम ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 32 बकायेदारों की केबल काट दी गई। आठ लोगों का मीटर केबल उतार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा। 36 घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया और 5.10 लाख की राजस्व वसूली की गई। यह जानकारी अवर अभियंता वीपी रॉव ने दी है।

# भाभी ने छेड़छाड़ का किया विरोध तो देवर ने दांत से काटा

### शिकायत करने पर दिखाया तमंचा

**महानगर संवाददाता**

**बरेली**

यूपी के बरेली में एक शख्स ने अपने रिश्ते में भाभी के साथ छेड़छाड़ की और इसका विरोध करने पर भाभी को दांत से काट लिया। इतने पर भी उसका मन नहीं भरा। भाभी ने उसकी इस हरकत की शिकायत की तो भड़के देवर ने तमंचा दिखाकर भाभी को डराया-धमकाया। मामला बरेली के मीरगंज का है। चचेरे देवर ने अपने साथियों की मदद से अपनी भाभी से छेड़छाड़ की। उसकी भाभी ने जब उसका विरोध किया तो उसने उसे दांत से काट लिया। महिला ने अपने देवर पर गंभीर आरोप लगाकर पुलिस को मामले तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव का रहने वाला ग्रामीण अपनी पत्नी के साथ शनिवार को खेत पर काम करने गया था। थोड़ी देर बाद वह किसी काम से अपने दूसरे साथी के खेत पर चला गया। इस दौरान उसकी पत्नी को अपने खेत पर सिंचाई कार्य में लग गई। दोनों युवक महिला से छेड़छाड़ की जब महिला ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो देवर ने दांत से उसे कांटा लिया। इसकी शिकायत करने पर देवर ने तमंचे से भाभी को धमकाया।


# शूटिंग की आड़ में हथियारों का खेला

### आर्म्स एक्ट में फंसे कई रसूखदार ■ DGP के आदेश पर केस

**महानगर संवाददाता**

**आगरा**

फर्जी जानकारियां देकर हथियार लाइसेंस बनवाने और कहीं से भी शस्त्र लेकर लाइसेंस पर चढ़वाने के सनसनीखेज मामले का खुलासा एसटीएफ की जांच में हुआ है। खिलाड़ी बनाकर शूटिंग की आड़ में यह लाइसेंस बनवाए गए थे। इस जांच रिपोर्ट पर डीजीपी के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पूरे खेल में रसूखदार लोग और सेवानिवृत्त असलहा बाबू संजय कपूर को भी नामजद किया गया है।
एसटीएफ इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा ने नाई की मंडी थाने में धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत



मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे में चर्चित शख्स मोहम्मद जैद, नेशनल शूटर मोहम्मद अरशद, राजेश कुमार बघेल, भूपेंद्र, शोभित चतुर्वेदी और सेवानिवृत्त असलहा बाबू संजय कपूर नामजद किए गए हैं। सभी पर अलग-अलग आरोप लगाए गए हैं। एसटीएफ को मामले की जांच का आदेश मुख्यालय से मिला था। कई महीने जांच चली। आरोप है कि आरोपियों ने जांच के दौरान न तो सहयोग किया और न ही कागजात मुहैया कराए। एसटीएफ इंस्पेक्टर ने जांच रिपोर्ट में यह आशंका जाहिर की कि यह मामला अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का है। हथियारों की तस्करी और कारतूस घोटाले के लिए शूटिंग खिलाड़ी बनाए जाते हैं।
यह मामला एक शिकायत के आधार पर खुला। शिकायतकर्ता विशाल भारद्वाज और भूपेंद्र सारस्वत के बीच विवाद हुआ था। विशाल पहले भूपेंद्र के यहां काम करता था। पांच लाख का लेन-देन था। आरोप है कि उसके खिलाफ मुकदमे लिखाए गए। उसे पुलिस से धमकी दिलवाई गई।

# पति गया काम पर पत्नी ने बेटी को दिया जहर

### खुद भी खाया, बच्ची की हालत गंभीर




**प्रतापगढ़।** यूपी के आम लेकर वाराणसी गए व्यापारी से फोन पर विवाद के बाद उसकी पत्नी ने छह साल की बेटी को जहर देकर मारने का प्रयास किया। बाद में खुद भी जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। वहां से मां को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बेटी को मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां से गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर कर दिया गया। पांच दिन पहले गुरुवार को अभी देहात कोतवाली क्षेत्र के देवघाट स्थित सई नदी पुल से 14 माह की बेटी को नीचे फेंकने वाली महिला को जेल भेजने का मामला चर्चा में है। सोमवार को लालगंज थाना क्षेत्र के रामपुर बावली में अमित सिंह की छह साल की बेटी मोहिनी को उसकी मां कल्पना सिंह ने ही जहरीला पदार्थ खिला दिया। कल्पना ने बाद में खुद भी जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को लालगंज ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वहां से इलाज के बाद कल्पना को डिस्चार्ज कर दिया गया। बेटी मोहिनी की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां डॉक्टरों ने पेट का पानी निकालने का प्रयास किया लेकिन हालत बिगड़ने लगी तो प्रयागराज रेफर कर दिया गया। साथ आए लोगों ने बताया कि पति अमित दूसरे बाग खरीदकर आम बेचता है। वह सोमवार सुबह आम लेकर वाराणसी चला गया। फोन पर पत्नी से कुछ बातचीत हुई। इसके बाद पत्नी ने घर में रखी आम के कीड़े मारने की दवा बेटी को खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। इलाके में चर्चा, आर्थिक तंगी बनी वजह बेटी को खिलाने के बाद कल्पना के खुद भी जहरीला पदार्थ खाने का मामला इलाके में चर्चा में रहा। चर्चा के अनुसार अमित सिंह आर्थिक रूप से कमजोर है। दूसरे के आम का बाग उधार खरीदकर उसे बेचने के बाद रुपये देता है।

# तीसरे बड़े मंगल पर बजरंग बली के जयकारे लगाती भीड़ उमड़ी

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

नौतपा के बीच तीसरे बड़े मंगलवार को हनुमान मंदिरों अटूट विश्वास, आस्था के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भोर में चार बजे से ही प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्त दर्शन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को सुलभ और सुगम दर्शन के लिए सभी मंदिरों में गर्मी से बचाव के विशेष प्रबंध भी किए गए हैं। कहीं कूलर पंखे तो कहीं श्रद्धालुओं के लिए फर्श पर मैट, तंबू कनात लगाए गए हैं। विशाल भंडारों में पूजन-अर्चना, आराधना के बीच ठंडा पानी, आइसक्रीम, कुल्फी, पना, शरबत आदि की व्यवस्था की गई है। यूपी की राजधानी लखनऊ के हनुमान सेतु और अलीगंज मंदिर में भीड़ व्यवस्थित रखने के लिए सेवादार लगाए गए हैं। मैट, तंबू, कनात लगाकर धूप से बचाव की तैयारी है। हजरतगंज स्थित श्री हनुमंत धाम में सुबह से भक्तों

### हनुमान मंदिरों में गर्मी से निपटने के ये इंतजाम



के लिए भजन बजे। प्रसाद वितरण किया जा रहा है। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सड़क पर जाम रोकने के लिए पुलिस मुस्तैद है। अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर में मंदिर समिति की ओर से सुबह बाल भोग के बाद अब दोपहर में मुख्य भंडारा व शर्बत भंडारा लगया जा रहा।

# कानपुर में अचानक सक्रिय हुई एजेंसियां

### एयरपोर्ट के 3 किमी के दायरे में वेरिफिकेशन ■ जमा करा रहे असलहे

**महानगर संवाददाता**

**कानपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर यूपी के कानपुर शहर में खुफिया एजेंसियां अचानक से अलर्ट मोड पर आ गई हैं। चकेरी एयरपोर्ट के तीन किलोमीटर के दायरे में संदिग्धों का सत्यापन शुरू हो गया है। इसके साथ ही लोगों से लांग रेंज असलहे भी जमा कराए जा रहे हैं। पुलिस ने ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारकों को चिन्हित कर अब तक 20 लोगों से शस्त्र जमा करवा लिए हैं। वहीं बाकी बचे लोगों पर भी सख्ती की जा रही है। इस तीन किलोमीटर की सीमा में संदिग्ध लोगों और घरों में जांच भी की जा रही है। खुफिया इनपुट के



आधार पर निगरानी चल रही है।
चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला का कहना है कि लांग रेंज वाले असलहे जमा कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही संदिग्धों का सत्यापन भी किया जा रहा है। बता दें कि पीएम मोदी का 30 मई को कानपुर आने का कार्यक्रम है। वह चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के मैदान पर जनसभा करेंगे और 21 हजार करोड़ की 11 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार सुबह मुख्य सचिव और डीजीपी हेलीकॉप्टर से कानपुर पहुंचे और सीएसए का जायजा लिया। जनसभा स्थल पर पंडाल, मंच के साथ पार्किंग, जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बैठने आदि वाली जगहों का स्थलीय निरीक्षण किया।

**विवि में बन रहे पांच हेलीपैड, 25 पार्किंग**

डीएम ने मुख्य सचिव को बताया कि पीएम के कार्यक्रम के लिए विवि में पांच हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। कुलपति कार्यालय के सामने बने तीन हेलीपैड पीएम को लेकर रिजर्व रहेंगे।

# संभल सांसद जियाउर्रहमान ने कोर्ट में मान ली गलती

### जुर्माना देने को भी तैयार

**संभल।** यूपी की संभल सीट से सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क बिना नक्शा पास बने मकान के मामले में अब बैक फुट पर हैं। वह इस मामले में जुर्माना देने को तैयार हैं। इसके लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब तीन जून को होगी। बता दें कि संभल के मोहल्ला दीपा सराय में बने इस मकान को लेकर सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर पहले ही यह स्वीकार कर लिया था कि मकान बिना नक्शा पास कराए बनाया गया है।

# IAS अभिषेक के करीबी निकांत की मुश्किलें नहीं हुईं कम

### जमानत मिलने के 4 दिन बाद ही 1 और केस दर्ज

**लखनऊ।** जेल में बंद निकांत जैन के खिलाफ लखनऊ की वजीरगंज कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा तालकटोरा आलमनगर रोड पर रहने वाले व्यवसायी हसनरजा अब्बासी ने दर्ज कराया है। निकांत के खिलाफ उन्होंने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने और धोखाधड़ी कर करोड़ों का बैंक लोन लेने का आरोप लगाया है। इस केस के दर्ज होने के बाद यह साफ हो गया है कि आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी रहे निकांत जैन की मुश्किलें फिलहाल कम नहीं हो रही हैं। निकांत को 4 दिन पहले ही जमानत मिली थी। अब उसके खिलाफ एक और केस दर्ज हो गया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। निकांत जैन सोलर पैनल कमीशन घोटाले में पहले से ही जेल में बंद हैं। हसन रजा अब्बासी की तहरीर के मुताबिक निकांत जैन ने वर्ष 2017 में फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरोसा भरोसा गांव में एक भूखंड कब्जा करने का षड़यंत्र रचा था। जमीन पर कब्जा करने के बाद निकांत ने अपने कई साथियों को जोड़कर एक निजी कंपनी के नाम से लोन लिया था।

# आर्केस्ट्रा देखने गए युवक की चाकू से गोद कर बेरहमी से हत्या

**महानगर संवाददाता**

**सुल्तानपुर**

यूपी के सुल्तानपुर में एक युवक की विवाद के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी हुई तो गांव में गुस्साए लोगों को शांत कराने पहुंचे। बताया जा रहा है कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के औझी गांव में एक व्यक्ति के यहां बहू आगमन पर आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम को देखने गए युवक की चाकू से गोद पर हत्या कर दी गई। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है, कई थाने की फ़ोर्स मौके पर तैनात कर दी गई है। पुलिस

### विवाद के बाद किया कत्ल



जांच पड़ताल में जुटी हुई है।
जानकारी के अनुसार अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर स्थित रामगंज बाजार के निकट शिवगढ़ थाना क्षेत्र का औझी गांव है। गांव निवासी मेवालाल प्रजापति के बेटे की शादी के उपरांत सोमवार को बहू भोज था। रात में मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा पार्टी बुलाई गई थी। रात करीब 11:00 बजे आर्केस्ट्रा पार्टी स्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक युवक खून से भीगा हुआ मृत अवस्था में पाया गया। उसकी पहचान औझी गांव निवासी आकाश मिश्रा उम्र 24 पुत्र कर्मराज मिश्रा के रूप में की गई। पुलिस को सूचना देते हुए आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक आकाश तीन बहन भाई में सबसे छोटा था। बड़े भाई आदेश मिश्रा, बहन व माता पिता घटना की जानकारी मिलते ही बिलख पड़े।

# काम से लौट रहे पति को पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर लूटा

### पैसे छीने फिर जमकर चलाए लाठी-डंडे

**महानगर संवाददाता**

**आगरा**

यूपी के आगरा में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति को लूटा और उसकी जमकर पिटाई भी की। रात को काम से लौट रहे युवक के साथ उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर मारपीट की। इस दौरान लात-घूसों और लाठी-डंडों से जमकर पीटा। पीड़ित की बेटी ने पुलिस को 112 पर घटना की सूचना दी। आरोपी उसकी जेब में रखे 42 हजार रुपये और मोबाइल भी ले गए। पीड़ित की शिकायत पर ट्रांस यमुना पुलिस ने




मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार पीड़ित किशनपाल निवासी राजन कुंज टेढ़ी बगिया ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 11 बजे ग्वालियर रोड से काम पर से ड्यूटी करके घर लौट रहा था। रास्ते से उसने घर के लिए कुछ पूजा पाठ का सामान खरीदा।

# सुप्रीम कोर्ट में अब वक्फ एक्ट-1995 को चुनौती

## SC ने पूछा- इतनी देरी क्यों

## केंद्र-राज्य सरकारों को नोटिस




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ अधिनियम, 1995 को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और जस्टिस ए जी मसीह की पीठ ने दिल्ली निवासी निखिल उपाध्याय की याचिका पर नोटिस जारी किया। साथ ही कोर्ट ने नोटिस को अधिवक्ता हरि शंकर जैन और एक अन्य व्यक्ति की इसी तरह की याचिका के साथ टैग किया। वक्फ अधिनियम में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए भारत के चीफ जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस मसीह की पीठ ने पहले पूछा था कि इतने सालों बाद अब 1995 के अधिनियम को चुनौती क्यों दी जा रही है। याचिकाकर्ता हरि शंकर जैन की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यह समझाने की कोशिश की कि याचिकाकर्ताओं ने 1995 के अधिनियम को बहुत पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी और उन्हें उच्च न्यायालयों में जाने के लिए कहा गया था, लेकिन पीठ इससे सहमत नहीं थी। मंगलवार को पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय से पूछा कि 1995 के अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अभी क्यों विचार करना चाहिए? अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ पहले ही 1995 के अधिनियम को चुनौती देने वाले मामले को अलग से सुनने के लिए सहमत हो गई थी।

# शिक्षकों की नई भर्ती निकालेगी ममता सरकार

## 31 मई तक अधिसूचना, नौकरी गंवाने वालों को मिलेगी छूट

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी, साथ ही नौकरी गंवाने वालों की बहाली के लिए पुनर्विचार याचिका भी दायर करेगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जिन शिक्षकों की नौकरी चली गई है, उन्हें नई भर्ती प्रक्रिया में उनके अनुभव और आयु में छूट का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई भर्ती के लिए अधिसूचना 31 मई तक जारी की जाएगी। बनर्जी ने कहा, ''हम चाहते हैं कि जिन शिक्षकों की नौकरी चली गई है, उन्हें वापस



नौकरी मिल जाए। लेकिन हमें 31 मई तक अधिसूचना जारी करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का भी पालन करना होगा।'' उन्होंने कहा, ''पुनर्विचार याचिका और अधिसूचना जारी करने की प्रक्रिया दोनों एक साथ चलेंगी।'' बनर्जी का यह बयान सरकारी स्कूलों के उन शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच आया है, जिन्होंने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले में उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण अपनी नौकरी खो दी थी। नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के लिए राहत की घोषणा करते हुए बनर्जी ने कहा, ''उम्र कोई बाधा नहीं होगी। जिन लोगों की नौकरी चली गई है, उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी, भले ही वे सामान्य आयु सीमा पार कर चुके हों। उन्हें अपने अनुभव का भी लाभ मिलेगा।'' यह घटनाक्रम बेरोजगार शिक्षकों के चल रहे आंदोलन के बीच सामने आया है। ये शिक्षक स्थायी बहाली की मांग कर रहे हैं और भर्ती के नए दौर में शामिल होने की अनिच्छा व्यक्त कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने रविवार को आंदोलनकारी शिक्षकों से राज्य सरकार पर भरोसा रखने का आग्रह किया। बसु ने आग्रह किया कि वे विपक्षी राजनीतिक दलों के बहकावे में न आएं।

## टीएमसी सांसदों ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। सांसदों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि विशेष सत्र में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा कराई जाए। लोकसभा और राज्यसभा के तृणमूल कांग्रेस सदस्यों की पुराने संसद भवन संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि हम सभी ने प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। हमने कहा है कि सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के पांच जून को यात्रा से लौटने के बाद संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए।

# बीजेपी ने दो विधायकों को पार्टी से निकाला

## दल विरोधी गतिविधियों को बताया वजह



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बीजेपी ने अपने दो विधायकों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बीजेपी की तरफ से एसटी सोमशेखर और ए शिवराम हेब्बर को पार्टी से निकालने की वजह उनकी तरफ से कथित रूप से अंजाम दी जा रही दल विरोधी गतिविधियों को बताया है। दोनों नेताओं को बीजेपी से बाहर किए जाने की जानकारी कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी हाई कमान ने काफी सोच विचारने के बाद यह फैसला लिया। आपको बता दें कि सोमशेखर यशवंतपुर और हेब्बर येल्लापुर विधानसभा से बीजेपी के टिकट पर चुने गए थे।

# कोरोना को न समझें मजाक, देश में 1045 एक्टिव केस

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है और स्थिति धीरे-धीरे गंभीर होती जा रही है। मई 2025 के अंत तक भारत में कोविड-19 के एक्टिव केस 1000 का आंकड़ा पार कर चुके हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और बिहार समेत कई राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

### सबसे ज्यादा केस कहां?

कोविड की इस नई लहर में केरल सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य बनकर सामने आया है, जहां अब तक 430 से अधिक एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। वहीं, दिल्ली में 100 से ज्यादा मरीज, महाराष्ट्र में 43 नए केस, और नोएडा में 8 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। पटना में भी संक्रमण ने दस्तक दे दी है, जहां एक मरीज पटना एम्स का डॉक्टर है।

### नोएडा और पटना में नए केस

नोएडा में सामने आए मामलों में से एक व्यक्ति की हाल की यात्रा चेन्नई से रही है, जो नए संक्रमण के प्रसार की आशंका को और गहरा करता है। वहीं बिहार की राजधानी पटना में दो नए केस दर्ज किए गए हैं, जिससे स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है।



### कोरोना के नए वेरिएंट भारत में इस समय 4 वेरिएंट्स की पुष्टि हो चुकी है

XFG सीरीज
LF.7 सीरीज
JN.1 सीरीज
NB.1.8.1 सीरीज

इन वेरिएंट्स में से JN.1 तेजी से फैलने वाला बताया जा रहा है, जिसके लक्षणों में नाक बहना, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं।

### एशिया में भी बढ़ता खतरा

भारत के साथ-साथ एशिया के कई देशों में कोरोना मामलों में तेजी देखी जा रही है। हांगकांग, सिंगापुर, थाईलैंड और चीन में रोज़ नए संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। सिंगापुर और हांगकांग में मौतों की संख्या में भी इजाफा दर्ज हुआ है।

### भारत सरकार की तैयारी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को विशेष गाइडलाइंस जारी की हैं। टेस्टिंग, ट्रैकिंग और आइसोलेशन पर जोर देने की सिफारिश की गई है, ताकि संक्रमण को शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सके।

# ब्रिटेन के Warwick विश्वविद्यालय ने मनाई अपनी 60वीं वर्षगांठ

## भारत के साथ गहरे संबंधों और उपलब्धियों का उत्सव

**नई दिल्ली/मुंबई ।** यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक, जो यूके के शीर्ष संस्थानों में से एक है, ने मुंबई के ताज लैंड्स एंड में एक खास मीडिया कार्यक्रम के साथ अपनी 60वीं वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में वारविक के वैश्विक प्रभाव, नवोन्मेषी शोध और भारत के साथ उसके गहरे एवं सक्रिय संबंधों को उजागर किया गया, जिसमें उद्योग सहयोग और बदलाव लाने वाले पूर्व छात्रों का बढ़ता समुदाय शामिल है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारी यूके से मुंबई आए, जिनमें अजय तेली (ग्लोबल चीफ कम्युनिकेशन, मार्केटिंग और कंटेंट ऑफिसर) और सतनाम राणा-ग्रिंडले (डायरेक्टर,




कॉरपोरेट ब्रांड कम्युनिकेशन) शामिल थे। उनका यह दौरा भारत में प्रतिभा विकास और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को मजबूत करने के प्रति वारविक की प्रतिबद्धता को और पुष्ट करता , खासकर भारत के साथ, जो विश्वविद्यालय के सबसे सक्रिय छात्र और पूर्व छात्र समुदायों में से एक है। कार्यक्रम में वारविक और टाटा के बीच 25 वर्षों से चले आ रहे गहरे सहयोग को भी प्रमुखता दी गई, जो शिक्षा और नवाचार में उद्योग के साथ जुड़ाव का बेहतरीन उदाहरण है। साथ ही, भारत और विश्व भर में प्रभावशाली परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहे वारविक के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का भी सम्मान किया गया । श्रेया मित्तलः Warwick से 100 करोड़ ब्रांड तक की प्रेरक कहानी इन उपलब्धियों के बीच एक खास नाम उभरा श्रेया मित्तल, जिन्होंने 2024 में वारविक बिजनेस स्कूल से बीएससी मैनेजमेंट विद एंटरप्रेन्योरशिप की पढ़ाई पूरी की। उल्लेखनीय है कि वारविक बिजनेस स्कूल ने QS एग्जीक्यूटिव MBA रैंकिंग 2025 में वैश्विक स्तर पर पाँच स्थान की छलांग लगाते हुए 10वां स्थान हासिल किया है, और यूरोप में छठा तथा यूके में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# अमृतसर में ब्लास्ट एक की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में हुए धमाके में घायल शख्स की मौत हो गई है। यह शख्स आतंकी संगठन बब्बर खालसा का सदस्य बताया जा रहा है। इस धमाके को लेकर बड़ा खुलासा भी हुआ है।

यह ब्लास्ट अमृतसर के कंबो पुलिस थाने के नौशेरा गांव के आसपास हुआ। इस ब्लास्ट में आतंकी के हाथ क्षत-विक्षत हो गया था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया। इस घटना के वीडियो में मौके से धुआं उठते भी देखा जा सकता है।

अमृतसर के डीआईजी सतिंदर सिंह का कहना है कि इस हमले में में जो शख्स जख्मी हुआ था, उसकी मौत हो गई है। ब्लास्ट से संबंधित जितने भी मामले थे, उनमें सामने आया है कि जो कोई ब्लास्ट वाली चीज होती थी या कोई ग्रेनेड होता था। इस जगह पर रखकर उसकी तस्वीर भेज देते थे और संगठन के दूसरे सदस्य को मैसेज देते थे कि यहां से उसे कलेक्ट करना है। उन्होंने बताया कि निशानी के तौर पर खंबा बताया जाता था। यह शख्स उसी विस्फोटक को यहां लेने आया था और ब्लास्ट हो गया। जब इस विस्फोटक इस शख्स के हाथ में था, तब इसमें ब्लास्ट हो गया। इस शख्स का संबंध आतंकी संगठन से है। हमारी एफएसएल टीम मौके पर है। क्या यह आईईडी था या ग्रेनेड था। इसका पता लगाया जा रहा है। ऐसे से सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या जिस जगह यह ब्लास्ट हुआ, वह खालिस्तानी आतंकियों के बम रखने का अड्डा था?

# कांग्रेस बोली- प्रेम चोपड़ा की तरह डायलॉग मार रहे मोदी

## गंभीर सवालों का जवाब नहीं दे रहे उनके सांसद भी ओछी राजनीति कर रहे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले सहित देश में हाल के कुछ सालों में हुए बड़े आतंकवादी हमलों में शामिल आतंकियों को ना पकड़ पाने के लिए सरकार पर हमला बोला है। पवन खेड़ा ने कहा है कि देश को अब तक कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिले हैं, जिनमें से एक यह है कि पाकिस्तान के साथ किन शर्तों पर सीजफायर के लिए समझौता हुआ। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए यह भी कहा है कि वह फिल्मी डायलॉगबाजी कर रहे हैं। पवन खेड़ा ने मंगलवार को दिल्ली एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "ये कोई मजाकिया विषय नहीं है। जिस तरह से वह कभी प्रेम चोपड़ा की तरह, कभी परेश रावल की तरह, डायलॉग मार रहे हैं। कभी सिंदूर को लेकर, कभी रगों में बहने वाले खून को लेकर, खोली खाओ, रोटी खाओ, ये प्रधानमंत्री हैं? क्या ये प्रधानमंत्री हैं अपने देश के?"

### कैसे बच निकले हाफिज सईद और मसूद अजहर

पवन खेड़ा ने आगे यह भी कहा कि हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी कैसे बच निकले। उन्होंने कहा, "आज तक हमें इस बात का जवाब नहीं मिला है कि 2023 में पुंछ में जो आतंकियों ने किया, 2 अक्टूबर 2024 को गांदरबल में जो किया, अप्रैल 2025 में पहलगाम में जो आतंकवादियों ने किया , उनका क्या हुआ और वे कहां हैं?"

पवन खेड़ा ने आगे कहा, "आज तक जवाब नहीं मिला कि सीजफायर किन शर्तों पर हुआ? आज तक जवाब नहीं मिला कि हाफिज सईद और मसूद अजहर बच कर कैसे निकल गए? सीजफायर की शर्तों में इन्हें वापस लाना है या नहीं? कोई जवाब नहीं है।" उन्होंने कहा है कि इस तरह के सवालों के जवाब देने के बजाय प्रधामनंत्री डायलॉग दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा है कि गंभीर विषयों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।"

# 'तिरंगे की ताकत' पर एक सुर में बोले भारतीय सांसद

## विदेशों से पाकिस्तान को दी खुली चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारत के सांसद चाहे किसी भी पार्टी से हों, इन दिनों एकजुट नजर आ रहे हैं। शशि थरूर, असदुद्दीन ओवैसी, अभिषेक बनर्जी, सुप्रिया सुले से लेकर रविशंकर प्रसाद तक सभी सांसद विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आतंकवाद के खिलाफ एक सुर में बोल रहे हैं। इन नेताओं का कहना है कि आतंकवाद किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। न्यूयॉर्क, बहरीन और यूरोप के अलग-अलग मंचों से सभी नेताओं ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है आतंकियों को पनाह दोगे तो बख्शे नहीं जाओगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि आतंक के खात्मे का राष्ट्रीय अभियान है। पीएम मोदी ने अपील की कि देशवासी विदेशी सामानों की पहचान करें और उसका बहिष्कार करें। उनका कहना है कि पाकिस्तान आतंक को ही टूरिज्म मानता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ये सिर्फ सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है।

### शशि थरूर ने दिखाई विपक्ष के भीतर राष्ट्रवाद की लहर

न्यूयॉर्क में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 9/11 मेमोरियल जाकर श्रद्धांजलि दी और कहा कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दो टूक कहा—हमने हमला शुरू नहीं किया, लेकिन जवाब जरूर दिया।

# फारूक अब्दुल्ला की पहलगाम से अपील

## देश भर से आएं लोग, खत्म हो गया कश्मीर में डर का माहौल

**महानगर नेटवर्क**

**श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला का कहना है कि कश्मीर में अब डर का माहौल काफी हद तक खत्म हो गया है। उन्होंने देश भर के लोगों से आग्रह किया कि वे कश्मीर में खूबसूरती का आनंद लेने के लिए आएं। अब्दुल्ला ने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि वह जम्मू-कश्मीर की यात्रा के खिलाफ कुछ देशों की ओर से जारी निगेटिव ट्रैवल गाइडलाइन को रद्द कराने का प्रयास करे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन प्रभावित हुआ है। इस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी।

अब्दुल्ला ने कहा, 'यहां (पहलगाम हमला)



जो हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। लोग यहां खुशी-खुशी आ रहे थे। लोग अपने काम में व्यस्त थे, वे सरकारी नौकरी नहीं मांग रहे थे। पहलगाम में स्थिति ऐसी थी कि यहां कमरे उपलब्ध नहीं थे।'सीनियर लीडर ने पर्यटक रिसॉर्ट का दौरा किया और कुछ मित्रों के साथ पहलगाम गोल्फ कोर्स में गोल्फ खेला। उन्होंने कहा कि हालांकि हमले से भय का माहौल पैदा हुआ है, लेकिन सरकार ने घाटी में सुरक्षा स्थिति सुधारने के लिए कुछ कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा, 'यहां डर का माहौल था, लेकिन मुझे लगता है कि अब डर का माहौल काफी हद तक कम हो गया है। आप देख सकते हैं कि कितने लोग पहलगाम आ रहे हैं। मैं गुलमर्ग में था, वहां 400-500 पर्यटक थे।' उन्होंने कहा, 'अल्ला का शुक्र है कि अब डर खत्म हो रहा है। सरकार ने भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। मुझे लगता है कि लोगों को आगे आना चाहिए।' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने केंद्र से अपील की कि वह उन देशों से बातचीत करे, जिन्होंने अपने नागरिकों को जम्मू कश्मीर नहीं जाने के लिए परामर्श जारी किया है, ताकि ये पाबंदियां हटाई जा सकें।


## वसई-विरार शहर महानगरपालिका

**प्रभाग समिति ''डी''**

अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत/चाळ/ घराची माहिती
अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत/चाळ/घरा विषयी जाहीर आवाहन

जा.क्र. वविशम/बांध/१५९/२०२५-२६
दि. २७/५/२०२५

**महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम २६४(१) (२) (३) (४) अन्वये**

### नोटिस

उपरोक्त अधिनियम तरतुदीस अनुषंगाने सोबत जोडलेल्या यादीतील इमारत/ चाळ/ घर मधील वास्तब करणारे मालक/ भागवटदार किंवा इतर यांना असे कळविण्यात येते की, आपली मिळकत असलेल्या इमारत/ चाळ/ घराचे निवासी ब बाणिज्य बापराकरीता अतिधोकादायक व धोकादायक असल्याबाबत तसेच या इमारत/ चाळ/ घरा मधील निवासी बापर तात्काळ थांबबिणे व अतिधोकादायक इमारतीचे बांधकाम विनाविलंब तोडुन टाकणेबाबत आपणांस लेखी नोटिस देण्यात आलेल्या आहेत. तसेच महानगरपालिकेच्या मंजुर असलेल्या पॅनलवरील स्ट्रक्चरल ऑडीटरकडुन खालील नमुद इमारत/ चाळ/ घराचे ऑडीट करुन घेण्यात आलेले आहे. येणे प्रमाणे सदरची इमारत/ चाळ/ घर C१, C२A, C२B प्रवर्गात येत असल्याचे निदर्शनास आलेले आहे.

सबब आपली इमारत/ चाळ/ घर असलेल्या इमारतीचा वापर करणे अतिधोकादायक व धोकादायक असल्याने इमारत/ चाळ/ घर कोसळुन जीवित व वित्तहानी होण्याचा संभव आहे. तथापीआपण सदर इमारत/ चाळ/ घराचा निवासी ब वाणिज्य वापर बंद करुन तसेच अतिधोकादायक बांधकाम तात्काळ तोडुन टाकावे. तसेच स्ट्रक्चरल ऑडीटमध्ये मालमत्ता दुरुस्ती योग्य **(सी-२, सी-२बी)** असल्याचे दर्शविल्यास दुरुस्ती करताना महानगरपालिकेची पूर्व परवानगी घेऊन स्ट्रक्चरल ओंडीटमध्ये सुचविल्याप्रमाणे दुरुस्ती करुन **इमारत पूर्णता प्रमाणपत्र (Completion Certificate) स्थिरता प्रमाणपत्र (Stability Certificate) व इमारत राहण्यास योग्य असल्याबाबतचे प्रमाणपत्राचा (Habitable Certificate)** स्वयंस्पष्ट अहवाल या कार्यालयात सादर करावा.

वरील प्रमाणे कार्यबाही न केल्याने होणा-या नुकसानीस आपणच जबाबदार रहाल, वसई विरार शहर महानगरपालिका यास जबाबदार राहणार नाही याची गांभिर्याने नोंद घ्यावी.

**अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत/चाळ/घर खालीलप्रमाणे. (सन २०२५-२६)**

| अ.क्र. | अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत/ चाळ/ घराचे नाव | बांधकाम इमारत/चाळ/घराचा पता |
|---|---|---|
| C१ (अतिधोकादायक इमारत राहण्यास अत्यंत अयोग्य, कधीही कोसळु शकते अशी व त्यास्तव तात्काळ निष्कासीत करणे आवश्यक) | | |
| १ | न्यू पारस शॉपिंग सेटर | दुबे इस्टेट समोर, आचोळे रोड |
| २ | चंद्रेश दर्शन BMC कॉलनी | M.D. Nagar |
| ३ | अंबिका अपार्टमेंट डॉन लेन | डॉन लेन |
| ४ | बाबा बालंकी अपार्टमेंट | डॉन लेन |
| ५ | कुमार अपार्टमेंट | आचोळे तलाव शेजारी |
| ६ | महालक्ष्मी अपार्टमेंट | आचोळे |
| ७ | नितेश अपार्टमेंट | डॉन लेन |
| ८ | रिषभ अपार्टमेंट | शिर्डी नगर |
| ९ | साई सिमरन अपार्टमेंट | आचोळे गाव |
| १० | गजानन स्मृति | ज्योती हायस्कूल समोर महेश पार्क तुळींज |
| C२A (इमारत तात्काळ रिकामी करुन संरचनात्मक दुरुस्ती करणे आवश्यक) | | |
| १ | प्रकाश निवास चाळ | गणपती मंदिर मागे तुळींज |
| २ | भाऊ कॉम्प्लेक्स | एमडी नगर नालासोपारा पूर्व |
| ३ | ओम साई राम | गाला नगर नालासोपारा पूर्व |
| ४ | जानकी नगर | एमडी नगर नालासोपारा पूर्व |
| ५ | तानिया कदम अपार्टमेंट | संखेश्वर नगर |
| ६ | साई संकल्प बिल्डिंग | साई बाबा मंदिरा मागे गाला नगर |
| ७ | न्यू पाटील अपार्टमेंट | सर्वोदय वसाहत टाकी रोड नालासोपारा |
| ८ | उत्कर्ष वेल्फेअर सोसायटी | सर्वोदय वसाहत |
| ९ | सुधाम कृपा अपार्टमेंट | आचोळे तलाव समोर |
| १० | पार्वती निवास अपार्टमेंट बी विंग | बाबुलपाडा, डॉन लेन |
| १२ | ओम वेलफेअर सोसायटी साई पॅलेस अपार्टमेंट | वैतेवाडी आचोळे रोड |
| C२B (इमारत रिकामी न करता संरचनात्मक दुरुस्ती करणे आवश्यक) | | |
| १ | वाजीबाई निवास डॉनलेन सी विंग | बाबूलपाडा |
| २ | वाजीबाई निवास डॉनलेन ए व बी विंग बाबूलपाडा | बाबूलपाडा |
| ३ | ओमसाई सेवा भावी संस्था भाऊ नगर | डॉन लेन |
| ४ | जिवदानी छाया अपार्टमेंट | बाबूळपाडा |
| ५ | सिद्धार्थ अपार्टमेंट | साडी कंपाऊंड |
| ६ | न्यू वैभव को. ऑ. हौ. सोसायटी | स्वामी समर्थ मटा जवळ आचोळे |
| ७ | जय साई भारत अपार्टमेंट | वैती वाडी स्मशानभूमी जवळ |
| ८ | साई सदन सोसायटी | आदर्श नगर आचोळे डोंगरी |
| ९ | ओम साई अपार्टमेंट | बाबूलपाडा डॉन लेन |
| १० | रेश्मा निवास | डॉन लेन |
| ११ | अनंत संकल्प अपार्टमेंट | आचोळै तलाव |
| १२ | कदम निवास अपार्टमेंट | सर्वोदय वसाहत |
| १३ | साई सहारा वेल्फेअर सोसायटी | संखेश्वर नगर |
| १४ | बी-५/बी-६ बीएमसी कॉलनी चंद्रेश हिल्स | एमडी नगर |
| १५ | श्री शाम कुटीर अपार्टमेंट | सर्वोदय वसाहत |
| १६ | कदम निवास अपार्टमेंट | सर्वोदय वसाहत |
| १७ | एकदंत वेल्फेअर बी विंग शिंगडा चाळ | गाला नगर |
| १८ | श्री दत्त कृपा वेल्फेअर सोसायटी | बाबूळपाडा |
| १९ | एकदंत वेल्फेअर, एकविरा अपार्टमेंट ए विंग शिंगडा चाळ | गाला नगर |
| २० | एकविरा अपार्टमेंट | आंबेडकर नगर आचोळे गाव |
| २१ | सोनिया निवास सी विंग | आचोळे तलाव |
| २२ | सोनिया निवास डॉनलेन ए आणि बी विंग | डॉनलेन |
| २३ | मुरारी कृपा को.ऑप.हौ. सोसायटी | आचोळे तलाव |
| २४ | केशव अपार्टमेंट | आचोळे |
| २५ | अंबाजी अपार्टमेंट | आचोळे |
| २६ | पार्वती निवास अपार्टमेंट ए विंग | बाबूलपाडा डॉन लेन |
| २७ | विनायक निवास अपार्टमेंट | सर्वोदय वसाहत |
| २८ | साई प्रेरणा अपार्टमेन्ट | तुळींज रोड |
| २९ | सिता सदन अपार्टमेंट | तुळींज रोड साई प्रेरणा अपार्टमेंट |
| ३० | महाकाली निवास अपार्टमेंट | तुळींज |
| ३१ | साई आनंद अपार्टमेंट | आंबेडकर नगर आचोळे |
| ३२ | गणेश अपार्टमेंट | आचोळे गाव |
| ३३ | जगदिश नगर चाळ अलायन्स हॉस्पिटल जवळ | अलायन्स हॉस्पिटल जवळ |
| ३४ | साई दिप अपार्टमेंट | शिर्डी नगर पाच आंबा |
| ३५ | गणेश अपार्टमेंट | अबावडी |
| ३६ | खंबाती झेनब सोसायटी | जुने बादशाह कपडे दुकान बिल्डिंग आचोळी रोड |
| ३७ | लक्ष्मी नगर सी विंग | गाला नगर नालासोपारा पूर्व |

**सही/-**
**(अलका खैरे)**
**सहा आयुक्त**
**प्रभाग समिती 'डी' कार्यालय**
**वसई-विरार शहर महानगरपालिका**

# गुलहड़ का फूल बना देगा आपको खूबसूरत..

गुड़हल का फूल जिसके बारे में आपने प्राइमरी स्कूल की किताबों में पढ़ा था। यह सिर्फ देखने में ही सुंदर नहीं होता बल्कि यह सेहत और सुंदरता का खजाना लिए हुए होता है। इसे हिबिसकस या जवाकुसुम भी कहते हैं। इसके सभी हिस्सों का इस्तेमाल खाने, पीने या दवाओं के काम के लिए किया जा सकता है। यूनानी दवाओं में गुड़हल का बहुत उपयोग होता है और इससे कॉलेस्ट्रॉल, मधुमेह, रक्तचाप, गुर्दे की बीमारियों और गले के संक्रमण जैसे रोगों का इलाज किया जाता है।

यह विटामिन सी, कैल्शियम, वसा, फाइबर, आवरन, नाइट्रोजन, फासफोरस, टेटरिक और ऑक्सीलिक एसिड, फ्लेवोनॉयड्स और फ्लेवोनॉयड ग्लाइकोसाइड्स का बढ़िया स्रोत है।

गुड़हल को हर्बल चाय, कॉकटेल या काढ़े के तौर पर लिया जा सकता है। फूलों को सुखाकर इसकी हर्बल चाय बनाई जा सकती है। पानी उबलने पर सूखे फूल डाल दीजिए और थोड़ी चीनी मिलाकर चाय तैयार हो जाएगी। कॉकटेल के लिए इसे ठंडा होने दें और बर्फ के साथ पिएं। यह सेहत के लिए गुणकारी चाय है।

गुड़हल का फूल विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है और इससे कफ, गले की खराश, जुकाम और सीने की जकड़न में फायदा मिलता है।

गुड़हल की पत्तियां प्राकृतिक हेयर कंडीशनर का काम देती हैं और इससे बालों की मोटाई बढ़ती है। बाल समय से पहले सफेद नहीं होते। बालों का झड़ना भी बंद होता है। सिर की त्वचा की अनेक कमियां इससे दूर होती है। इसकी पत्ती से बनी दवा से प्रसव संबंधी विकार, फोड़े-फुंसियाँ, और सूजन के उपचार में भी मदद मिलती है। गुड़हल का सत्व त्वचा में निखार और दमक लाता है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कॉलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुँचाता है जो हृदय रोगों का कारण बनते हैं।

गुड़हल फूल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट कॉलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं।


यूनानी दवाओं में गुड़हल काढ़े या चाय के तौर पर दिया जाता है। इसमें चीनी नहीं मिलाई जाती और इससे शरीर में ग्लकोज का संतुलित स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है।

गुड़हल का इस्तेमाल यूनानी दवाओं में उत्तेजक के तौर पर किया जाता है। हर्बल चाय या कॉकटेल के तौर पर लेने से यह दिल और दिमाग को ठंडक देता है। गुर्दे या मूत्रनली में विकार से ग्रस्त लोग गुड़हल की चाय को बिना चीनी मिलाए पी सकते हैं और इससे काफी लाभ मिलता है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कॉलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुंचाता है जो हृदय रोगों का कारण बनते हैं।



इस दौड़ती-भागती ज़िंदगी और असंतुलित खानपान व लाइफस्टाइल की वजह से बालों के झड़ने की समस्या बिल्कुल आम है. महिला हो या पुरुष, आजकल सभी को इस परेशानी से दो-चार होना ही पड़ रहा है. पुरुषों में यह समस्या आनुवांशकीय कारण से भी होती है, लेकिन महिलाओं की इस परेशानी में आनुवांशकीय कारणों की कोई भूमिका नहीं होती है. यह परेशानी उन्हें पोषक तत्वों की कमी, हार्मोनल उतार-चढ़ाव या किसी बीमारी की वजह से होती है. बालों को झड़ने से रोकने के लिए उपर्युक्त बातों का ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है.

## बालों को झड़ने से बचाएंगे ये आयुर्वेदिक नुस्खे...



**आंवला**

6 रसों से युक्त आंवला को आयुर्वेद की दिव्य औषधि के रूप में जाना जाता है. इसमें पाए जाने वाले विटामिन्स मिनरल्स और एल्कलॉइड बालों के लिए इसे एक शानदार टॉनिक बनाते हैं. बालों को स्वस्थ रखने के लिए हमें आंवला और उससे बने खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए. सुबह-शाम आंवला चूर्ण भी खाया जा सकता है.

**ब्राह्मी**

आयुर्वेदिक हर्ब ब्राह्मी, बालों की रक्षा करने और बालों के विकास में सहायक होती है. यह बालों की जड़ों को पोषण प्रदान कर उन्हें मज़बूत बनाती है. ब्राह्मी की पत्तियों को सुखाकर इसका पाउडर बनाया जाता है, जिसे आप गर्म पानी में मिलाकर पी सकते हैं. ब्राह्मी तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह तनाव से होने वाले हेयर फ़ॉल को रोकने में बहुत कारगर होती है.

**एलोवेरा**

एलोवेरा के ताज़े पल्प में एक एन्जाइम होता है, जिसे सिर की त्वचा पर लगाने से मृत कोशिकाएं समाप्त होकर नई कोशिकाएं विकसित होती हैं. इसके अलावा एलोवेरा को जूस के रूप में लेने या साबूत खाने से भी रूसी की समस्या ख़त्म होती है, बालों का झड़ना रुक जाता है और नए बालों आने में मदद मिलती है.

**अश्वगंधा**

अश्वगंधा में टायरोसिन नामक आवश्यक एमिनो एसिड पाया जाता है, जो बालों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक होता है. यह बालों को समय से पहले सफ़ेद होने से रोकता है और बालों की वृद्धि में सहायक होता है.

**बरगद की जटा**

जो औषधि जिस आकार की दिखती है, मूलतः वह उस जैसे अंग को लाभ पहुंचाती है. बरगद की जटा बालों के लिए एक शानदार दवाई है, जो हमारी जटाओं अर्थात बालों को स्वस्थ रखने में मदद करती है. वट जटा का पाउडर बना कर उसका सेवन कर सकते हैं.

**अमरबेल**

बरगद की जटाओं की ही तरह अमरबेल भी ऐसी ही एक जड़ी-बूटी है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने विकास के लिए जानी जाती है. अमरबेल का तेल व उससे बना काढ़ा बालों की ग्रोथ के लिए लाभदायक होता है.

## मेकअप में प्राइमर की क्यों ज़रूरत होती है?

**यह पोर्स यानी त्वचा के रोमछिद्रों को छुपाता है**

अगर आपकी त्वचा ऑयली है, आपने ध्यान दिया होगा कि कैसे आपके पोर्स फ़ाउंडेशन लगाने के बाद और भी ज्यादा दिखने लगते हैं. यह तब और भी बुरा हो जाता है, जब आप ख़ुद को चेहरे को सूरज की रौशनी में देखती हैं. प्राइमर की सबसे अच्छी बात यह है कि यह पोर्स को काफी हद तक छुपा देता है. जब भी आपको कहीं बाहर जाना हो या शाम की किसी पार्टी में जाना हो, तब एक प्राइमर आपको बेदाग़ खूबसूरती और दमकती त्वचा देने में मदद कर सकता है.



**यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है**

मेकअप का नेगेटिव पहलू क्या है? वह पिघलने लगता है, स्किन के ऑयलीनेस की मेहरबानी से. हम कह सकते हैं आपके शानदार मेकअप और त्वचा के ऑयलीनेस में पैदाइशी दुश्मनी है. पर आप जानती हैं, प्राइमर एक ऐसा प्रॉडक्ट है, जो आपके मेकअप को भद्दा दिखने और आपको शर्मसार होने से बचा सकता है. क्लेंज़िंग-टोनिंग-मॉइस्चराइज़िंग रूटीन के खत्म होते ही अपनी त्वचा को एक-दो मिनट तक मॉइस्चराइज़र को एब्ज़ॉर्ब करने का समय दें. ऐसा करने से न केवल आपकी त्वचा की नमी बरक़रार रहेगी, बल्कि वह नर्म और मुलायम भी बनेगी. उसके बाद प्राइमर का रुख़ करें. अपने हाथ के पीछे की तरफ़ मटर के दाने जितना प्राइमर निकालें.

**यह मैट लुक पाने में आपकी मदद करता है**

ऑयली त्वचा आपके चेहरे को ग्रीसी और चमकीला बना देती है. ज़ाहिर है आप इस तरह का ग्लो तो नहीं पाना चाहेंगी. पर आप चिंता न करें, आपकी ऑयली स्किन की सभी समस्याओं का एक ही समाधान है-प्राइमर. ऑयल कंट्रोल करने के लिए जेल बेस्ड प्राइमर लगाएं. इसमें ऑयल एब्ज़ॉर्ब करने का गुण होता है. मॉइस्चराइज़िंग के बाद चेहरे पर इसे लगाने से यह त्वचा की नैचुरल ऑयल को कंट्रोल करता है. ऐसा वह पोर्स को भरकर करता है. यह फाउंडेशन और आपकी त्वचा के बीच एक दीवार का काम करता है. इस तरह यह ऑयली स्किन के चलते आपको होनेवाली दूसरी समस्याओं, जैसे-ऐक्ने और ब्रेकआउट्स को भी दूर रखता है. तो अब बेफ़िक्र होकर तैयार होइए. आपके मेकअप के मेल्ट होने की समस्या को प्राइमर संभाल लेगा.



## स्कार्फ को अलग-अलग आउटफिट्स के साथ कैसे करें स्टाइल?

**स्टोल्स और साड़ी का कॉम्बो**

हम स्टोल को साड़ी के साथ भी टाई अप करके पहन सकते हैं. स्टोल और साड़ी का कॉम्बो आपको काफी क्लासी व एलिगेंट लुक देगा. आप किसी पार्टी या खास फंक्शन के लिए यह लुक आज़मा सकती हैं. आप स्टोल्स को किसी भी तरह की साड़ी के साथ पहन सकती हैं. बस इतना ध्यान रखें कि आपका स्टोल ज्यादा हैवी न हो और स्टोल चुनते समय यह भी ध्यान रखें की वह आपकी साड़ी से मैच करता हो. आप चाहें तो कश्मीरी कारीगरी किया हुआ या फिर पश्मीना वर्क किया हुआ स्टोल चुन सकती हैं, क्योंकि साड़ी के साथ इस तरह के स्टोल स्टाइलिश दिखते हैं. स्टोल को आप सिम्प्ली कंधे पर रखें, इसे ओढ़ें बिल्कुल भी नहीं. ओढ़ने से आपका लुक पूरी तरह से खराब हो सकता है. जिस साइड आपका पल्लू हो उसकी दूसरी साइड स्टोल को रखें. हेयर स्टाइल की बात करें तो, आप अपने बालों को बांधकर एक नीट और क्लीन बन बना लें.

**ऑफिस लुक**

यदि आप ऑफिस में वुलन स्टोल कैरी करना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स आपके काम आएंगे. स्टोल को आप ब्लैक पैंट्स, व ब्लू कलर की शर्ट के साथ मैच अप कर सकती हैं. ध्यान रखें कि स्टोल आपका ज्यादा ब्राइट और हैवी वर्क किया हुआ न हो. ऑफिस में आप हैवी वर्क किया हुआ आउटफिट अवॉइड ही करें तो ज्यादा बेहतर होगा. ऑफिस लुक को आप जितने हो सके सिम्पल और सूदिंग ही रखें.

**पार्टी या फंक्शन लुक**

स्टोल को आप ड्रेस के साथ भी पहन सकती हैं. यह लुक भी पार्टी या किसी खास फंक्शन के लिए एक दम परफेक्ट है. इस लुक के लिए आपको ज्यादा कुछ खास मेहनत करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है. बस आप अपनी ड्रेस को सैंडल की जगह बूट्स के साथ पेअर करें. यदि आपकी ड्रेस ब्लैक कलर की है तो आप इसके साथ पोल्का डॉट स्टोल पेअर कर सकती हैं. हेयर स्टाइल में आप हाई पोनी बनाकर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं.

**लम्बे वुलन स्टोल**

यदि आपके पास लम्बे वूलन स्टोल हैं तो आप उसे जीन्स, व टॉप के साथ पेअर कर सकती हैं. यदि आपके पास ब्लैक और ब्राउन कलर के स्टोल हैं तो ग्रे जींस, वाइट टॉप और लाइट ब्राउन ट्रेंच कोट के साथ पेअर कर सकती हैं. इसके साथ आप मीडियम हाई बूट्स पहनकर अपना लुक पूरा करें.

**फ्लोरल प्रिंट स्टोल**

आप फ्लोरल प्रिंट स्टोल को सूट के साथ भी पहन सकती हैं. फ्लोरल स्टोल को आप लॉन्ग कुरता और लेग्गिंग, जीन्स या लॉन्ग स्कर्ट के साथ पेअर कर पहन सकती हैं. स्टोल को आप अपनी दुपट्टे की जगह इस्तेमाल कर सकती हैं.

**शॉल बनाम स्टोल**

हम शॉल को भी काफी स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकते है. यह सिर्फ उम्रदराज़ महिलाओं का ही पहनावा नहीं है. यदि आप इसको स्टाइलिश तरीक़े से कैरी करें तो बोरिंग शॉल भी फैशनेबल वियर हो सकती है. इसके लिए शॉल को आप ड्रेप करके भी पहन सकती हैं. आप शॉल को हाई लॉन्ग बूट्स और नेक कवर स्वेटर के साथ पहन सकती हैं. या इसको आप बेल्ट के साथ भी टाई अप करके पहन सकती हैं.





## गोरी से लेकर सांवली रंगत के लिए कैसे चुनें ब्लश?

हर लड़की गुलाबी गाल चाहती है. और यह गुलाबी गाल आपको मिलता है ब्लश की मदद से. ब्लश आपके गालों को ग्लो देते हैं और आपको परियों-सा खूबसूरत लुक. ब्लश लगाने के बाद आपका चेहरा खिला-खिला और नैचुरली गुलाबी नज़र आना चाहिए. जिसके लिए बहुत ज़रूरी है कि आप अपनी रंगत के अनुसार सही ब्लश चुनें. यदि आप अपनी स्किन टोन के मुताबिक़, ब्लश नहीं चुनती, तो यह आपके चेहरे को बेजान और भद्दा लुक दे सकता है. इसलिए हम आपको यहां आपकी रंगत के मुताबिक़, ब्लश चुनने में आपकी मदद कर रहे हैं. अपनी स्किन टोन को समझें और फिर ब्लश ख़रीदें, ताकि आपकी दमक पूरी तरह से नैचुरल लगे.

**गोरी रंगत**

गोरी रंगत वाली महिलाओं को हमेशा हल्के शेड वाला ब्लश चुनना चाहिए. वाइब्रेंट कलर्स आपके चेहरे को बनावटी दिखा सकते हैं. सौम्य गुलाबी, पीच के शेड्स आपको ख़ूबसूरत लुक देंगे. यहां तक हल्का कोरल शेड भी आपकी रंगत पर जंचेगा.

**सांवली रंगत**

वैसे तो गोरी रंगत की ही तरह सांवली रंगत पर भी हल्के शेड्स जंचेंगे, लेकिन नैचुरल लुक पाने के लिए थोड़े तीव्र रंग चुनें. गुलाबी के तीव्र शेड्स के साथ प्रयोग करें. आपके गालों को उभारने के लिए मोव अंडरटोन्स वाला ब्लश चुनें.

**गहरी रंगत**

यदि आपकी रंगत गहरी है, तो आप आप रेड, ऑरेंज, प्लम या ब्राउन जैसे शेड्स चुन सकती हैं. वाइब्रेंट शेड्स गहरी रंगत पर ज़्यादा जंचते हैं. आपके ब्लश में हल्का-सा शिमर हो, तो आपका लुक और भी ग्लैमरस लगेगा.

## क्या आपको भी मेडिटेशन करते वक्त आती है नींद ?



**मेडिटेशन आज के वक्त में लोगों की जरूरत बन गया है। तनाव को कम करना, अच्छी नींद, दिमाग को शांत रखना, स्थिरता को बनाए रखना, मानसिक शांति के लिए लोग मेडिटेशन करना पसंद करते हैं। शुरुआत में कई लोग मेडिटेशन में विश्वास नहीं रखते हैं लेकिन कुछ महीने बाद परिणाम मिलने पर उसे फॉलो करने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई बार लोग मेडिटेशन करते वक्त सो जाते हैं,ऐसा एक बार सभी के साथ होता है। लेकिन इस क्रिया से कैसे बचें, नींद और मेडिटेशन में कैसे अंतर करें और नींद आने के कारण होते हैं।**

मेडिटेशन करते वक्त नींद के प्रमुख कारण

-थकान रहना

-नींद की कमी या नींद पूरी नहीं होना

-रूम में मेडिटेशन करना

-मेडिटेशन से पहले हैवी नाश्ता करना या भोजन कर लेना

-तनाव रहना

नींद को कैसे भगाएं

- खाना या बहुत अधिक नाश्ता नहीं करें।

-दिनभर खूब पानी पीएं।

-खुले आसमां के नीचे मेडिटेशन करें।

-अधिक नींद आने पर एक जगह ध्यान केंद्रित कर आंखे खोलकर मेडिटेशन करें।

-भरपूर नींद लें और बॉडी को आराम दें।

-अलार्म लगाकर मेडिटेशन करें।

-स्लो म्यूजिक चलने दें।

## बढ़े हुए वजन को घटाने के लिए आजमाएं ये घरेलू नुस्खे

ऑफिस में घंटों एक ही जगह पर बैठे-बैठे काम करते रहने के कारण हमें कई सारी बीमारियां घेर लेती है। इन्हीं में से एक है मोटापा। हमारा वजन कई कारणों से बढ़ता है। एक ही जगह पर बैठे रहना, शारीरिक गतिविधियों में शामिल न होना और कुछ भी उल्टा-सीधा खाते रहना जैसी कई आदतें हैं, जो हमारा वजन बढ़ाती हैं। यहां हम आपको आपके बढ़े हुए वजन को कम करने के कुछ घरेलू उपाय बताएंगे...

**गर्म पानी**

यह शक्ति में गर्म होता है और फैट टिशू में गहराई से प्रवेश करता है और फैट को जल्दी से पिघलाने में मदद करता है। इसके साथ ही ये मेटाबॉलिज्म में भी सुधार करता है।

**दालचीनी**

दालचीनी एक ऐसा नेचुरल मसाला है, जो पाचन में सुधार करता है। ये शुगर लेवल को कम करने के साथ-साथ, कोलेस्ट्रॉल कम करता है और फैट जलता है। सुबह के समय में खाली पेट 1 चम्मच शहद के साथ लेना सबसे बेहतर रहता है।

**नींबू**

नींबू सबसे प्रसिद्ध प्राकृतिक वजन घटाने का उपाय है जो वास्तव में काम करता है। लेकिन जोड़ों के दर्द और हाइपर एसिडिटी वाले लोगों को इसके सेवन से बचना चाहिए। दूसरों के लिए, खाली पेट गर्म पानी के साथ एक नींबू वजन घटाने में बहुत मददगार है।



## कैसा हो आपका ब्रेकफास्ट और जानें, तीन सेहतमंद ब्रेकफास्ट विकल्प

दिन का पहला मील सेहत से भरपूर और ऊर्जा देनेवाला होना चाहिए. अच्छा नाश्ता न केवल आपके शरीर, बल्कि आपके दिमाग़ को भी चुस्त-दुरुस्त रखता है. नाश्ता मोटापा कम करने, ब्लड प्रेशर व शुगर लेवल को नियंत्रित करने, दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना को घटाने में मदद करता है. हम जानते हैं कि सुबह-सुबह की भाग-दौड़ में आप अक्सर अपना नाश्ता भूल जाते हैं. इसलिए ज़रूरी है कि आप अपने नाश्ते को पहले से ही प्लैन करें, ताकि आप इसे किसी भी सूरत में मिस न करें. अपनी पसंद के अनुसार, फलों, हरी सब्ज़ियों, नट्स, ओट्स, पोहा, उपमा, कॉर्न फ़्लेक्स, अंडे इत्यादि ढेरों विकल्प में से आप अपने लिए ब्रेकफ़ास्ट ऑप्शन चुन सकते हैं, जो आपको दिनभर ऊर्जावान बनाए रखे. सप्ताह में एक दिन बैठकर पूरे सप्ताह के ब्रेकफ़ास्ट का मेन्यू बना लें. उन्हें बनाने के लिए ज़रूरी सामान बाज़ार से ले आएं. यदि आपको ऑफ़िस के लिए देरी होती है, तो अपना नाश्ता टिफ़िन में भरकर ले जाएं और सफ़र के दौरान खाएं. रात में ही सुबह के नाश्ते के लिए थोड़ी-बहुत तैयारी कर लें. न्यूट्रिशनिस्ट्स की मानें, तो दिन के पहले मील यानी ब्रेकफ़ास्ट में कार्ब्स और प्रोटीन्स होने चाहिए.

**वेजेटेबल सांभार और चटनी के साथ इडली**

इडली में मौजूद चावल से हमें कार्ब्स मिलता है, वहीं दाल से प्रोटीन. दूसरी ओर सांभार में भी दाल होता है, जिससे सुबह-सुबह हमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा मिल जाती है. सांभार में पड़नेवाले मसाले हमें कई विटामिन्स और मिनरल्स मिलता है. चटनी में नारियल होता है, जो हमें आवश्यक फैट देता है.



**पनीर मटर परांठा और दही**

गेहूं के परांठा से हमें दिनभर का 60% कार्ब्स मिल जाता है. वहीं पनीर, मटर से प्रोटीन. घी से मिलनेवाला फैट और विटामिन हमारे शरीर को पोषण देता है. सुबह-सुबह का यह नाश्ता आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का एहसास भी देगा.



**भुना हुआ पालक, पोच्ड अंडा और किसी भी स्प्रेड के साथ ब्राउन ब्रेड टोस्ट**

आजकल यह नाश्ता बहुत ट्रेंड में है. यदि आपके पास वक़्त न हो, तो आप भी अंडा, कोई हरी सब्ज़ी और ब्राउन ब्रेड नाश्ते में ले सकते हैं. टोस्ट से हमें कार्ब्स मिलता है, वहीं अंडा प्रोटीन देता है. टोस्ट पर लगा बादाम, मूंगफली का स्प्रेड हमें प्रोटीन और ज़रूरी फैट देता है. पालक मिनरल्स और विटामिन का समृद्ध स्रोत है.



**आज की रेसिपी**

## आमंड उपमा हैश ब्राउन



**सामग्री :**


1 कप बादाम का आटा, 1/4 कप सूजी, 1/2 टेबल स्पून घी, 3-4 करी पत्ते, 1/2 टी स्पून सरसों के दाने, 1/2 टी स्पून उड़द दाल, 2 टी स्पून अदरक, टुकड़ों में कटा हुआ, 2 टी स्पून हरा धनिया, टुकड़ों में कटा हुआ, 1/2 कप प्याज, टुकड़ों में कटा हुआ, 1 टी स्पून हरी मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ, 4 टेबल स्पून बादाम कटा हुआ, रोस्टेड 1 टेबल स्पून ताजा नारियल, स्वादानुसार नमक, 200 ml (मिली.) पानी, देसी घी/ जैतून का तेल ग्रिल करने के लिए

**विधि**

- एक पैन में घी गरम करें. राई डालें और उन्हें फूटने दें.
- उड़द की दाल, करी पत्ते, नारियल, कटा हुआ अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और प्याज डालें. सुनहरा होने तक भूनें. सूजी डालकर 1.2 मिनट तक सूखा भून लें.
- अब बादाम पाउडर डालें और हल्का पीला होने तक भूनें.
- पानी डालें और उसमें नमक डालें. दलिया जैसी स्थिरता प्राप्त होने तक पकाएं. आंच से उतार लें और 1 टेबलस्पून कटे हुए बादाम और कटा हरा धनिया डालें.
- इसे घी लगी ट्रे में फैलाएं] बचे हुए बादाम छिड़कें और ठंडा होने दें- मनचाहे आकार में काट लें-
- उन्हें एक नॉन-स्टिक तवे पर देसी घी जैतून के तेल के साथ धीमी आंच पर हल्का सुनहरा रंग और हैश ब्राउन की तरह fdzLih होने तक ग्रिल करें-

# BCCI मनाएगा ऑपरेशन सिंदूर का जश्न

## IPL फाइनल के लिए तीनों सेनाओं के प्रमुखों को किया आमंत्रित




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने मंगलवार को कहा कि उसने अहमदाबाद में तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान हाल में हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों' को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक मीडिया बयान में यह घोषणा की। सैकिया ने कहा, 'हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है।' सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा' को सलाम करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों' की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया।' सैकिया ने कहा, 'उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है लेकिन हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है।' जनरल उपेंद्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख हैं जबकि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नौसेना प्रमुख हैं। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह वायुसेना प्रमुख हैं।



पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोगों की पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। आतंकी हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे। जवाबी कार्रवाई के कारण दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव हुआ था जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान के संघर्ष विराम के अनुरोध पर अपने अभियान को रोकने पर सहमति जताई थी।

# IPL 2025 में दूसरे नंबर पर पंजाब

## RCB की हालत बदतर





**जयपुर।** आईपीएल 2025 में फिलहाल पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (आरआर) है। पावरप्ले की रेस से काफी पहले हो चुकी आरआर ने 14 मैचों में 879 रन जुटाए।लिस्ट में दूसरे पायदान पर पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) है। पंजाब ने 14 लीग मैचों में पावरप्ले में 855 रन बटोरे। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पीबीकेएस ने अंक तालिका में टॉप-2 में सीट पक्की कर ली है। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने 18वें सीजन में 14 मैच खेलने के बाद पावरप्ले में 765 रन जोड़े। मुंबई तालिका में चौथे स्थान पर है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली एमआई एलिमिनेटर मैच खेलेगी।गुजरात टाइटंस (जीटी) ने अब तक पावरप्ले में 14 मैचों में 738 रन बनाए हैं। ओपनर साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने जीटी को मौजूदा सीजन में की बार दमदार शुरुआत दिलाई। प्लेऑफ में एंट्री से महरूम रहने वाली सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) सूची में पांचवें स्थान पर हैं। एसआरएच ने 14 मैचों में 703 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की हालत बदतर है। आरसीबी अभी लिस्ट में सबसे नीचे दसवें नंबर पर है। आरसीबी ने 13 मैचों में 658 रन जुटाए हैं।

## श्रेयस अय्यर ने की इस बल्लेबाज की तारीफ

**जयपुर।** पंजाब किंग्स 2014 के बाद पहली बार आईपीएल के टॉप 2 में पहुंची है। इस बार यह पंजाब के लिए संभव कर दिखाया कप्तान श्रेयस अय्यर ने। श्रेयस जो इससे पहले दिल्ली को रनरअप और कोलकाता को अपनी कप्तानी में खिताब दिला चुके हैं, पंजाब का बेड़ा पार लगाते दिख रहे हैं। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में उन्होंने मुंबई को हरा दिया।
मैच जीतने के बाद श्रेयस ने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि सभी ने सही समय पर कदम उठाया। हम इस मानसिकता में रहे हैं कि हमें जीतना ही है, चाहे कोई भी परिस्थिति क्यों न हो। सभी को और प्रबंधन को बधाई। रिकी शानदार रहे हैं, और मेरे लिए यह हर व्यक्ति का विश्वास जीतने के बारे में था। और यह मैच जीतकर हुआ, और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि हमें उस रिश्ते को बनाए रखने की आवश्यकता है। जब आप निराश होते हैं, तो एक-दूसरे की पीठ में छुरा घोंपना आसान होता है। प्रियांश आर्य के बारे में उन्होंने कहा कि जिस तरह से उन्होंने शुरुआत की वह शानदार थी। यह देखने में अच्छा लगा और हर व्यक्ति निडर रहा। वे नेट सेशन में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और इसका असर मैदान पर भी दिखता है। जोश इंगलिस के बारे में उन्हेंने कहा कि उन्हें नई गेंद खेलना पसंद है और मैं चाहता था कि वे अधिक से अधिक गेंदें खेलें। और मुझे पता है कि वे विध्वंसक हो सकते हैं, वे बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं।

# वैभव सूर्यवंशी की टाइमिंग से महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव वॉ हैरान

## कैरियर को लेकर दी खास सलाह





**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार पर कहा, '14 साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी।' वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा, 'क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी।' उन्होंने कहा, 'उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।' भारत में हर नए बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती। पर्थ में 1991-92 में 18 वर्ष के तेंदुलकर की 114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है।

# हम निश्चित रूप से 20 रन कम थे : हार्दिक पांड्या



जयपुर : जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स से लीग का आखिरी मुकाबला गंवाने के साथ ही मुंबई इंडियंस की टॉप 2 में फिनिश करने की कम हो गई है। स्लो पिच पर मुंबई ने पहले खेलते हुए सूर्यकुमार के अर्धशतक की बदौलत 184 रन बनाए थे लेकिन पंजाब के प्रियांश और जोश इंग्लिस ने अर्धशतक लगाकर इस स्कोर को छोटा कर दिया। मैच गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि विकेट जिस तरह से खेल रहा था, हम निश्चित रूप से 20 रन कम थे। ऐसा होता है, हम वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल पाए और इसका हमें नुकसान उठाना पड़ा। आईपीएल ऐसा ही है, हमने 5 ट्रॉफ़ी जीती हैं, यह हमेशा कठिन रहा है। जब भी आप गति कम करते हैं, तो दूसरी टीमें भी जीतने के लिए उत्सुक होती हैं। हार्दिक ने कहा कि संदेश सरल होगा, यह सिर्फ़ एक झटका था, इससे सीख लें और नॉकआउट के लिए तत्पर रहें। मैच में और क्या गलती हुई, सवाल पर हार्दिक ने कहा कि हम बाद में इस पर बात करेंगे लेकिन कुल मिलाकर हम निश्चित रूप से 20 रन कम थे। हम शुरुआत में या बीच में इसका फ़ायदा उठा सकते थे, हम इसका पता लगा लेंगे। हार्दिक ने कहा कि मैं अश्विनी का समर्थन करता हूं, हम अश्विनी का समर्थन करते हैं, पूरे सीजन में यही योजना रही है। हमने लेग और क्विक के साथ खेला है। आज, इस विकेट पर, हमें लगा कि यह काम करेगा, यह ठीक है। क्या दूसरे हाफ़ में बल्लेबाजी बेहतर हुई? सवाल पर हार्दिक ने कहा कि मुझे नहीं लगता।

# उथप्पा ने बताई प्लेऑफ में जाने से पहले RCB की बड़ी खामी

**फाइनल के लिए टीमों की भविष्यवाणी की**

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर रॉबिन उथप्पा ने प्लेऑफ में जाने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की खामी को उजागर किया है। आरसीबी 13 मैचों में 8 जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है जिसके नाम 17 अंक हैं। RCB के पास अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने का सुनहरा मौका है और इसके लिए वह लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराना चाहेंगे। उथप्पा ने RCB की खामियों को उजागर किया है जिसमें खेलों को समाप्त करने में उनकी अक्षमता का उल्लेख किया गया है। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि रजत पाटीदार की अगुवाई वाली टीम पंजाब किंग्स (PBKS) के साथ टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाएगी। उथप्पा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'मैंने शुरू से ही कहा है, मेरा मानना है कि यह पंजाब और आरसीबी के बीच होने वाला है। उनके पास गति है और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी शुरू कर दी है। उन्हें प्रभावी ढंग से मैच खत्म करने की जरूरत है और विराट कोहली को चेज मास्टर की भूमिका निभानी होगी, जैसा कि हम जानते हैं - 20 ओवर तक बल्लेबाजी करना। जब वह ऐसा करते हैं, तो इससे विपक्षी टीम पर दबाव बनता है, खासकर डेथ ओवरों में।'

# चोटों से जूझ रहा बांग्लादेश



**लाहौर।** चोट के कारण सीनियर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद के बाहर होने के बाद बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस को उम्मीद है कि बाकी तेज गेंदबाज पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, जो बुधवार को लाहौर में शुरू होगी। तस्कीन टखने की चोट के कारण दो महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं, जबकि मुस्तफिजुर को पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स (DC) के लिए अपने अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 मैच के दौरान अंगूठे में चोट लग गई थी।
सिमंस ने कहा, 'आपको अपने सीनियर तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। जैसा कि हमने देखा, फिज (मुस्तफिजुर) उस समय आईपीएल में किस तरह की गेंदबाजी कर रहे थे। हमें उनकी कमी खलेगी। यह किसी के लिए इस सीरीज में उनकी जगह लेने का मौका भी है। उम्मीद है कि कोई गेंदबाज इस सीरीज में फिज की जगह लेना चाहेगा। इस फॉर्मेट में हमारी गेंदबाजी आमतौर पर हमारी मजबूती होती है। लेकिन दो वरिष्ठ गेंदबाजों, तस्कीन और फिज के बाहर होने से संतुलन बिगड़ा है।'

# शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत, लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है : शशांक सिंह



**जयपुर।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई।
शशांक ने कहा, 'यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है।'

# पंजाब किंग्स की टॉप 2 फिनिश पर बोले रिकी पॉन्टिंग- यह 100 लोगों की मेहनत



**जयपुर।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने आईपीएल 2025 में अपनी टीम की टॉप-2 फिनिश पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मैं टीम के लिए खुश हूँ। एक टीम के रूप में कुछ हासिल करने के लिए बहुत मेहनत लगती है। नीलामी से महीनों पहले हमने खेलने का तरीका और जरूरी खिलाड़ियों पर काम किया। अब टॉप-2 में जगह बनाना हमारा सपना सच हुआ। अब हम प्लेऑफ का इंतजार करेंगे।
पॉन्टिंग ने युवा खिलाड़ियों की तारीफ की, ?प्रभसिमरन सिंह, जो शायद 23-24 साल का है, ने इस सीजन में लगभग 500 रन बनाए। प्रियांश आर्या ने टूर्नामेंट में 4-5 मैचों में ही दिखा दिया कि वह सीजन का सबसे बड़ा खोज हो सकते हैं। अनुभवी खिलाड़ियों ने इनका साथ दिया और नतीजे सामने हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर पर पॉन्टिंग ने कहा कि नीलामी में उन पर भारी रकम लगाना स्पष्ट था। मैंने उनके साथ दिल्ली कैपिटल्स में कामकिया, वहां ट्रॉफी नहीं जीती, लेकिन श्रेयस ने शानदार कप्तानी की है। उन्होंने सामने से नेतृत्व किया और खिलाड़ियों का भरोसा जीता। पॉन्टिंग ने टीम के उत्सव की बात की कि हम कुछ ड्रिंक्स के साथ जश्न मनाएंगे। यह सिर्फ 25 खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि सपोर्ट स्टाफ और सोशल मीडिया टीम समेत 100 लोगों की मेहनत है।
प्लेऑफ की तैयारियों पर उन्होंने कहा, ?हमें नहीं पता कि प्लेऑफ में कितनी प्रैक्टिस मिलेगी या पिचें कैसी होंगी, क्योंकि चार टीमें एक ही शहर में होंगी। मार्को जेन्सन की अनुपस्थिति पर पॉन्टिंग ने कहा कि मार्को हमारे लिए अहम रहे हैं, लेकिन उनकी जगह काइल जेमिसन तैयार हैं। हमने उन्हें प्लेऑफ से पहले एक मैच दिया। जेन्सन की कमी खलेगी, लेकिन हम आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

# सूर्यकुमार यादव ने तोड़ा शुभमन-विलियमसन का रिकॉर्ड







**जयपुर।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस (MI) के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्या ने 2025 के सीजन में 14 बार 25+ रन बनाए, जो आईपीएल इतिहास में किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन (2018) और शुभमन गिल (2023) के नाम था, जिन्होंने 13-13 बार यह कारनामा किया था। सूर्या की इस उपलब्धि में उनकी 171.68 की स्ट्राइक रेट और 640 रनों का योगदान शामिल है, जो मुंबई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन भी है। जयपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 रनों की पारी ने उनके रिकॉर्ड को और चमकाया। सूर्या की निरंतरता ने मुंबई को प्लेऑफ तक पहुंचाया और प्रशंसकों का दिल जीता।
पहली पारी खत्म होने के बाद सूर्यकुमार यादव ने पिच पर बात करते हुए कहा कि यह चुनौतीपूर्ण थी। पेसरों, स्पिनरों के साथ यह थोड़ा चिपचिपा लग रहा था। मुझे लगता है कि हार्दिक और नमन ने जिस तरह से शुरुआत से बल्लेबाजी की, उससे हम 10-15 रन कम रह गए। तेज गति और अच्छी सीम अप डिलीवरी बल्लेबाजों के लिए एक चुनौती होगी। इस विकेट के लिए हमारे पास अच्छा स्कोर है, यह एक चुनौती होगी। मेरा पसंदीदा शॉट स्वीप और स्क्वायर लेग पर फ्लिक रहे हैं।

# श्रेयस अय्यर को केकेआर में इज्जत नहीं मिली!


## इस पूर्व क्रिकेटर के बयान से मच सकता है अब बवाल



**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पंजाब किंग्स की टीम ने धमाल मचा दिया है। साल 2014 के बाद से पंजाब ने पहली बार प्लेऑफ में अपनी जगह बनाई है। इस सीजन में पंजाब किंग्स के इस दमदार प्रदर्शन को लेकर टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ हो रही है। अय्यर की कप्तानी में पंजाब ने आईपीएल 2025 के पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 में अपने अभियान का अंत किया। ऐसे में पंजाब के लिए फाइनल में पहुंचने के दो मौके होंगे।
पंजाब किंग्स के लिए श्रेयस अय्यर ने सिर्फ कप्तानी में ही नहीं, बल्कि अपनी बल्लेबाजी से भी दमदार खेल का प्रदर्शन किया। ऐसे में अब आईपीएल के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे खलबली मच गई है। रॉबिन उथप्पा ने अय्यर को लेकर कहा है कि उन्हें केकेआर में जो अहमियत मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाया। आईपीएल 2024 में केकेआर ने अय्यर ने की कप्तानी में खिताबी जीत हासिल की थी।
जियो हॉटस्टार पर बातचीत में रॉबिन उथप्पा ने कहा कि अय्यर पिछले साल केकेआर में अपनी स्थिति से खुश नहीं थे। इसलिए उन्होंने टीम छोड़ने का फैसला किया। उथप्पा ने कहा, 'श्रेयस हमेशा एक बेहतरीन कप्तान रहे हैं। आपने हमेशा महसूस किया होगा कि केकेआर में उनका कम मूल्यांकन किया गया, जबकि उन्होंने वहां मूल्य जोड़ा है। वह एक ऐसी फ्रेंचाइजी में चले गए जहां ऐतिहासिक रूप से बहुत कुछ हासिल नहीं हुआ था और फिर उन्होंने उसे जीत दिलाई। यह उनके नेतृत्व और विश्वास के बारे में बहुत कुछ कहता है।' पंजाब किंग्स के प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर उथप्पा ने कहा, 'आप टूर्नामेंट में सही समय पर लय चाहते हैं और प्ले ऑफ में जाने से पहले सही तरह का उत्साह चाहते हैं।

# पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह है : रेयान रिकेल्टन

**जयपुर।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। इस हार के बाद अब उसे गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरना होगा, जहां उसका सामना गुजरात टाइटन्स या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रिकेल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमें इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसलिए यह हमारे लिए एक चेतावनी की तरह है।' इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि नॉकआउट से पहले मुंबई को कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा।



# 'उन्हें सलाम करता हूं'

## अमिताभ बच्चन ने भारत की आर्थिक तरक्की पर जताया गर्व

अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर अपनी देशभक्ति दिखाते हुए भारत की उपलब्धियों पर गर्व जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर खुशी जाहिर की है। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी पोस्ट के जरिए अग्निवीरों को भी सलाम किया है। अमिताभ ने अग्निवीरों की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "अग्निवीर जिंदाबाद। भारत माता की जय!! जय हिंद।" इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा, "भारत अब अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। लगभग 2.5 से 3 साल में हम तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे।"

अपने ब्लॉग में उन्होंने लिखा, "जैसा मैंने एक्स पर कहा, भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने चौथे स्थान पर अपनी जगह बना ली है। और 2.5 से 3 साल में हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। यह उन कुछ गिने-चुने देशों में से एक है, जिन्हें आजादी पाए केवल 75 साल हुए हैं और फिर भी इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है।" अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में अग्निवीरों की भी सराहना की।

उन्होंने लिखा, "हाल में देश पर हुए हमले के समय, अग्निवीरों ने बहादुरी से मोर्चा संभाला। ये युवा सैनिक 'अग्निपथ योजना' के तहत सेवा करते हैं। चार साल की सेवा में ये अनुशासन, समर्पण और साहस से भरपूर प्रशिक्षण लेते हैं। इनका जोश और देशभक्ति भारत की सेना को और मजबूत बनाता है। मैं उन्हें सलाम करता हूं, जिन्होंने दुश्मनों का डटकर सामना किया।"

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनका जमीन से जुड़ा और सादा अंदाज एक बार फिर फैंस को पसंद आ रहा है। मुंबई की तेज बारिश में जब वे एक इवेंट से बाहर निकलकर अपनी कार की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने बारिश में खड़े पैपराजी से कहा, "जा ना रे, घर जाओ। बारिश हो रही है।"

# राशा थडानी को नहीं पहचान पाए संजय दत्त

## वायरल हो रहा है वीडियो



यह देखकर साफ है कि संजय दत्त न सिर्फ अपने लिए, बल्कि दूसरों की फिक्र भी करते हैं। पैपराजी ने संजय दत्त को बताया कि वे उनका और उनकी पत्नी मान्यता के अलावा एक "नई लड़की" का भी इंतजार कर रहे हैं। जब संजय ने पूछा "कौन?" तो जवाब मिला – "राशा।" संजय ये सुनकर थोड़े हैरान हुए और बोले, "कौन राशा?" पैपराजी ने कहा, "रवीना टंडन की बेटी राशा।" संजय बोले, "अच्छा, जाओ, उसकी तस्वीरें खींचो।" जाते-जाते उन्होंने पैपराजी से संजू बाबा स्टाइल में पूछा, "खाना पीना खाया क्या?"इस वीडियो ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है और फैंस को ये जानकर हैरानी हो रही है कि संजय दत्त, जो 90 के दशक में रवीना टंडन के साथ 'आतिश', 'क्षत्रिय', 'जंग', 'LOC कारगिल' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं, उन्हें रवीना की बेटी राशा के बारे में नहीं पता है। वहीं कुछ फैंस को संजय का अंदाज बहुत पसंद आ रहा है।

# छवि मित्तल ने कैंसर का पता लगते ही किया था ताहिरा कश्यप को फोन

छवि मित्तल कैंसर सर्वाइवर हैं। इस बीमारी का सामना उन्होंने बड़े हौसले के साथ किया। अब छवि ने बताया है कि कैंसर का पता लगने के बाद उन्होंने सबसे पहले ताहिरा कश्यप को फोन किया था। ताहिरा ने उनको बहुत हिम्मत दी। अपने पति को बताने से पहले छवि ने बीयर मंगवाई थी। इसके बाद ये खबर दी जिसे सुनकर उनके पति की आंखों में आंसू थे। शार्दुल पंडित के पॉडकास्ट में छवि मित्तल ने बताया, 'पहला इंसान मैंने जिसे कॉल किया वो ताहिरा कश्यप थीं। अगले दिन उनके साथ लंबी चैट हुई। उन्होंने मुझे बहुत कॉन्फिडेंस दिया।'छवि ने बताया कि ताहिरा ने उन्हें गाइड किया था कि आगे क्या-क्या हो सकता है और उन्हें इससे कैसे निपटना है।



इसके बाद छवि को काफी चीजें समझ आईं। बता दें कि ताहिरा को भी छवि जैसी कैंसर कंडीशन थी। उनकी सर्जरी और डॉक्टर्स भी सिमिलर थे। छवि बताती हैं, 'डॉक्टर्स ने बताने से मना कर दिया था कि मुझे कैंसर है या नहीं। बस बोल रहे थे कि सब ठीक हो जाएगा। मैंने बताने के लिए बहुत जबरदस्ती की। मुझे एक नरेशन के लिए जाना था। मैंने उनसे कहा, वापस आती हूं। इसके बाद मैं घर गई, अपने पति से कहा कि बीयर ला दो इसके बाद खबर बताई। पति की आंखों में आंसू थे, उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा और कहा, 'हम इसे ठीक कर लेंगे।' मैंने कहा बेशक।' छवि मित्तल को अप्रैल 2022 में ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। इसके बाद उनका ट्रीटमेंट शुरू हुआ। छवि अपनी हेल्थ से जुड़े अपडेट्स शेयर करके लोगों का हौसला बढ़ा रही हैं।



## कान वॉक के पहले 4 घंटे के लिए चली गई थी लाइट

# आलिया भट्ट की टीम ने इस जुगाड़ से सेट किए बाल

आलिया भट्ट ने 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया। उनकी एंट्री लेट हुई लेकिन सुर्खियां बटोरीं। अब आलिया ने अपने सेकंड डे वाले लुक से जुड़ी मजेदार कहानी बताई है। आलिया ने बताया कि जब वह तैयार हो रही थीं तो वहां पावरकट हो गया था। लाइट न होने पर टीम ने एक जुगाड़ निकाला तब उनके बाल सेट हो पाए थे। आलिया भट्ट वोग मैगजीन से बात कर रही थीं। उन्होंने बताया कि जब वह दूसरी बार कान रेड कार्पेट वॉक के लिए तैयार हो रही थीं तो गड़बड़ हो गई थी। हालांकि उनकी टीम ने अपना दिमाग लगाकर मैनेज कर लिया। आलिया तैयार हो रही थीं तभी वहां चार घंटे के लिए लाइट चली गई।

लाइट नहीं आई तो आलिया की टीम उनके बाल सेट करने के लिए जुगाड़ निकालनी पड़ी। आलिया बोलीं, 'अजीब बात है लेकिन पता नहीं कैसे लेकिन गड़बड़ियां कहीं न कहीं से हमें खोज ही लेती हैं।' आलिया ने बताया कि कैसे उनके हेयरस्टाइलिस्ट अमित ने दिमाग चलाकर कैसे बिना लाइट के उनके हेयर टूल्स को गरम किया। उन्होंने आलिया के हेयर एक्सटेंशन को टॉन्ग में लगाकर धूप में रख दिया ताकि वे सूरज से गरम हो जाएं। आलिया तैयार हो गईं तो खुशकिस्मती से लाइट आ गई। फिर उनके लुक को फिनिशिंग दी गई। आलिया का साल 2025 में कान डेब्यू था। आलिया का दूसरे दिन वाला लुक काफी चर्चा में था। उन्होंने गुच्ची का गाउन पहना था।




## हाउसफुल 5 का ट्रेलर देखकर यूजर्स ने की ओपनिंग डे की भविष्यवाणी


फिल्म हाउसफुल 5 लंबे समय से खबरों में बनी हुई थी। आज मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर ऑडियंस को सरप्राइज दे दिया है। ये फिल्म पहले से ज्यादा मजेदार होने वाली है। इस बार की कहानी क्रूज पर हुए एक मर्डर पर बेस्ड है। ट्रेलर में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन जॉली के किरदार में खूब हंसा रहे हैं। लेकिन असली कमाल तो संजय दत्त और जैकी श्रॉफ की एंट्री पर होता है। इसके अलावा नाना पाटेकर का डांस सीक्वेंस है जो खूब हंसाने वाला है। हाउसफुल 5 के ट्रेलर को X यूजर्स ने भी जबरदस्त बताया है। हाउसफुल 5 का ट्रेलर देखने के बाद एक यूजर ने लिखा, एक यूजर ने लिखा, 'क्या क्रेजी ट्रेलर है। अक्षय कुमार ने मार ही डाला।' हर एक पंचलाइन कमाल की है', दूसरे युजर ने लिखा, 'अक्षय कुमार वापस आ गया है भाई', ब्लॉकबस्टर ट्रेलर', एक और यूजर ने लिखा, 'ये बस ट्रेलर था और इतना पागलपन', एक अन्य यूजर ने लिखा, 'चलो भविष्यवाणी कर ही देते हैं, 30-32 करोड़ की होगी ओपनिंग', एक यूजर ने लिखा कि ये फिल्म 200 करोड़ से ज्यादा कमाएगी। बता दें, इस मर्डर मिस्ट्री की कहानी खुद साजिद नाडियाडवाला ने लिखी है और डायरेक्शन की कमान संभाली है तरुण मनसुखानी ने। फिल्म में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख के अलावा जैकलीन फर्नांडीज, सोनम बाजवा, नर्गिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर, जॉनी लीवर और आकाशदीप साबिर जैसे शानदार एक्टर्स नजर आने वाले हैं।


# सुनील शेट्टी और अक्षय कुमार को दूधवाला बोलते हैं अजय देवगन



अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के बीच काफी पुरानी दोस्ती है। दोनों ने कई फिल्मों में साथ किया है। उनकी अपकमिंग फिल्म हेरा-फेरी 3 भी इन दिनों सुर्खियों में हैं। अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी ने आसपास ही डेब्यू किया था। अजय देवगन कुछ सालों बाद इंडस्ट्री में आए थे। अब सुनील शेट्टी ने बताया कि अजय देवगन उनको और अक्षय कुमार को दूधवाला कहकर बुलाते हैं। इसकी वजह भी खास है। सुनील शेट्टी लल्लन टॉप से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई टॉपिक्स पर बात की।


बताया कि अक्षय कुमार से उनकी पुरानी दोस्ती है। भले ही वे रोज बात न कर पाएं पर जरूरत के वक्त साथ खड़े रहते हैं। इस बीच दोनों के फिटनेस रूटीन का जिक्र भी आया। इस पर सुनील शेट्टी ने बताया कि वह सुबह पांच से साढ़े पांच बचे उठ जाते हैं। इसके बाद वर्कआउट करते हैं। इसके लिए वह रात दस से साढ़े दस बजे हर हाल में सो भी जाते हैं। जब उनको याद दिलाया गया कि अक्षय कुमार का भी कुछ ऐसा रूटीन है। इस पर सुनील शेट्टी ने हंसते हुई हामी भरी। फिर बताया कि वे दोनों जल्दी उठ जाते हैं इसलिए अजय देवगन उनको और अक्षय को इंडस्ट्री का दूधवाला बोलते हैं। अजय बोलते हैं कि जल्दी उठकर ये दोनों दूधवाले का काम करते हैं। सुनील शेट्टी ने बताया कि वह बचपन से ही अनुशासित रहे हैं। कभी शराब को हाथ नहीं लगाया और अभी भी वह डेली वर्कआउट करते हैं।





## अजय देवगन के बाद अब 'शैतान' का सर्वनाश करेंगी काजोल

काजोल फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में गिनी जाती हैं। काजोल ने अपने करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। कई बड़े अवॉर्ड से भी काजोल को नवाजा गया है। इन दिनों काजोल अपनी अपकमिंग मूवी ₹मां₹ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जल्द ही उनकी ये फिल्म रिलीज होने जा रही है। इसी बची अब काजोल ने 'मां' फिल्म का एक धमाकेदार पोस्टर जारी शेयर किया है। साथ ही फैंस को ट्रेलर की जानकारी दी है। काजोल की फिल्म 'मां' देवगन फिल्म्स बैनर के तले बन रही है। 'मां' एक सुपरनैचुरल ड्रामा मूवी है। इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि इसमें पहली बार काजोल को एक बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाली हैं। ऐसे में काजोल ने सोमवार के अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आने वाली फिल्म ₹मां₹ का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्ट में वो एक खतरनाक राक्षस से लड़ती नजर आ रही हैं। दोनों ही तस्वीर में एक-दूसरे पर चीखते नजर आ रहे हैं। पोस्टर में दोनों के बीच कांटे की टक्कर दिखाई जा रही है। पोस्टर शेयर करते हुए लिखा एक्ट्रेस ने लिखा है- 'रक्षक, भक्षक, रक्षा करने वाली और विनाश करने वाली मां, ट्रेलर 4 दिन बाद रिलीज होगा।' बता दें 'मां' फिल्म को छोरी 2 डायरेक्टर विशाल फुरिया डायरेक्ट कर रहे हैं। इस मूवी को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू और बांग्ला भाषा में रिलीज किया जाएगा।काजोल की फिल्म 'मां' का पोस्टर सामने आते ही लोगों की एक्साइटमेंट चार गुना बढ़ गई है। यूजर्स इस पोस्टर को काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं, इस पर कमेंट कर यूजर्स अपने रिएक्शन भी देते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'मेरे से इस मास्टरपीस को देखने के लिए इंतजार नहीं हो रहा है।' एक दूसरा लिखता है, 'अजय देवगन के बाद अब शैतान से लड़ेंगी काजोल।' एक ने लिखा, 'ब्लॉकबस्टर है ये फिल्म।' ऐसे कई और कमेंट्स इस पर आ रहे हैं।



# गोविंदा के बेटे यशवर्धन को लगा झटका!

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर इरफान खान के बेटे बाबिल खान इन दिनों लगातार चर्चा में बने हुए हैं। बीते दिनों उनका एक वीडियो सुर्खियों में रहा, जिसमें वो काफी इमोशनल हो और बॉलीवुड के कुछ लोगों का नाम लेते नजर आए थे। इसके बाद, पिछले हफ्ते बाबिल खान ने डायरेक्टर साई राजेश की मूवी 'बेबी' के रीमेक से खुद के बाहर होने की बात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर की थी। राजेश की फिल्म के साथ गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा भी एक्टिंग की दुनिया में अपना कदम रखने जा रहे थे। लेकिन बाबिल के बाहर होते ही यशवर्धन को भी तगड़ा झटका लगा है। आइए जानते हैं कैसे? पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा साई डायरेक्टर राजेश की फिल्म 'बेबी' के रीमेक से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। कथित तौर पर फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए बाबिल खान को कास्ट किया गया था। बाबिल के फिल्म छोड़ने के बाद, निर्माताओं को उनकी जगह किसी और को लाना होगा। कथित तौर पर प्रोडक्शन ने अनिश्चित काल के लिए प्रोजेक्ट को होल्ड पर डाल दिया है। एक सूत्र ने पीपिंगमून को बताया कि इस मूवी में फीमेल लीड की कास्टिंग पर मेकर्स ने लगभग 6 महीने लगा दिए। ऐसे में अब लीड हीरो की कास्ट में फिर समय लगने वाला है। इसी वजह से प्रोडक्शन के काम को रोका गया। फिलहाल इस मूवी पर दोबारा काम शुरू करने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि 'बेबी' के हिंदी रीमेक में बाबिल को आनंद देवरकोंडा की भूमिका निभानी थी।

# जब सुनील शेट्टी ने गैंगस्टर हेमंत पुजारी को सुनाई गालियां

## पिता को जान से मारने की मिली थी धमकी

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी फिल्म 'केसरी वीर' को लेकर सुर्खियों में हैं। बड़े पर्दे पर अब कम ही नजर आने वाले सुनील शेट्टी ने एक पॉडकास्ट में उस दौर की बात की जब उनके नाम का इंडस्ट्री में सिक्का चलता था और वह बॉलीवुड के कुछ सबसे नामचीन सितारों में गिने जाते थे। सुनील शेट्टी ने 90 के दशक के उस दौर की भी बात की, जब बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का अच्छा खासा दखल हुआ करता था और साथ ही साथ अपना खुद का भी एक तजुर्बा बताया कि कैसे उन्होंने गैंगस्टर हेमंत पुजारी को गालियां सुना दी थीं।

सुनील शेट्टी ने इंडस्ट्री में उस दौर की चुनौतियों के बारे में बात करते हुए बताया, ₹शेट्टी उन दिनों मुंबई में बहुत एग्रेसिव हुआ करते थे, ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने बहुत कुछ झेला था। इसीलिए शेट्टियों और अंडरवर्ल्ड के बीच हमेशा ही तनाव रहा करता था। क्योंकि मैं भी एक शेट्टी हूं तो गैंगस्टर्स को लगा कि शायद शेट्टी कम्यूनिटी उन्हें पैसा देगी और वो धमकाएंगे या हमें नुकसान पहुंचाएंगे तो हम उनके आगे झुक जाएंगे।₹ सुनील शेट्टी ने द लल्लनटॉप के साथ बातचीत में बताया, एक बार उन्होंने मुझे कॉल किया और कहा कि जब मेरे पिता सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलेंगे तो वो उन्हें गोली मार देंगे। मैं यह बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसे गालियां सुना दीं, उसकी बोलती बंद कर दी। मैंने उससे कहा कि जितना तू मुझे जानता हैं मैं तुझे उससे ज्यादा जानता हूं। मैंने उससे कहा कि मेरे पास तुझसे ज्यादा पैसा और कनेक्शन्स हैं, इसलिए मुझसे पंगा लेने की कोशिश भी मत करना। क्योंकि पूरी बात रिकॉर्ड हो गई थी, इसलिए बाद में मैं पुलिस के पास चला गया।

